# प्रश्न बैंक-सह-उत्तर पुस्तक

# Question Bank–Cum–Answer Book

2023



Class 8th

## हिन्दी (HINDI)

✓ भाषा मंजरी

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची

Jharkhand Council of Educational Research and Training, Ranchi

# प्रश्न बैंक–सह–उत्तर पुस्तक
# Question Bank-Cum-Answer Book

## Class - 8

# हिन्दी
# Hindi

© JCERT not to be republished

नवोन्मेष शोध नेतृत्व
JCERT

**2023**

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची
Jharkhand Council of Educational Research and Training, Ranchi

प्रथम संस्करण : माह सितम्बर 2023, भाद्रपद विक्रम संवत् 2080

© झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची, झारखण्ड

## सर्वाधिकार सुरक्षित

- प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना इस पुस्तक के किसी भाग को छापना तथा इलेक्ट्रॉनिकी, मशीनी, छायाप्रतिलिपि अथवा किसी अन्य विधि से पुनः प्रयोग द्वारा उसका संग्रहण अथवा प्रसारण वर्जित है।
- प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना यह पुस्तक अपने मूल आवरण या जिल्द के साथ अथवा किसी अन्य प्रकार से व्यापार द्वारा उधारी या किराए पर न दी जाएगी, न बेची जाएगी।
- **क्रय–विक्रय दण्डनीय अपराध**

© JCERT not to be republished

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची, झारखण्ड द्वारा प्रकाशित

# प्राक्कथन

बच्चों के लिए निर्धारित अधिगम प्रतिफल प्राप्त करने का मार्ग सरल एवं सुगम होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची के द्वारा कक्षा 8वीं के सभी विषयों के लिए प्रश्न बैंक–सह–उत्तर पुस्तक का निर्माण किया गया है। यह पुस्तक बच्चों के अधिगम कौशल को सुगमतापूर्वक विकसित करने एवं झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा आयोजित कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए उन्हें तैयार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस प्रश्न बैंक–सह–उत्तर पुस्तक में रुचिकर ढंग से सरल भाषा का प्रयोग करते हुए विषय–वस्तु को समझने के लिए प्रश्नोत्तर दिए गए हैं। इस प्रश्न बैंक–सह–उत्तर पुस्तक के माध्यम से बच्चों में न केवल ज्ञानजन्य प्रतिभा का विकास होगा बल्कि विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए भी वे अपने आप को तैयार कर पायेंगे। हमारे प्रयत्न की सफलता इस बात पर भी निर्भर करती है कि विद्यालय के शिक्षकवृन्द बच्चों की कल्पनाओं के साथ कितना जुड़ पाते हैं और विभिन्न प्रकार के प्रश्नोत्तरों को सीखने–सिखाने के दौरान अपने अनुभवों के साथ–साथ बच्चों के विचारों के साथ कैसे सामंजस्य बनाते हैं ।

इस प्रश्न बैंक–सह–उत्तर पुस्तक में झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा आयोजित कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षा में पूछे जाने वाले बहुविकल्पीय प्रश्नों के अतिरिक्त विविध प्रकार के प्रश्नोत्तर पर्याप्त मात्रा में समाहित किए गए हैं ताकि इसके अध्ययन से छात्रों में ना केवल विषय–वस्तु की समझ विकसित हो बल्कि उन्हें सीखने के प्रतिफल की भी प्राप्ति हो, साथ ही कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए उनकी अच्छी तैयारी हो सके और वे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त कर सकें।

अंत में मैं इन पुस्तक के लेखकों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ ।

शुभकामनाओं के साथ ।

**के० रवि कुमार** भा.प्र.से.
सचिव
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड

© JCERT not to be republished

# भूमिका

**प्रिय शिक्षक एवं विद्यार्थी,**

**जोहार !**

हमें कक्षा 8वीं के विभिन्न विषयों के प्रश्न बैंक–सह–उत्तर पुस्तक से आपका परिचय कराने में प्रसन्नता हो रही है। इस प्रश्न बैंक–सह–उत्तर पुस्तक में झारखण्ड शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के विषयवार एवं अध्यायवार अधिगम बिन्दुओं को समायोजित करते हुए झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा आयोजित कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षा में पूछे जाने वाले बहुविकल्पीय प्रश्नों के अतिरिक्त विविध प्रकार के प्रश्नोत्तर का पर्याप्त मात्रा में समावेश किया गया है। इस विषय आधारित प्रश्न बैंक–सह–उत्तर पुस्तक के निर्माण का उद्देश्य शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को और अधिक रुचिकर, सरल एवं प्रभावशाली बनाना तथा विद्यार्थियों को कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारियों में सहयोग प्रदान करना है, जिससे सकारात्मक रूप से छात्रों को सीखने के प्रतिफल प्राप्त हों और बोर्ड परीक्षा में वे बेहतर प्रदर्शन कर सकें। राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित अनुभवी शिक्षकों के द्वारा इस प्रश्न बैंक–सह–उत्तर पुस्तक का निर्माण किया गया है।

इस प्रश्न बैंक–सह–उत्तर पुस्तक की प्रमुख विशेषताएँ यह है कि इनमें प्रश्नों के उत्तर को सरल भाषा में प्रस्तुत करते हुए वैचारिक समझ (Conceptual Understanding) विकसित करने पर जोर दिया गया है। साथ ही इन पुस्तकों में झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा आयोजित कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षा– 2023 के प्रश्नोत्तर को भी समाहित किया गया है। इन पुस्तकों के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार आएगा बल्कि वर्तमान समय के प्रतियोगिताओं के इस दौर में वे अनुकूल एवं अपेक्षित सफलता प्राप्त करने में भी सक्षम हो सकेंगे। आशा है कि यह प्रश्न बैंक–सह–उत्तर पुस्तक आपको पसंद आएगी एवं आपके लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

शुभकामनाओं के साथ।

**किरण कुमारी पासी** भा.प्र.से.
निदेशक
झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्
राँची, झारखण्ड

© JCERT not to be republished

## पाठकों से अनुरोध

इस प्रश्न बैंक–सह–उत्तर पुस्तक के निर्माण में काफी सावधानियाँ बरती गई है। इसके बावजूद यदि किसी प्रकार की अशुद्धियाँ मिले या कोई सुझाव हो तो इस email ID :- jcertquestionbank@gmail.com पर सूचित करें, ताकि अगले मुद्रण में इसे शुद्ध रूप से प्रस्तुत किया जा सके।

© JCERT not to be republished

# प्रश्न बैंक–सह–उत्तर पुस्तक निर्माण समिति

## मुख्य संरक्षक

**श्री के० रवि कुमार** (भा.प्र.से.)
सचिव
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड

## संरक्षक

**श्रीमती किरण कुमारी पासी** (भा.प्र.से.)
निदेशक
झारखण्ड शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची

## अवधारणा एवं मार्गदर्शन

| | | |
|---|---|---|
| **श्री महीप कुमार सिंह**<br>उपनिदेशक (अ.)<br>झारखण्ड शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची | **श्री बाँके बिहारी सिंह**<br>सहायक निदेशक (अ.)<br>झारखण्ड शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची | **श्री मसुदी टुडू**<br>सहायक निदेशक (अ.)<br>झारखण्ड शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची |

## समन्वय एवं निर्देशन

**डॉ0 नीलम रानी**
संकाय सदस्य, जे.सी.ई.आर.टी., राँची
(टी.जी.टी., सामाजिक विज्ञान, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय पैतानो, जलडेगा, सिमडेगा)

## सह–समन्वयक

**रिंकू कुमारी**
संकाय सदस्य, जे.सी.ई.आर.टी., राँची
(टी.जी.टी. विज्ञान, मध्य विद्यालय, बचरा, टंडवा, चतरा)

© JCERT not to be republished

# प्रश्न बैंक निर्माण कार्य समिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| डॉ. निरूपमा कुमारी | TGT (हिन्दी) | – | डिस्ट्रिक्ट रामरूद्र सी.एम. एस.ओ.ई. चास, बोकारो |
| अनिता कुमारी | TGT (हिन्दी) | – | राजकीयकृत जनता उच्च विद्यालय, बेड़ो, राँची |
| प्रतिमा कुमारी राय | TGT (हिन्दी) | – | उत्क्रमित उच्च विद्यालय सुगदा, इटकी, राँची |
| पंकज कुमार पाठक | TGT (हिन्दी) | – | राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, उरूगुटु काँके, राँची |
| उषा बाखला | TGT (हिन्दी) | – | +2 उच्च विद्यालय खण्डामौदा, बहरागोड़ा, पूर्वी सिंहभूम |
| खुशबू कुमारी | TGT (हिन्दी) | – | एस.एस. उच्च विद्यालय, चिलदाग, राँची |
| डॉ. संध्या कुमारी | TGT (हिन्दी) | – | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, चोरेया, चान्हो, राँची |
| सरिता कुमारी | TGT (हिन्दी) | – | उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौरा पटमदा, पू0 सिंहभूम |
| जयन्त कुमार | TGT (हिन्दी) | – | रा. मध्य विद्यालय, सालसूद, सोनाहातु, राँची |

© JCERT not to be republished

© JCERT
not to be republished

# विषय - सूची


| पाठ संख्या | पाठ का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| पाठ – 1. | पुष्प की अभिलाषा | 1–4 |
| पाठ – 2. | छोटा जादूगर | 5–9 |
| पाठ – 3. | मित्रता | 10–11 |
| पाठ – 4. | पथ की पहचान | 12–13 |
| पाठ – 5. | बड़े भाई – साहब | 14–16 |
| पाठ – 6. | अशोक का शस्त्र त्याग | 17–19 |
| पाठ – 7. | डायन : एक अंधविश्वास | 20–23 |
| पाठ – 8. | अमरूद का पेड़ | 24–27 |
| पाठ – 9. | क्या निराश हुआ जाए | 28–31 |
| पाठ – 10. | राम का भरत को संदेश | 32–34 |
| पाठ – 11. | झारखण्ड के दो सपूत | 35–37 |
| पाठ – 12. | बस की यात्रा | 38–40 |
| पाठ – 13. | हुंडरू का जलप्रपात | 41–43 |
| पाठ – 14. | बूढ़ी पृथ्वी का दुख (कविता) | 44–47 |
| पाठ – 15. | गुरु–शिष्य (संस्मरण) | 48–51 |
| पाठ – 16. | अपराजिता | 52–54 |
| पाठ – 17. | पन्ना–पन्ना बोलता है | 55–56 |
| पाठ – 18. | तालाब बाँधता धरम सुभाव | 57–59 |
| | JAC बोर्ड परीक्षा प्रश्नोत्तर – 2020 | 60–61 |
| | JAC बोर्ड परीक्षा प्रश्नोत्तर – 2022 | 62–64 |
| | JAC बोर्ड परीक्षा प्रश्नोत्तर – 2023 | 65–67 |
| | JAC बोर्ड स्पेशल परीक्षा प्रश्नोत्तर – 2023 | 68–70 |


© JCERT not to be republished

© NCERT
not to be republished

# पाठ - 1 | पुष्प की अभिलाषा

कवि- माखनलाल चतुर्वेदी

**बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर**
**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प को चुने:-**

**1. 'पुष्प की अभिलाषा' शीर्षक कविता के कवि हैं-**
(A) माखनलाल चतुर्वेदी (B) जयशंकर प्रसाद
(C) निर्मला पुतुल (D) सुमित्रानंदन पंत

**2. 'पुष्प की अभिलाषा' शीर्षक कविता में पुष्प किस के प्रति समर्पित है?**
(A) मातृभूमि और वीरों के प्रति
(B) किसान के प्रति
(C) देवी देवता के प्रति
(D) सुरबाला के प्रति

**3. 'पुष्प' क्या नहीं चाहता है?**
(A) काटा जाऊँ
(B) देवता के सिर पर चढ़ाया जाऊँ
(C) जलाया जाऊँ
(D) फेंका जाऊँ

**4. 'सुरबाला' का समानार्थी शब्द निम्न में से क्या होगा?**
(A) असुर सुंदरी (B) मीठा गाने वाली
(C) देवकन्या (D) असुर माया

**5. 'पुष्प की अभिलाषा' किस प्रकार की रचना है?**
(A) देश प्रेम (B) भक्ति
(C) श्रृंगार (D) हास्य

**6. 'पुष्प की अभिलाषा' कविता में पुष्प की क्या इच्छा है?**
(A) मातृभूमि के वीर सपूतों के पथ पर बिछना
(B) मातृभूमि के लिए अपमान
(C) जन्म भूमि की लालसा
(D) देवों को चढ़ाया जाना

**7. देवकन्या के गहनों में कौन गूंथना नहीं चाहता?**
(A) तारे (B) कांटे
(C) चाँद (C) पुष्प

**8. प्रेमिका को कौन ललचाना नहीं चाहता?**
(A) प्रेमी (B) पुष्प
(C) ईश्वर (D) असुर

**9. मातृभूमि पर शीश चढ़ाने का क्या अर्थ है?**
(A) माता की याद (B) देश के लिए कुर्बान होना
(C) मातृ-सेवा (D) पितृ-सेवा

**10. भाषा-मंजरी पाठ्यपुस्तक में माखनलाल चतुर्वेदी द्वारा रचित पाठ का नाम क्या है?**
(A) पुष्प की अभिलाषा (B) छोटा जादूगर
(C) पथ की पहचान (D) डायन

**11. 'वनमाली' का क्या अर्थ होता है?**
(A) वन का माली (B) खेती करने वाला
(C) माला गूंथने वाला (D) वन में रहने वाला

**12. 'चाह नहीं सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ' यह पंक्ति किस कविता से ली गई है?**
(A) मित्रता (B) छोटा जादूगर
(C) पथ की पहचान (D) पुष्प की अभिलाषा

**13. 'पुष्प की अभिलाषा' हिंदी साहित्य की कौन सी विधा है?**
(A) कविता (B) कहानी
(C) निबंध (D) व्यंग्य

**14. निम्नलिखित में से 'पुष्प' का पर्यायवाची शब्द है?**
(A) माला (B) सुमन
(C) रेखा (D) महक

**15. पुष्प का पर्यायवाची शब्द नहीं होगा?**
(A) सुमन (B) कुसुम
(C) फूल (D) शहद

**16. "मुझे तोड़ लेना वनमाली उस ..............पर देना फेंक" रिक्त स्थान भरें!**
(A) जंगल (B) पथ
(C) घर (D) मातृभूमि

**17. "मातृभूमि पर .............चढ़ाने जिस पथ जाएँ वीर अनेक" रिक्त स्थान की पूर्ति करें!**
(A) शीश (B) फूल
(C) जल (D) फल

**18. अभिलाषा का समानार्थी शब्द है-**
(A) कामना (B) अरुचि
(C) गुस्सा (D) घृणा

**19. 'अभिलाषा' का पर्यायवाची शब्द नहीं होगा-**
(A) लालसा (B) चाह
(C) आकांक्षा (D) अभिमान

**20. "चाह नहीं सम्राटों के शव पर हे हरि डाला जाऊँ" पंक्ति किस कविता की है?**
(A) पुष्प की इच्छा (B) पुष्प की अभिलाषा
(C) पुष्प की कामना (D) पुष्प की चाह

**21. 'शीश' का तद्भव रूप क्या होगा?**
(A) सिर (B) शीशा
(C) शील (D) सींग

**22. 'वनमाली' में प्रयुक्त समास कौन सा है?**
(A) तत्पुरुष समास (B) द्वंद्व समास
(C) द्विगु समास (D) अव्ययीभाव समास

© JCERT not to be republished

**23. 'वनमाली' का समास विग्रह निम्नलिखित में कौन सा होगा?**

(A) वन में माली (B) वन का माली
(C) वन से माली (D) वन पर माली

**24. 'फूल' किस के सिर पर चढ़कर इठलाना नहीं चाहता?**

(A) सम्राट के सर पर (B) प्रेमिका के सर पर
(C) देवों के सर पर (D) लोगों के सर पर

**25. पुष्प अपनी अभिलाषा किसे बता रहा है?**

(A) देवों को (B) सम्राट को
(C) वनमाली को (D) प्रेमिका को

**26. पुष्प की अभिलाषा क्या है?**

(A) देवों के सिर पर चढ़ाया जाए
(B) प्यारी को रिझाना
(C) गहनों में गूंथा जाय
(D) मातृभूमि के वीर सपूतों के पथ पर बिछ जाना।

**27. सही वर्तनी की पहचान करें !**

(A) मात्रभूमि (B) मात्रीभूमि
(C) मातृभूमि (D) मातृभुमि

**28. सुरबाला का अर्थ है ?**

(A) सुरीली बाला (B) अप्सरा
(C) सुंदर बाला (D) सुंदर बालों वाली

**29. जैसे फलों का राजा आम, जंगल का राजा शेर ,उसी तरह फूलों का राजा?**

(A) जूही (B) गुलाब
(C) रातरानी (D) बेला

**30. 'मुझे तोड़ लेना वनमाली' वाक्य में 'मुझे' कौन सा सर्वनाम है?**

(A) पुरुष वाचक (उत्तम पुरुषवाचक )
(B) मध्य पुरुषवाचक
(C) अन्य पुरुषवाचक
(D) कोई नहीं

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

1. (A) माखनलाल चतुर्वेदी
2. (A) मातृभूमि और वीर
3. (B) देवता के सिर पर चढ़ाया जाऊं
4. (C) देवकन्या
5. (A) देश प्रेम
6. (A) मातृभूमि के वीर सपूतों के पथ पर बिछना
7. (D) पुष्प
8. (B) पुष्प
9. (B) देश के लिए कुर्बान होना
10. (A) देश प्रेम
11. (A) वन का माली
12. (D) पुष्प की अभिलाषा
13. (A) कविता
14. (B) सुमन
15. (D) शहद
16. (B) पथ
17. (A) शीश
18. (A) कामना
19. (D) अभिमान
20. (B) पुष्प की अभिलाषा
21. (A) सिर
22. (A) तत्पुरुष समास
23. (B) वन का माली
24. (C) देवों के
25. (C) वनमाली को
26. (D) जिस पथ पर वीर जाते हैं उसे उसी रास्ते तोड़ कर फेंक दिया जाए!
27. (C) मातृभूमि
28. (B) अप्सरा
29. (B) गुलाब
30. (A) पुरुष वाचक (उत्तम पुरुषवाचक)

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न उत्तर
## रिक्त स्थानों की पूर्ति करें

**1. चाह नहीं मैं**

**(क)................................के,**

**(ख)................ में गूँथा जाऊँ !**

**चाह नहीं प्रेमी**

**(ग).............................. में, बिंध**

**(घ)............................... को**

**(ड़) .............................. !**

उत्तर (क) सुरबाला (ख) गहनों (ग) माला (घ) प्यारी (ड़) ललचाऊँ

**2. चाह नहीं समाटों के(क) ..............पर हे (ख) ...............! डाला जाऊँ चाह नहीं (ग)..............के सिर पर (घ) ................ (ड़) ....................पर इठलाऊँ!**

उत्तर (क) शव (ख) हरि (ग) देवों (घ) चढ़ूँ (ड़) भाग्य

**(3) मुझे तोड़ लेना (क)............., उस (ख).............पर देना तुम फेंक ! (ग).............. पर शीश चढ़ाने, जिस (घ) ................ जाएँ वीर (ड़) .................. !**

उत्तर (क) वनमाली (ख) पथ (ग) मातृभूमि (घ) पथ (ड़) अनेक

© JCERT not to be republished

## नीचे दिए गए पंक्तियों में खंड-क से खंड-ख का सही मिलान करें-:

| खंड क | खंड ख |
|---|---|
| 1 सुरबाला के | 1 प्यारी को ललचाऊँ |
| 2 सम्राटों के शव पर | 2 भाग्य पर इठलाऊँ |
| 3 देवों के सिर पर चढ़ूँ | 3 जिस पथ जाएं वीर अनेक |
| 4 मातृभूमि पर शीश चढ़ाने | 4 गहनों में गूँथा जाऊँ |
| 5 प्रेमी माला में विंध् | 5 डाला जाऊँ |

उत्तर

1 सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ!
2 सम्राटों के शव पर डाला जाऊँ!
3 देवों के सिर पर चढ़ूँ, भाग्य पर इठलाऊँ!
4 मातृभूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जाएं वीर अनेक!
5 प्रेमी माला में बिंध प्यारी को ललचाऊँ!

## नीचे दिए गए वाक्यों में सही (√)या गलत(×) का निशान लगाए!

**1. पुष्प की अभिलाषा कविता में वनमाली की इच्छा व्यक्त की गई है ( )**

**2. पुष्प की इच्छा सुरबाला के गहनों में गूँथे जाने की नहीं है ( )**

**3 देवों के सर पर चढ़कर पुष्प अपने भाग्य पर इठलाना चाहता है ( )**

**4 मातृभूमि के वीर सपूतों के पथ पर बिछ जाना ही उसकी अंतिम अभिलाषा है ( )**

**5 पुष्प सम्राटों के शव पर डाला जाना चाहता है ( )**

उत्तर 1 (×) 2 (√)
3 (×) 4 (√)
5 (×)

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दें-:

**1. 'पुष्प की अभिलाषा' कविता में पुष्प की क्या अभिलाषा हैं?**

उत्तर 'पुष्प की अभिलाषा' कविता में पुष्प की अभिलाषा मातृभूमि के वीर सपूतों के पथ पर बिछ जाने की है!

**2 मातृभूमि पर शीश चढ़ाने का क्या अर्थ है?**

उत्तर अपने देश के लिए कुर्बान होना!

**3 पुष्प किसके गहनों में गूँथना नहीं चाहता?**

उत्तर सुरबाला के गहनों में!

**4 वनमाली का समास विग्रह करे!**

उत्तर वन का माली!

**5 अभिलाषा का विलोम शब्द क्या होगा?**

उत्तर अरुचि, द्वेष, नापसंदगी!

**6 पुष्प की अभिलाषा किस प्रकार की कविता है?**

उत्तर देशप्रेम से संबंधित है!

**7 किसके सिर पर चढ़कर भी पुष्प को इठलाने की इच्छा नहीं है?**

उत्तर देवों के सिर पर !

**8 सुरबाला का पर्यायवाची शब्द क्या होगा?**

उत्तर अप्सरा, देवबाला, सुरसुंदरी!

**9 सुर का विलोम शब्द क्या है?**

उत्तर असुर, राक्षस!

**10 निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाएँ- भाग्य ,माला, मातृभूमि!**

भाग्य- सबका भाग्य ईश्वर ने रचा है!

माला- मोतियों की माला सुंदर है!

मातृभूमि- मातृभूमि की रक्षा हेतु मैं सदैव तत्पर हूँ!

## लघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1 नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें:-**

**मुझे तोड़ लेना वनमाली, उस पथ पर देना तुम फेंक!**
**मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पथ जाएँ वीर अनेक!**

**प्रश्न(1) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता की है एवं कवि का नाम क्या है?**

उत्तर प्रस्तुत पंक्तियाँ 'पुष्प की अभिलाषा' कविता की है एवं इसके कवि का नाम 'माखनलाल चतुर्वेदी' है!

**प्रश्न(2) मातृभूमि से आप क्या समझते हैं?**

उत्तर मातृभूमि अर्थात हमारी जन्मभूमि जो जीवन भर एक माँ की तरह हमारा पालन-पोषण करती है!

**प्रश्न(3) कविता में पुष्प ने अपनी कौन सी अभिलाषा व्यक्त की है!**

उत्तर पुष्प की अभिलाषा उस पथ पर बिछ जाने की है जिस पथ से होकर वीर गुजरते हैं।

**प्रश्न(4) पुष्प वनमाली से क्या कह रहा है?**

उत्तर पुष्प वनमाली से कहता है कि मुझे तोड़कर उस पथ पर फेंक देना जहाँ से मातृभूमि की रक्षा करने वाले अनेक वीर गुजरते हैं!

**प्रश्न(5) प्रस्तुत पंक्तियों के भावार्थ स्पष्ट करें?**

उत्तर प्रस्तुत पंक्तियाँ माखनलाल चतुर्वेदी द्वारा रचित पुष्प की अभिलाषा कविता से ली गई है पुष्प की अभिलाषा व्यक्त करते हुए वनमाली से कहता है कि मुझे तोड़ लेना और उस रास्ते पर फेंक देना जिस रास्ते से होकर मातृभूमि पर शीश चढ़ाने वाले अर्थात प्राण न्योछावर करने वाले वीर जाते हैं!

**नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें-**

**चाह नहीं सम्राटों के शव पर,**

**हे हरि ! डाला जाऊँ!**

**चाह नहीं देवों के सिर पर,**

**चढ़ूँ भाग्य पर इठलाऊँ!**

© JCERT not to be republished

**प्रश्न(6) कवि एवं कविता का नाम लिखें!**

उत्तर कवि का नाम 'माखनलाल चतुर्वेदी' एवं कविता का नाम 'पुष्प की अभिलाषा है'!

**प्रश्न(7) पुष्प अपनी राष्ट्रीय भावना किस प्रकार व्यक्त करना चाहता है?**

उत्तर वीरों के मार्ग में गिरकर (पड़े रहते हुए) अपने राष्ट्रीय भावना को व्यक्त करना चाहता है!

**प्रश्न(8) देवों के सिर पर चढ़कर अपने भाग्य पर इठलाने से क्यों बचना चाहता है?**

उत्तर देवों के सिर पर चढ़कर अपने भाग्य पर इठलाने से बचना चाहता है क्योंकि सर पर चढ़कर गर्व करने के उपरांत होने वाले घमंड रूपी दुर्गुण से बचना चाहता है!

**प्रश्न(9) उपरोक्त पंक्तियों के भावार्थ स्पष्ट करें!**

उत्तर उपरोक्त पंक्तियाँ 'माखनलाल चतुर्वेदी' द्वारा रचित 'पुष्प की अभिलाषा की है' पुष्प ईश्वर से विनती करते हुए कहता है कि हे प्रभु, मेरी अभिलाषा सम्राटों के मृत शरीर पर डाले जाने की नहीं है और देवताओं के सिर पर चढ़कर अपने को भाग्यशाली माने ऐसी भी मेरी अभिलाषा नहीं है ।

**प्रश्न(10) प्रस्तुत पंक्तियों के आधार पर बताइए कि पुष्प को किन-किन चीजों की चाह नहीं है?**

उत्तर पुष्प मृत सम्राटों के शव पर डाला जाना नहीं चाहता ना ही देवों के सिर पर चढ़कर अपने भाग्य पर इठलाना चाहता है ।

## प्रश्नों के उत्तर दें:-

**प्रश्न(11) "फूल अपनी इच्छा प्रकट करते हुए कहता है कि मेरी इच्छा देव कन्याओं के गहनों में गुँथें जाने की नहीं है ना ही मेरी इच्छा वरमाला में पिरो कर दुल्हन को ललचाने की है" प्रस्तुत भाव जिन पंक्तियों से अभिव्यक्त होती है उन पंक्तियों को लिखें।**

उत्तर चाह नहीं मैं सुरबाला के, गहनों में गूँथा जाऊँ । चाह नहीं प्रेमी माला में बिंध, प्यारी को ललचाऊँ ।

**प्रश्न(12) जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी किस प्रकार महान है?**

उत्तर जननी और जन्म भूमि का स्थान स्वर्ग से भी महान है वेद पुराण और धर्म ग्रंथ दोनों ही महिमा का बखान करते हैं माता का दुलार और वात्सल्य अतुलनीय है इसी प्रकार जन्मभूमि की महत्ता हमारे समस्त भौतिक सुखों से कहीं अधिक है।

**प्रश्न(13) पुष्प की अभिलाषा कविता का उद्देश्य क्या है?**

उत्तर कविता के माध्यम से कवि ने देश के प्रति समर्पित होने का संदेश दिया है उस के माध्यम से कवि ने प्रेरणा दी है कि हमें अपने देश के लिए त्याग और बलिदान करने से पीछे नहीं रहना चाहिए!

**प्रश्न(14) कविता में पुष्प किन-किन चीजों की चाह नहीं करता?**

उत्तर पुष्प सुरबाला के गहनों में गूँथा जाना नहीं चाहता । वह प्रेमी की माला में भी बिंधना नहीं चाहता । पुष्प मृत सम्राटों के शव पर भी डाला जाना नहीं चाहता ना ही देवों के सिर पर चढ़कर इठलाना चाहता है!

**प्रश्न(15) मातृभूमि की रक्षा के लिए आप क्या -क्या करना चाहेंगे?**

उत्तर मातृभूमि की रक्षा के लिए हम मन, कर्म एवं वचन से राष्ट्र हित के कार्य करेंगे राष्ट्र के जो भी संसाधन है चाहे प्राकृतिक हो अथवा कृतिम सभी का उचित ध्यान रखेंगे।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें**

**प्रश्न(1) पुष्प की अभिलाषा कविता का भावार्थ अपने शब्दों में लिखें!**

उत्तर संकेत बिंदु :-

- पुष्प की क्या इच्छा नहीं है?
- पुष्प की क्या इच्छा है?
- देशभक्ति की भावना!
- मातृभूमि की सेवा करने के लिए प्रेरित करना।
- वनमाली से अभिलाषा व्यक्त करना ।

**प्रश्न(2) मातृभूमि की सेवा के लिए क्या-क्या करना चाहेंगे?**

उत्तर संकेत बिंदु :-

- स्वच्छता की प्रेरणा
- पर्यावरण को प्रदूषण से बचाना
- समाज के जरूरतमंदों की सेवा
- प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कम करना
- अपने कर्तव्य और अधिकारों का उचित उपयोग।

**प्रश्न(3) इस कविता में पुष्प ने मातृभूमि पर शीश चढ़ाने वाले वीरों को सर्वोच्च सम्मान दिया है आपकी नजर में इनके अतिरिक्त कौन-कौन से लोग सम्मान के योग्य हैं?**

उत्तर संकेत बिंदु :-

- डॉक्टर
- किसान
- शिक्षक
- इंजीनियर
- मजदूर ।

**प्रश्न(4) देशवासियों की सुरक्षा और आराम के लिए देश के सैनिक कौन-कौन सी कठिनाइयाँ और कष्ट झेलते हैं?**

उत्तर संकेत बिंदु:-

- प्राकृतिक प्रकोप
- परिवार से दूर रहने की मजबूरी
- सीमा पार के दुश्मनों का डर
- जान का खतरा
- भोजन नींद और आराम का त्याग
- पर्व त्योहारों की मस्तियों का त्याग ।



© JCERT not to be republished

# पाठ - 2 छोटा जादूगर

लेखक- जयशंकर प्रसाद

**बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर**
**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प को चुने**

**प्रश्न1 छोटा जादूगर कहानी के रचनाकार कौन है?**
(A) माखनलाल चतुर्वेदी (B) प्रेमचंद
(C) जयशंकर प्रसाद (D) ज्ञानरंजन

**प्रश्न2 छोटा जादूगर हिंदी साहित्य की कौन सी विधा है?**
(A) कहानी (B) कविता
(C) निबंध (D) व्यंग्य

**प्रश्न3 बिजली कहाँ जगमगा रही थी?**
(A) जादूगर के घर में (B) सड़क पर
(C) कार्निवाल के मैदान में (D) प्लेटफार्म में

**प्रश्न4 लेखक किस की ओर आकर्षित हुआ?**
(A) जनसमूह (B) छोटा जादूगर
(C) भीड़ (D) खिलौने वाले की ओर

**प्रश्न5 छोटा जादूगर के पिता कहाँ थे?**
(A) गांव में (B) विदेश में
(C) जेल में (D) पागलखाने में

**प्रश्न6 किस के मुँह पर तिरस्कार की हँसी फूट पड़ी?**
(A) लेखक के मुँह पर
(B) छोटा जादूगर के मुँह पर
(C) खिलौने वाले के मुँह पर
(D) दुकान वाले के मुँह पर ।

**प्रश्न7 छोटा जादूगर की उम्र लगभग कितनी थी?**
(A) 13- 14 साल (B) 10-11 साल
(C) 17-18 साल (D) 20- 22 साल

**प्रश्न8 छोटा जादूगर पैसे का क्या करता?**
(A) झूला झूलता
(B) शरबत पीता
(C) खाना खाता
(D) माँ के लिए पथ्य खरीदता।

**प्रश्न9 भालू क्या करने लगा?**
(A) गाने लगा (B) नाचने लगा
(C) मनाने लगा (D) चिढ़ाने लगा

**प्रश्न10 लेखक मोटर गाड़ी से कहाँ जा रहे थे?**
(A) दिल्ली (A) हावड़ा
(C) चेन्नई (D) पुणे

**प्रश्न11 लेखक की पत्नी ने छोटे जादूगर को कितने रुपए दिए?**
(A) एक (B) दो
(C) चार (D) पांच

**प्रश्न12 लेखक ने छोटे जादूगर को निशाना लगाने के लिए कितने टिकट खरीद कर दिए?**
(A) 10 टिकट (B) 11 टिकट
(C) 12 टिकट (D) 13 टिकट

**प्रश्न13 कहानी का संबंध किस शहर से है ?**
(A) कोलकाता (B) मेरठ
(C) दिल्ली (D) मद्रास

**प्रश्न14 छोटा जादूगर का पिता जेल में क्यों था ?**
(A) देश के लिए (B) चोरी के कारण
(C) डकैती के कारण (D) जेल का कर्मचारी था

**प्रश्न15 छोटा जादूगर ने लेखक मंडली को तमाशा कहाँ दिखाया?**
(A) लेखक के घर में
(B) कोलकाता के बॉटनिकल उद्यान में
(C) विद्यालय में
(D) अपने घर के सामने ।

**प्रश्न16 पथ्य का क्या अर्थ होता है?**
(A) रोगी के लिए दवाइयाँ (B) कपड़े
(C) शरबत (D) खिलौने

**प्रश्न17 "मुझे शरबत ना पिलाकर आपने मेरा खेल देखकर मुझे कुछ दे दिया होता तो मुझे अधिक प्रसन्नता होती"। इस कथन से छोटे जादूगर के व्यक्तित्व के किस पहलू का पता चलता है?**
(A) माँ के प्रति कर्तव्य निर्वाह का
(B) याचना की प्रवृत्ति का
(C) स्वार्थीपन का
(D) खाने-पीने की प्रवृत्ति का

**प्रश्न18' बाबूजी जेल में है 'यह बातें बताते हुए छोटा जादूगर की कौन सी भावना व्यक्त हो रही थी?**
(A) विषाद (B) निराशा
(C) क्रोध (D) गर्व

**प्रश्न19 छोटा जादूगर पर्दे के पीछे क्यों नहीं गया?**
(A) पर्दे के पीछे जाने के टिकट लगते हैं
(B) बच्चों को जाने की मनाही थी
(C) वहाँ बहुत भीड़ थी
(D) वहाँ अंधेरा था ।

**प्रश्न20 छोटे जादूगर ने कितने खिलौनों पर गेंद से निशाना लगाया ?**
(A) 10 (B) 11
(C) 12 (D) 13

© JCERT not to be republished

**प्रश्न21 लेखक ने छोटे जादूगर की झोपड़ी में दूसरी बार क्या देखा ?**

(A) जादूगर के पिता को
(B) जादूगर की माँ का प्राणान्त होते देखा
(C) जादूगर का जादू देखा
(D) जादूगर के भाई को देखा ।

**प्रश्न22 गरीबी और आवश्यकताओं ने बालक को क्या बना दिया था?**

(A) चतुर (B) चोर
(C) मासूम (D) कमजोर

**प्रश्न23 संध्या के समय का वातावरण कैसा था?**

(A) शांत था (B) तूफानी था
(C) वर्षा का (D) शीत लहरी का था

**प्रश्न24 बनावटी जंगल में संध्या ..............करने लगी|**

(A) साँय साँय (B) हाय बाय
(C) बाय बाय (D) जाए जाए

**प्रश्न25 'तिरस्कार' का अर्थ क्या है ?**

(A) अपमान (B) सम्मान
(C) द्वेष (D) सत्कार

**प्रश्न26 'जो किसी काम का ना हो' उसे क्या कहते हैं?**

(A) उपयोगी (B) निकम्मा
(C) अकर्म (C) कर्मठ

**प्रश्न27 बच्चे ने झूले में बैठे-बैठे लेखक को किस नाम से पुकारा?**

(A) भैया जी (B) बाबू जी
(C) अंकल जी (D) साहब जी

**प्रश्न28 बॉटनिकल उद्यान कहाँ स्थित है?**

(A) दिल्ली (B) कोलकाता
(B) पुणे (D) चेन्नई

**प्रश्न29 'रुकावट 'शब्द में प्रत्यय चिन्हित करें?**

(A) रुक (B) रुका
(C) आवट (D) कावट

**प्रश्न30 छोटा जादूगर किस प्रकार की कहानी है?**

(A) मातृप्रधान (B) चरित्रप्रधान
(C) नारी शक्तिप्रधान (D) देशभक्ति प्रधान

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

1. (C) जयशंकर प्रसाद
2. (A) कहानी
3. (C) कार्निवाल के मैदान में
4. (B) छोटा जादूगर
5. (C) जेल में
6. (B) छोटा जादूगर के मुँह पर
7. (A) 13-14 साल
8. (D) माँ के लिए पथ्य खरीदता
9. (C) मनाने लगा
10. (B) हावड़ा
11. (A) एक रूपये
12. (C) 12 टिकट
13. (A) कोलकाता
14. (A) देश के लिए
15. (B) कोलकाता के बॉटनिकल उद्यान में
16. (A) रोगी के लिए दवाइयाँ
17. (A) माँ के प्रति कर्तव्य निर्वाह का
18. (D) गर्व
19. (A) पर्दे के पीछे जाने की टिकट लगते हैं
20. (C) 12
21. (B) जादूगर की माँ का प्राणान्त होते देखा
22. (A) चतुर
23. (A) शांत
24. (A) साँय साँय
25. (A) अपमान
26. (B) निकम्मा
27. (B) बाबूजी
28. (B) कोलकाता
29. (C) आवट
30. (C) चरित्र प्रधान

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर
## प्रश्न- रिक्त स्थानों की पूर्ति करें:-

**(क) कार्निवाल के ..................में बिजली जगमगा रहे थे!**
**(ख) तमाशा देखने नहीं................... निकला हूँ !**
**(ग) बालक को आवश्यकता ने कितना शीघ्र .............बना दिया !**
**(घ) श्रीमती जी ने जादूगर को................. रुपए दे दिए!**
**(ड़) बनावटी जंगल में संध्या................. करने लगी!**

उत्तर (1) मैदान (2) दिखाने
(3) चतुर (4) एक
(5) साँय साँय

## प्रश्न-किसने किससे कहा?

**1 तमाशा देखने नहीं दिखाने निकला हूँ !**
उत्तर छोटे जादूगर ने लेखक से कहा !

**2 दिखलाओ जी, तुम तो अच्छे आए भला कुछ मन तो बहले !**
उत्तर लेखक की पत्नी ने छोटे जादूगर से कहा!

**3 छोटा जादूगर कहिए, यही मेरा नाम है इसी से मेरी जीविका है !**
उत्तर बच्चे ने लेखक से कहा !

© JCERT not to be republished

**4 आज तुम्हारा खेल जमा क्यों नहीं ?**

उत्तर लेखक ने छोटा जादूगर से कहा !

**5 पहले भरपेट खा लूँगा फिर एक सूती कंबल लूँगा !**

उत्तर छोटा जादूगर ने लेखक की पत्नी से कहा!

## प्रश्न नीचे दिए गए वाक्यों में सही (√) अथवा गलत (×) का निशान लगाएं:-

1. **छोटा जादूगर के बाबूजी जेल में थे! ( )**
2. **लेखक की पत्नी के कहने पर भी छोटा जादूगर ने खेल दिखाने से मना कर दिया! ( )**
2. **छोटा जादूगर का खेल देख सभी हँसते-हँसते लोटपोट हो गए ! ( )**
3. **वातावरण में उथल-पुथल मची थी ! ( )**
4. **श्रीमती की वाणी में माँ की सी मिठास थी! ( )**

उत्तर 1 (√) 2 (×)

3 (√) 4 (×)

5 (√)

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दें:

**1. 'नौ दो ग्यारह हो जाना 'मुहावरे का अर्थ वाक्य द्वारा स्पष्ट करें ।**

उत्तर लेखक को छोड़कर छोटा जादूगर नौ दो ग्यारह हो गया।

**2. आँख बदल जाना' मुहावरे का क्या अर्थ है?**

उत्तर अपनापन ना रहना ।

**3. छोटा जादूगर अपनी जीविका किस प्रकार चलाता था ?**

उत्तर छोटा जादूगर अपनी जीविका खेल दिखाकर चलाता था।

**4. छोटा जादूगर के परिवार में उसके अतिरिक्त और कौन-कौन थे?**

उत्तर छोटा जादूगर के परिवार में उसके अतिरिक्त उसकी माँ और बाबू जी थे ।

**5 छोटा जादूगर की माँ को अस्पताल वालों ने क्यों निकाल दिया ?**

उत्तर इलाज के पैसे ना दे पाने के कारण अस्पताल वालों ने जादूगर की माँ को निकाल दिया।

**6. पहली बार छोटा जादूगर के घर जाने पर लेखक ने क्या देखा ?**

उत्तर चिथड़ों में लिपटी जादूगर की बीमार माँ को देखा।

**7. "मेरी आँखों से आँसू निकल पड़े" किसकी आँखों से आँसू निकल पड़े?**

उत्तर लेखक की आँखों से आँसू निकल पड़े।

**8. छोटा जादूगर ने मेले में क्या-क्या देखा?**

उत्तर छोटा जादूगर ने मेले में चूड़ी फेंकना, खिलौनों पर निशाना लगाना, तीर से नंबर छेदना और जादूगर के ताश का खेल देखा।

**9. पाठ में छोटा जादूगर किसको कहा गया है?**

उत्तर छोटा जादूगर 13-14 वर्ष का बच्चा है जो खेल तमाशे दिखाकर अपनी जीविका चलाता है!

**10 लेखक की पत्नी ने छोटा जादूगर से क्या कहा?**

उत्तर लेखक की पत्नी ने छोटा जादूगर से अपना जादू का खेल दिखाने और मन बहलाने के लिए कहा ।

## निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए:-

<u>वातावरण, संसार, आँसू तमाशा, मनुष्य</u>

वातावरण- संध्या समय वातावरण शांत था ।

संसार- ईश्वर ने संसार को अपने हाथों से सजाया है ।

आंसू- जादूगर की माँ को देखकर लेखक की आँखों में आँसू आ गए ।

तमाशा- छोटा जादूगर तमाशा दिखाकर जीविका चलाता है ।

मनुष्य- मनुष्य किस्मत के हाथों कठपुतली के समान है ।

## लघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें:-**

**मनुष्य की भीड़ से जाड़े की संध्या भी गर्म हो रही थी! हम दोनों शरबत पीकर निशाना लगाने चले ! राह में उससे पूछा-तुम्हारे और कौन हैं? माँ और बाबू जी ! उन्होंने तुमको यहाँ आने के लिए मना नहीं किया? बाबू जी जेल में है! क्यों? "देश के लिए "वह गर्व से बोला और तुम्हारी माँ ?वह बीमार है! और तुम तमाशा देख रहे हो उसके चेहरे पर तिरस्कार की हँसी फूट पड़ी उसने कहा- तमाशा देखने नहीं दिखाने निकला हूं कुछ पैसे ले जाऊँगा तो माँ को पथ्य दूँगा ! मुझे शरबत ना पिलाकर आपने मेरा खेल देखकर मुझे कुछ दे दिया होता तो मुझे अधिक प्रसन्नता होती" ! मैं आश्चर्य से उस 13- 14 वर्ष के लड़के को देखने लगा!**

**प्रश्न1 प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से ली गई है और इसके रचनाकार कौन हैं?**

उत्तर प्रस्तुत गद्यांश 'छोटा जादूगर' पाठ से ली गई है और इसके रचनाकार 'जयशंकर प्रसाद' हैं ।

**प्रश्न2 छोटा जादूगर के पिता जेल क्यों गए?**

उत्तर छोटा जादूगर के पिता देश के लिए जेल गए थे!

**प्रश्न3 'मनुष्य की भीड़ से जाड़े की संध्या भी गर्म हो रही थी 'यह पंक्ति लेखक ने किस संदर्भ में लिखा है?**

उत्तर यह पंक्ति लेखक ने इस संदर्भ में लिखे हैं कि जाड़े के समय में मेले देखने के लिए वहाँ काफी भीड़ उमड़ी थी! ज्यादा भीड़ से वहाँ जाड़े में भी गर्मी का एहसास होने लगा था।

**प्रश्न4 "और तुम तमाशा देख रहे हो" इस कथन का छोटा जादूगर ने क्या जवाब दिया?**

उत्तर छोटा जादूगर के मुहँ पर तिरस्कार की हँसी फूटी और उसने उत्तर दिया कि तमाशा देखने नहीं दिखाने निकला हूँ कुछ पैसे ले जाऊँगा तो माँ को पथ्य दूँगा ।

© JCERT not to be republished

**प्रश्न5 लेखक उस 13-14 वर्ष के लड़के को आश्चर्य से क्यों देखने लगा?**

उत्तर लेखक उस लड़के को आश्चर्य से इसलिए देखने लगा क्योंकि जिस उम्र में उसे खेलना कूदना चाहिए था, उस उम्र में वह तमाशा दिखा कर पैसे कमाने निकला था।

**प्रश्न6 गद्यांश की किन पंक्तियों को पढ़कर लगा कि छोटा जादूगर में स्वावलंबन की भावना भरी हुई है?**

उत्तर उसने कहा- 'तमाशा देखने नहीं दिखाने निकला हूँ कुछ पैसे ले जाऊँगा तो माँ को पथ्य दूँगा मुझे शरबत ना पिलाकर आपने मेरा खेल देखकर मुझे कुछ दे दिया होता तो मुझे अधिक प्रसन्नता होती'।

**प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें:-**

**उस छोटे से बनावटी जंगल में संध्या साँय-साँय करने लगी थी । अस्ताचलगामी सूर्य की अंतिम किरण वृक्षों की पत्तियों से विदाई ले रही थी । शांत वातावरण था हम लोग धीरे-धीरे हावड़ा की ओर आ रहे थे । रह-रह कर 'छोटा जादूगर' स्मरण हो आता था । सचमुच वह झोपड़ी के पास कंबल कंधे में डालें खड़ा था । मैंने मोटर रोककर पूछा यहाँ कहाँ ? 'मेरी माँ यही है ना ! अब उसे अस्पताल वालों ने निकाल दिया है' । मैं उतर गया उस झोपड़ी में देखा तो एक स्त्री चिथड़ों से लदी हुई काँप रही थी । छोटा जादूगर ने कंबल ऊपर से डालकर उसके शरीर से चिपकते हुए कहा "माँ" मेरी आँखों से आँसू निकल पड़े।**

**प्रश्न1 संध्या समय में उस बनावटी जंगल का नजारा कैसा था?**

उत्तर उस छोटे से बनावटी जंगल में संध्या साँय साँय करने लगी थी । अस्ताचलगामी सूर्य की अंतिम किरण वृक्षों की पत्तियों से विदाई ले रही थी । शांत वातावरण था ।

**प्रश्न2 लेखक ने छोटे जादूगर की झोपड़ी में पहली बार क्या देखा ?**

उत्तर लेखक ने देखा कि लड़के की माँ चिथड़ों से लदी हुई काँप रही थी। वह बहुत बीमार थी। छोटे जादूगर ने अपनी माँ के ऊपर एक कंबल डाला और उससे लिपटते हुए कहा- "माँ" यह देखकर लेखक की आँखों में आँसू आ गए।

**प्रश्न3 कहानी के आधार पर छोटे जादूगर की दशा का वर्णन करें।**

उत्तर छोटे जादूगर की दशा अत्यंत दयनीय थी उसके परिवार में पिता तो देश की खातिर जेल में थे। उसकी माँ बीमार रहती थी । पैसे ना होने के कारण अस्पताल वालों ने उसे निकाल दिया था । बालक सड़क किनारे खेल-तमाशा दिखाया करता था । अपनी माँ की इतनी सेवा करने के बावजूद अंत में उसकी माँ का देहांत हो गया और वह संसार में अकेला रह गया।

**प्रश्न4 लेखक की आँखों से आँसू क्यों निकल आए?**

उत्तर छोटा जादूगर के घर जाकर लेखक ने देखा कि बालक के घर की स्थिति अत्यंत दयनीय है पैसे ना होने के कारण अस्पताल वालों ने भी उसकी माँ को निकाल दिया । बीमारी की हालत में चिथड़ों में लिपटी उसकी माँ काँप रही थी । उसकी दयनीय स्थिति में माँ से बच्चे को लिपटता देख लेखक की आँखों में आँसू आ गये।

**प्रश्न5 छोटा जादूगर की माँ बहुत बीमार है उसकी माँ को स्वस्थ करने के लिए छोटा जादूगर ने क्या क्या प्रयास किए ?**

उत्तर छोटा जादूगर अपनी माँ को स्वस्थ करने के लिए पथ्य की व्यवस्था करता था । माँ की देखभाल सावधानी से करता था । माँ की कही बातें नहीं टालता था । और सदा प्रसन्न रखने का प्रयास करता था।

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:-

**प्रश्न1 कहानी में लेखक ने छोटा जादूगर के लिए क्या-क्या किया ?**

उत्तर कहानी में लेखक ने छोटा जादूगर के लिए बहुत कुछ किया मेले में जब लेखक ने देखा कि बालक शरबत पीने वालों को चुपचाप देख रहा है उन्होंने उसे शरबत पिलाया। निशाना लगाने के लिए 12 टिकट खरीद कर दिए और अंत में अपनी गाड़ी में बिठा कर उसे झोपड़ी के पास तक भी ले गया जहाँ बालक की माँ अंतिम साँसे गिन रही थी और देखते ही  छोटा जादूगर की माँ ने दम तोड़ दिया।

**प्रश्न2 आप कैसे कह सकते हैं कि छोटा जादूगर देश भक्त और मातृ भक्त दोनों था ?**

उत्तर छोटा जादूगर देशभक्त था जब लेखक ने उससे उसके पिता के बारे में पूछा उसने बड़े गर्व से बताया कि उसके पिता देश के लिए जेल में है। दूसरी ओर माँ के पथ्य के लिए तमाशा दिखलाता था । माँ की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करता था। माँ की बातें नहीं टालता था इस बात से उसके मातृ भक्त होने का पता चलता है।

**प्रश्न3 अपनी कल्पना के आधार पर बताइए कि छोटा जादूगर ने इतनी कम उम्र में जादू कैसे सीखा होगा?**

उत्तर छोटा जादूगर के पिता जेल में थे और उसकी माँ बीमार थी। अपनी पारिवारिक परिस्थितियों के कारण वह इधर-उधर घूमता रहता था होगा। मेले में जादू का खेल उसे अधिक पसंद था वही जादू देखकर वह अपना मन बहलाता होगा। धीरे-धीरे अपने कर्तव्यों की बारीकियों को समझ गया होगा तदोपरांत स्वयं खेलकर तब जादू दिखलाने लगा होगा ताकि कुछ पैसे मिल सके जिससे जीविका चल सके।

**प्रश्न4 बालक को आवश्यकता ने कितना शीघ्र चतुर बना दिया यही तो संसार है इस पंक्ति को प्लास्टिक चुनते हुए या खेल-तमाशे दिखलाते हुए बच्चों से जोड़ कर देखा जा सकता है क्या ऐसा नहीं लगता कि वह अपना बचपन खोते जा रहे हैं इन बच्चों के लिए क्या-क्या किया जाना चाहिए?**

उत्तर इन बच्चों के लिए निम्नलिखित प्रयास किए जाने चाहिए:-

1 उनके पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।

2 उनके खेलने के लिए क्रीड़ा क्षेत्र एवं खेल सामग्री की व्यवस्था करनी चाहिए।

3 उनके लिए नि:शुल्क पोषाहार की व्यवस्था की जानी चाहिए।

© JCERT not to be republished

4 मौसम के अनुसार वस्त्र एवं स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जानी चाहिए ।

5 खेल-खेल में व्यवसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जानी चाहिए ।

6 सरकार की ओर से आर्थिक सहायता की व्यवस्था होनी चाहिए।

**प्रश्न5 मेले की भीड़ में उस बालक में ऐसा क्या दिखा कि लेखक उसकी ओर आकर्षित हुआ ?**

उत्तर कार्निवाल के मैदान में जहाँ हँसी और विनोद का कलनाद गूँज रहा था वही पास एक लड़का चुपचाप शरबत पीने वालों को देख रहा था उसके गले में फटे कुर्ते के ऊपर से एक मोटी सी सूत की रस्सी पड़ी थी और जेब में कुछ ताश के पत्ते थे उसके मुंह पर गंभीर विषाद के साथ धैर्य की रेखा थी इस बात से लेखक बालक की ओर आकर्षित हुआ।

**प्रश्न6 दूसरी बार जब लेखक बालक के साथ झोपड़ी पहुँचा तब क्या हुआ?**

उत्तर दूसरी बार लेखक अपने ड्राइवर और छोटे जादूगर के साथ झोपड़ी पहुंचा। जादूगर दौड़कर झोपड़ी में माँ माँ पुकारते हुए घुसा लेखक भी उसके पीछे-पीछे घुसे। उसकी माँ के मुँह से "बे" शब्द निकल कर रह गया उसके दुर्बल हाथ उठ कर गिर गए । जादूगर उससे लिपट कर रो रहा था और लेखक नि:शब्द थे।

**प्रश्न7 उस दिन छोटा जादूगर का खेल जब क्यों नहीं रहा था?**

उत्तर उस दिन छोटा जादूगर का खेल जम नहीं रहा था क्योंकि उसे उसकी बीमार माँ की बीमारी की दशा सताए जा रही थी साथ ही उसे माँ के कहे शब्द बार-बार उसके मस्तिष्क में कौंध रहे थे कि वह उस दिन जल्दी लौटकर आ जाए क्योंकि उसकी घड़ी समीप है।

**प्रश्न8 बालक का नाम छोटा जादूगर क्यों पड़ा?**

उत्तर बालक की उम्र 13 -14 वर्ष की होगी अपनी जीविका चलाने के लिए ताश से जादू का खेल दिखाता था साथ ही गुड़िया बंदर और भालू से तमाशा दिखाता था इस खेल से लोगों का मनोरंजन करता था ताकि कुछ पैसे भी मिल सके जिससे वह अपनी माँ के लिए पथ्य ले जा सके।

**प्रश्न9 छोटा जादूगर की माँ अपने पुत्र के बारे क्या सोचती होगी?**

उत्तर छोटा जादूगर की माँ को अपने पुत्र पर गर्व महसूस होता होगा क्योंकि इतनी कम उम्र में वह जीविका चलाने के लिए खेल तमाशा दिखा कर पैसे इकट्ठा करता था । अपनी माँ के भोजन और दवा का इंतजाम करता था साथ ही इस बात की चिंता भी करती होगी कि मेरे मरने के बाद इस दुनिया में वह अकेला रह जाएगा।

**प्रश्न10 छोटे बच्चों को कामों में लगाना बालश्रम कहलाता है जो कानूनी तौर पर जुर्म है क्या इस कहानी में बालक का खेल दिखाना उचित माना जाएगा ?**

उत्तर बात सही है कि बाल मजदूरी कानूनन जुर्म है लेकिन छोटे जादूगर कहानी में बालक का श्रम उचित है क्योंकि उसके पिता जेल में है और उसकी माँ बीमार है पूरे घर की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर है और दुनिया में हर जगह अच्छे इंसान नहीं मिलते जो किसी की मदद कर सके।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्नोतर

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें**

**प्रश्न1 छोटा जादूगर के चरित्र की विशेषताओं को लिखिए**

उत्तर संकेत बिंदु :-

- बचपन से चतुर
- स्वावलंबी
- देशभक्त
- मातृ भक्त
- परिवार के प्रति जिम्मेदार
- समझदार

**प्रश्न2 छुट्टियाँ बिताकर लेखक जब कोलकाता से चला तो रास्ते में उसने क्या देखा?**

उत्तर संकेत बिंदु:-

- जादूगर का सजा हुआ रंगमंच
- जादूगर की वाणी में अप्रसन्नता के भाव
- हंसाने की चेष्टा करना पर आवाज का कांपना
- लेखक को देखकर खुश होना
- माँ की कही बात याद आना
- सुख-दुख के पैमाने भूख से।

**प्रश्न3 कहानी के आधार पर छोटे जादूगर की दशा का वर्णन कीजिए।**

उत्तर संकेत बिंदु:-

- बचपन से सर पर जिम्मेदारी पड़ना
- पिताजी का जेल में होना
- माता का बीमार पड़ना
- जीविका के लिए तमाशा दिखाना
- माँ के पथ्य का इंतजाम करना
- माँ के जाने के बाद अकेला रह जाना।

© JCERT not to be republished

| पाठ - 3 | मित्रता |
|---|---|
| | लेखक- आचार्य रामचन्द्र षुक्ल |

## बहुविकल्पीय प्रश्नोतर

**1. 'मित्रता' पाठ के रचनाकार कौन है?**
(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी (D) विद्यानिवास मिश्र

**2. मित्रता गद्य-लेखन की कौन-सा विद्या है?**
(A) कहानी (B) निबंध
(C) नाटक (D) उपन्यास

**3. 'मित्रता' किस प्रकार का निबंध है?**
(A) भाव-प्रधान (B) विचार-प्रधान
(C) व्यंग्य-प्रधान (D) हास्य-प्रधान

**4. निम्न में 'मित्रता' का पर्यायवाची कौन है?**
(A) शत्रु (B) दोस्ती
(C) भाई (D) पिता

**5. निम्न में 'मित्रता' का विलोम शब्द कौन है?**
(A) साथी (B) दोस्त
(C) शत्रुता (D) सखा

**6. 'बढ़ते-बढ़ते' में कौन-सा अलंकार है?**
(A) यमक (B) श्लेष
(C) पुनरूक्ति प्रकाश (D) रूपक

**7. पथ-प्रदर्शक का अर्थ होता है-**
(A) कुआँ में ढकेलने वाले
(B) गलत राह पर ले जाने वाले
(C) सही राह दिखाने वाले
(D) मुसीबत में साथ छोड़ने वाले

**8. किस प्रकार का ज्वर भयानक होता है?**
(A) मलेरिया का ज्वर (B) सत्संग का ज्वर
(C) कुसंग का ज्वर (D) साधारण ज्वर

**9. हम लोग किसकी मूर्ति के समान रहते हैं?**
(A) पक्की मिट्टी की (B) कच्ची मिट्टी की
(C) चिनी मिट्टी की (D) लैटेराइट मिट्टी की

**10. युवा पुरूष प्रायः किससे कम काम लेते हैं?**
(A) बल से (B) विवेक से
(C) शिक्षा से (C) मित्रता से

**11. विश्वासपात्र मित्र जीवन की क्या है?**
(A) एक रोग (B) एक औषध
(C) एक संकट (D) एक बीमारी

**12. सच्ची मित्रता में उत्तम वैद्य की-सी............और परख होती है।**
(A) मित्रता (B) लघुता
(C) निपुण्ता (D) सभ्यता

**13. किसमें अच्छी से अच्छी माता का-सा धैर्य और कोमलता होती है?**
(A) मित्रता में (B) शत्रुता में
(C) निपुण्ता में (D) सजगता में

**14. पाठ के आधार पर छात्रावस्था में किसकी धुन सवार रहती है?**
(A) व्याकुलता की (B) मित्रता की
(C) चतुरता की (D) विषमता की

**15. मित्र किसके समान होना चाहिए?**
(A) पिता के (B) माता के
(C) भाई के (D) शत्रु के

**16. मित्रता में सुग्रीव ने किसका पल्ला पकड़ा था?**
(A) बाली का (B) हनुमान का
(C) विभीषण का (D) राम का

**17. किस के चुनाव में सतर्कता बहुत आवश्यक है?**
(A) मित्र (B) सहेली
(C) भाई (D) शिक्षक

**18. 'कोमल' शब्द का विलोम क्या है?**
(A) नर्म (B) कठोर
(C) सरल (D) पत्थर

**19. 'आशा' शब्द का का विलोम क्या है?**
(A) प्रतीक्षा (B) उदास
(C) निराशा (D) प्रत्याशा

**20. 'निपुण्ता' का समानार्थी शब्द क्या है?**
(A) विद्वता (B) मित्रता
(C) चतुरता (D) सहजता

**21 'आनंद' का पर्यायवाची शब्द है?**
(A) विषाद (B) हर्ष
(C) निराश (D) उदास

**22 'बाल्यावस्था' का सही संधि-विच्छेद है?**
(A) बाल्य + अवस्था (B) बाला + अवस्था
(C) बाल्या + वस्था (D) बालय + अवस्था

**23. मित्रता में कौन-सा प्रत्यय है?**
(A) इता (B) ता
(C) त्रता (D) आ

**24. हानि-लाभ में कौन-सा समास है?**
(A) बहुब्रीहि (B) द्विगु
(C) द्वंद्व (D) अव्ययीभाव



© JCERT not to be republished

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (B) | 3. (B) | 4. (B) |
| 5. (C) | 6. (C) | 7. (C) | 8. (C) |
| 9. (B) | 10. (B) | 11. (B) | 12. (C) |
| 13. (A) | 14. (B) | 15. (C) | 16. (D) |
| 17. (A) | 18. (B) | 19. (C) | 20. (A) |
| 21. (B) | 22. (A) | 23. (B) | 24. (C) |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

**1. मित्रता करने का प्रयत्न किसको करना चाहिए?**

उत्तर प्रत्येक व्यक्ति को।

**2. मित्रता कहाँ से उमड़ पड़ती है?**

उत्तर हृदय से।

**3. कौन सच्चे पथ-प्रदर्शक के समान होना चाहिए?**

उत्तर मित्र।

**4. हमारे और हमारे मित्र के बीच कैसी सहानुभूति होनी चाहिए?**

उत्तर सच्ची।

**5. आजकल क्या बढ़ाना कोई बड़ी बात नहीं है?**

उत्तर जान-पहचान

**6. किसका ज्वर सबसे भयानक होता है?**

उत्तर कुसंग का।

## लघुतरीय प्रश्न

**1. मित्रता से आप क्या समझते हैं?**

उत्तर वह मित्र जो हमें सच्ची राह दिखाए और हमारे हर सुख-दुख में साथ दे । हमे अच्छी राह पर सदैव चलने के लिए प्रेरित करें तथा समस्याओं से लड़ने के लिए बल प्रदान करें।

**2. अधिक दृढ़ संकल्प वाले लोगों से मित्रता क्यों नहीं करनी चाहिए?**

उत्तर ऐसे लोगों का साथ करना हमारे लिए बुरा है, जो हमसे दृढ़ संकल्प के है, क्योंकि हमें उनकी हर बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है।

**3. विश्वासपात्र मित्र से हमें क्या प्राप्त होता है?**

उत्तर विश्वासपात्र मित्र से हमें बड़ी भारी रक्षा मिलती है। साथ ही साथ एक खजाने के रूप में तथा औषध के रूप में हमारे साथ खड़ा रहता है। अतः हमें हमेशा उसका सहयोग प्राप्त होता है।

**4. हमें किस प्रकार के मित्र बनाना चाहिए?**

उत्तर जो मित्र सच्चे पथ-प्रदर्शक हो, जिस पर हम पूर्ण विश्वास कर सके अर्थात् जो विश्वासी हो। जो भाई के समान हो, जिसे हम अपना प्रीति-पात्र बना सके।

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें**

**1. एक अच्छे मित्र के कौन-कौन से गुण होना चाहिए?**

संकेत बिंदु -

(क) पढ़ाई के क्षेत्र में
(ख) सहयोग के क्षेत्र में
(ग) संकट के क्षेत्र में/समय
(घ) पारिवारिक क्षेत्र में
(ङ) अनुभूति के क्षेत्र में।

संकेत बिंदु -

**2. हमें बुरे मित्रों के सत्संग से कैसे बचना चाहिए?**

(क) कक्षा के समय
(ख) दोस्तों के समुह से
(ग) गलत राह पर चलने से
(घ) परीक्षा कक्ष के हुड़दंग से
(ङ) मित्रों के अमानवीय व्यवहार से।

**3. हमें अपने मित्र का सहयोग कब और कैसे करना चाहिए?**

संकेत बिंदु -

(क) जब मित्र आर्थिक रूप से कमजोर हो
(ख) जब पढ़ाई में अत्यंत कमजोर हो
(ग) जब विद्यालय की बस छूट जाए
(घ) अपनी सुविधा में उसे शामिल कर
(ङ) उसके मनोस्थिति के अनुकूल व्यवहार कर।

**4. आप अपने मित्र की सहभागिता कहाँ तक उचित समझते हैं?**

संकेत बिंदु -

(क) विद्यालय परिसर तक
(ख) घर-परिवार तक
(ग) जन्मोत्सव-तक
(घ) भाई की शादी तक
(ङ) भारी मुसीबत तक

**5. "विश्वासपात्र मित्र से बड़ी भारी रक्षा रहती है? जिसे ऐसा मित्र मिल जाए उसे समझना चाहिए कि खजाना मिल गया।" आशय स्पष्ट कीजिए।**

संकेत बिंदु -

(क) प्राचीन विद्वान के मतानुसार
(ख) विश्वासपात्र मित्र की आवश्यकता
(ग) विश्वासपात्र मित्र से लाभ
(घ) विश्वासपात्र मित्र का सहयोग
(ङ) विश्वासपात्र मित्र से प्रेरणा।

**6. 'कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है।' - कैसे? स्पष्ट करें।**

संकेत बिंदु -

(क) पढ़ाई के बाधा के रूप में
(ख) मित्रों में बैर भावना के रूप में
(ग) संकट के समय साथ छोड़ने से,
(घ) गलत राह में ले जाने के पीछे सहयोग
(ङ) गलती की सजा में फँसना।

© JCERT
not to be republished

# पाठ - 4 पथ की पहचान

कवि डॉ. हरिवंषराय बच्चन

## बहुविकल्पीय प्रश्नोतर

**1. 'पथ की पहचान' के रचनाकार कौन है?**

(A) जयशंकर प्रसाद (B) महादेवी वर्मा

(C) हरिवंश राय बच्चन (D) नरेन्द्र शर्मा

**2. 'पथ की पहचान' किस विधा में है?**

(A) कविता (B) निबंध

(C) गजल (D) एकांकी

**3. कवि हमें क्या सलाह देते हैं?**

(A) पढ़ाई करने की (B) अपनी राह चुनने की

(C) असफल होने की (D) बाधाओं से घबराने की

**4. 'बटोही' का शाब्दिक अर्थ क्या है?**

(A) यात्री (B) कहानी

(C) मजदूर (D) पहाड़

**5. 'बाट' शब्द किसका पर्याय शब्द है?**

(A) किनारा (B) लोग

(C) रास्ता (D) देखना

**6. 'सरित, गिरि, गह्वर' में कौन-सा अलंकार है?**

(A) रूपक (B) अनुप्रास

(C) यमक (D) श्लेष

**7. 'बाग वन सुंदर मिलेंगे।' में 'बाग' का अर्थ क्या है?**

(A) जंगल (B) मेला

(C) बगीचा (D) फूलों का हार

**8. कवि आँख में किसके होने की कल्पना करते हैं?**

(A) नरक (B) महल

(C) गाड़ी (D) स्वर्ग

**9. 'अग्नि' का तद्भव शब्द क्या है?**

(A) आकाश (B) पानी

(C) आग (D) सूर्य

**10. 'उन्मुक्त' का पर्यायवाची कौन है?**

(A) बंधन (B) परतंत्र

(C) उड़ना (D) स्वतंत्र

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

1. (C) 2. (A) 3. (B)

4. (A) 5. (C) 6. (B)

7. (C) 8. (D) 9. (C)

10. (D)

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

**1. पथ की पहचान करने के लिए कौन कह रहे हैं?**

उत्तर कवि।

**2. राह में पैरों की निशानी छोड़कर कौन गये हैं?**

उत्तर कुछ लोग।

**3. यात्रा सरल कैसे बनेगी?**

उत्तर अच्छा समझने से।

**4. कवि किसमें मुग्ध नहीं होने को कहते हैं?**

उत्तर स्वप्न में।

**5. कवि हमें किसका ज्ञान कराना चाहते हैं?**

उत्तर सत्य का।

**6. कवि के अनुसार कौन पाँव का दिल चीर देता है?**

उत्तर रास्ते का एक काँटा।

## लघुत्तरीय प्रश्न

**1. 'पथ की पचहान' कविता से हमें क्या सीख मिलती है?**

उत्तर हमें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सचेत होकर अपनी राह चुनने की सलाह देते हैं ताकि हम अपने लक्ष्य तक पहुँच सकें।

**2. कवि हमें जीवन में सतर्क होकर चलने को क्यों कहते हैं?**

उत्तर कवि हमें जीवन में सतर्क होकर इसलिए चलने को कहते हैं क्योंकि जीवन पथ में विघ्न बाधाएँ आती रहती हैं। इनसे विचलित न होकर हमें सतत आगे बढ़ते रहने के लिए सतर्क करते हैं।

**3. कवि ने स्वप्न पर मुग्ध होने से मना क्यों किया है ?**

उत्तर क्योंकि स्वप्न पर मुग्ध होने से हम सत्य की पहचान नहीं कर सकेंगे और ज्ञान से अछूता रह जाएँगे। अपना लक्ष्य प्राप्त करने से चूक जाऐंगे।

**4. पाठ के अनुसार अनगिनत राही इस पथ पर क्या छोड़ गए हैं?**

उत्तर जीवन के पथ पर अनगिनत राही चल पड़े हैं जिसमें कुछ लोग पैर के निशान छोड़ गए हैं। कवि का सफल व्यक्ति के कर्म की ओर इशारा है।

© JCERT not to be republished

## दीर्घोत्तरीय प्रश्न

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें**

**1. हमें पथ की बाधाओं को कैसे पार करना है? सुझाव दें।**

संकेत बिंदु-

(क) निडर होकर बाधाओं का सामना,
(ख) एकजूट होकर,
(ग) सहर्ष स्वीकार कर,
(घ) बिना विचलित हुए
(ङ) सकारात्मक सोच और ऊर्जा के साथ।

**2. कविता के आधार पर बताइए कि यात्रा में कौन सी चीजें अनिश्चित हैं?**

संकेत बिंदु -

(क) बाधा के रूप में नदी,
(ख) संकट के रूप में पर्वत,
(ग) कुसंग के रूप में गड्ढ़ा,
(घ) असफलता के रूप में,
(ङ) मानसिक तनाव के रूप में।

**3. पथ की पहचान कैसे की जा सकती है?**

संकेत बिंदु -

(क) अपनी रुचि के अनुसार,
(ख) चले हुए राह पर चलकर,
(ग) सफल लोगों के पद्चिन्हों को देखकर,
(घ) अपनी योग्यता के अनुकूल,
(ङ) अपनी कार्य क्षमता की निपुणता से।

**4. "आँख में हो स्वर्ग लेकिन, पाँव पृथ्वी पर टिके हों,**
**कंटकों की इस अनोखी, सीख का सम्मान कर ले।"**
**इस पंक्ति की सप्रसंग व्याख्या करें।**

संकेत बिंदु -

(क) संदर्भ
(ख) प्रसंग
(ग) व्याख्या
(घ) कला पक्ष
(ङ) निष्कर्ष।

© JCERT not to be republished

# पाठ - 5 बड़े भाई - साहब

लेखक- प्रेमचंद

## बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. बड़े भाई साहब कहानी के लेखक का नाम है...........**

(A) ज्ञानरंजन (B) लीलाधर मंडलोई
(C) जयशंकर प्रसाद (D) प्रेमचंद

**2. लेखक के भाई उनसे कितने साल बड़े थे ?**

(A) 3 साल (B) 4 साल
(C) 5 साल (D) 2 साल

**3. बड़े भाई साहब लेखक से कितने दर्जे आगे थे ?**

(A) तीन दर्जा (B) चार दर्जा
(C) दो दर्जा (D) एक दर्जा

**4. बड़े भाई साहब किस मामले में जल्दबाजी से काम लेना पसंद नहीं करते थे ?**

(A) तालीम या शिक्षा के मामले में
(B) खेल के मामले में
(C) भोजन के मामले में
(D) कोई भी निर्णय लेने के मामले में

**5. बड़े भाई साहब का शिक्षा के मामले में काम करने का क्या तरीका था?**

(A) 1 साल का काम 1 महीने में कर डालते थे।
(B) वे आज का काम कल पर डाल देते थे।
(C) 1 साल का काम दो-तीन साल में करते थे।
(D) उपयुक्त सभी

**6. बड़े भाई साहब का जन्मसिद्ध अधिकार क्या था ?**

(A) छोटे भाई को उपदेश देना
(B) छोटे भाई को प्यार करना
(C) छोटे भाई के साथ मिलकर मौज- मस्ती करना
(D) छोटे भाई को डांटना डपटना और उसकी निगरानी करना

**7. लेखक अर्थात छोटे भाई की शालीनता किसमें थी ?**

(A) बड़े भाई के आदेश को कानून मानने में
(B) बड़े भाई के आदेश की अवहेलना करने में
(C) मेहनत से पढ़ाई करने में
(D) खेलने - कूदने में

**8. बड़े भाई - साहब का स्वभाव कैसा था?**

(A) अध्ययनशील (B) चंचल
(C) खाने-पीने के शौकीन (D) खेलने कूदने के शौकीन

**9. बड़े भाई - साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे?**

(A) किताब के हाशियों पर चिड़ियों, कुत्तों और बिल्लियों के चित्र बनाते थे।
(B) संगीत सुनते थे।
(C) नृत्य करते थे। (D) ये सभी

**10. लेखक का मन किसमे नहीं लगता था?**

(A) खेलने कूदने में (B) पढ़ने में
(C) खाने- पीने में (D) चित्रकारी में

**11. लेखक के प्राण कब सूख जाते थे ?**

(A) जब कक्षा में जाते थे
(B) जब अध्यापक उनसे गृह कार्य प्रस्तुत करने बोलते
(C) जब कोई उन्हें खेलने के लिए कहता था
(D) जब कमरे में अपने बड़े भाई -साहब का रौद्र रूप देखते

**12. "प्राण सुख जाना" का अर्थ है –**

(A) भूख लगना (B) प्यास लगना
(C) सो जाना (D) बहुत भयभीत होना

**13. "सिर पर नंगी तलवार लटकना" मुहावरे का अर्थ है–**

(A) तलवार से प्रहार
(B) युद्ध होना
(C) मृत्यु होना
(D) खतरे का अत्यधिक समीप होना

**14. टाइम- टेबल बनाने के पहले ही दिन से क्या शुरू हो जाता था?**

(A) टाइम- टेबल पर अमल करना
(B) टाइम टेबल की अवहेलना करना
(C) मौज मस्ती करने का काम
(D) मित्रों के साथ मिलकर अध्ययन करने का काम

**15. रावण कौन था?**

(A) आयोध्या का राजा (B) भूमंडल का स्वामी
(C) अंग्रेजों का मददगार (D) देवताओं का गुलाम

**16. कौन, किसे रावण का उदाहरण देकर समझा रहा था ?**

(A) राम, रावण को
(B) बड़े भाई- साहब, लेखक को
(C) पाठक, श्रोता को
(D) लेखक, पाठक को

**17. लेखक को कौन सा नया शौक पैदा हो गया था?**

(A) पढ़ने -लिखने का (B) खेलने- कूदने का
(C) नृत्य-संगीत का (D) कनकौवे उड़ाने का

**18. बड़े भाई -साहब को छोटे -भाई के मुकाबले किसका अनुभव अधिक था?**

(A) किताबें पढ़ने का
(B) दुनिया और जिंदगी का
(C) परीक्षा में अच्छे अंकों से पास होने का
(D) उपयुक्त सभी

© JCERT not to be republished

**19. "दैव ना करें आज मैं बीमार हो जाऊं।" कथन में "मैं "कौन है?**

(A) लेखक (B) बड़े भाई-साहब

(C) हेड मास्टर साहब (D) लेखक के पिताजी

**20. हेडमास्टर साहब को कितना वेतन मिलता है ?**

(A) रुपए1000 (B) रूपए 2000

(C) रुपए 500 (D) रुपए 5000

**21. "हाथ -पांव फूलना "मुहावरे का अर्थ है .........**

(A) बीमार हो जाना (B) हाथ और पैर का फूलना

(C) मोटा हो जाना (D) घबरा जाना

**22. "दांतों पसीना आना "मुहावरे का अर्थ है ......**

(A) दांतों से पसीना निकलना

(B) घबरा जाना

(C) दांत चमकाना

(D) अत्यधिक परिश्रम करना

**23. "लोहे के चने चबाना" मुहावरे का अर्थ है ......**

(A) लोहे से बने चने खाना

(B) बहुत कठिन काम या संघर्ष करना

(C) बहुत भयभीत होना

(D) क्रोधित होना

**24. तुम जहीन हो ,इसमें शक नहीं, लेकिन वह जेहन किस काम का ,जो हमारे आत्म गौरव की हत्या कर डाले। किसने- किससे कहा .......**

(A) बड़े भाई साहब ने, लेखक से

(B) लेखक ने ,अपने बड़े भाई- साहब से

(C) राम ने, रावण से

(D) शिक्षक ने, छात्रों से

**25. बड़े भाई साहब कहानी से हमें क्या पता चलता है?**

(A) हमें पढ़ाई आनंदपूर्वक ढंग से करनी चाहिए

(B) यह विद्या रटंत विद्या प्रणाली की कमी बतलाता है

(C) हमें जीवन की समझ सिर्फ किताबी ज्ञान से ही नहीं मिलती

(D) ये सभी

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 (D) | 2 (C) | 3 (A) |
| 4 (A) | 5 (C) | 6 (D) |
| 7 (A) | 8 (A) | 9 (A) |
| 10 (B) | 11 (D) | 12 (D) |
| 13 (D) | 14 (B) | 15 (B) |
| 16 (B) | 17 (D) | 18 (B) |
| 19 (B) | 20 (A) | 21 (D) |
| 22 (D) | 23 (B) | 24 (B) |
| 25 (D) | | |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**26. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें**

**(A) बड़े भाई साहब ............. जैसे महत्वपूर्ण मामले में जल्दबाजी नहीं करते थे । (तालीम/खेलकूद)**

**(B) प्रेमचंद का अपने बड़े भाई का ................रूप देखकर प्राण सूख जाता था। (रौद्र / सुंदर )**

**(C) टाइम- टेबल की ................. दिन से ही अवहेलना शुरू हो जाती थी। (पहले/ दूसरे )**

**(D) सालाना इम्तिहान में बड़े भाई -साहब ............... हो गए और लेखक पास हो गया। (पास/फेल)**

**(E) बड़े भाई- साहब पाठ के अनुसार, पढ़ाई ..............ढंग से करनी चाहिए। (बोझिल/ आनंदपूर्वक)**

***उत्तर***

A तालीम B रौद्र

C पहले D फेल

E आनंदपूर्वक

**27. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दें–**

**(A) बड़े भाई- साहब छोटे भाई से उम्र में कितने बड़े थे और वे कौन सी कक्षा में पढ़ते थे।**

उत्तर बड़े भाई -साहब, लेखक से उम्र में 5 साल बड़े थे और वे नवीं कक्षा में पढ़ते थे ।

**(B) दूसरी बार पास होने पर छोटे भाई के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया?**

उत्तर दूसरी बार पास होने पर छोटा भाई स्वच्छंद हो गया। उसका मन पढ़ने - लिखने से अधिक पतंगबाजी में लगने लगा।

**(C) छोटे भाई की रुचि किन चीजों में थी?**

उत्तर छोटे भाई की रूचि खेलकूद और सैर सपाटा, पतंगबाजी आदि में थी।

**28. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें–**

**मेरे और भाई साहब के बीच में अब केवल एक दर्जे का अंतर और रह गया। मेरे मन में एक कुटिल भावना उदय हुई कि कहीं भाई साहब एक साल और फेल हो जाए तो मैं उनके बराबर हो जाऊँ। फिर वह किस आधार पर मेरी फ़ज़ीहत कर सकेंगे, लेकिन मैंने इस कमीने विचार को दिल से बलपूर्वक निकाल डाला। आखिर वह मुझे मेरे हित के विचार से ही तो डांटते हैं। मुझे इस वक्त अवश्य अप्रिय लगता है, मगर यह शायद उनके उपदेशों का ही असर है कि मैं दनादन पास होता जाता हूँ और इतने अच्छे नंबरों से।**

**(A) लेखक और भाई साहब के बीच में कितने दर्जे का अंतर है?**

उत्तर लेखक और भाई साहब के बीच में एक दर्जे का अंतर है

**(B) किस के मन में कुटिल भावना उत्पन्न हुई है कि भाई साहब एक साल और फेल हो जाएं**

उत्तर लेखक के मन में यह कुटिल भावना उत्पन्न हुई कि बड़े भाई साहब एक साल और फेल हो जाएं।

**(C) बड़े भाई साहब अपने छोटे भाई को क्यों डाँटते थे ?**

उत्तर बड़े भाई साहब अपने छोटे भाई को उसके हित के लिए डाँटते थे।

© JCERT not to be republished

**(D) फ़ज़ीहत, दनादन, दर्ज़े, उपदेश, हित का पर्यायवाची शब्द लिखें?**

उत्तर-

फजीहत = दुर्दशा
दनादन = निरंतर या लगातार
दर्जे = कक्षा या क्लास
उपदेश = नीति- वचन, शिक्षा
हित = कल्याण या भलाई

**29. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखें– फ़ज़ीहत, हित ,अप्रिय, कुटिल ,**

उत्तर

| | |
|---|---|
| फ़ज़ीहत | इज्जत |
| हित | अहित |
| अप्रिय | प्रिय |
| कुटिल | सरल |

## लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दें

**1. लेखक के बड़े भाई अपने दिमाग को आराम देने के लिए क्या-क्या करते थे ?**

उत्तर लेखक के बड़े भाई अपने दिमाग को आराम देने के लिए कॉपी पर, कभी किताब के हाशिए पर चिड़िया ,कुत्ते, बिल्लियों की तस्वीरें बनाया करते थे । कभी एक ही नाम या शब्द को 10 या 20 बार लिखते । कभी कोई शब्द रचना करते जिसका कोई भी अर्थ नहीं होता था।

**2. बड़े भाई- साहब ने लेखक के सामने पढ़ाई का कैसा चित्र खींचा था ?**

उत्तर लेखक के बड़े भाई ने लेखक के सामने पढ़ाई का अत्यंत गूढ़ और कठिनतम चित्र खींचा । उनके अनुसार अंग्रेजी पढ़ना -लिखना कोई खेल नहीं है, इतिहास में नाम और समय याद करना कोई बूते की बात नहीं, गणित हल करना मुश्किल है ,विज्ञान की समझ काफी कठिन है । काफी कठिन मेहनत के बाद ही पढ़ाई समझ आती है।

**3. समझ, किताबें पढ़ने से नहीं आती दुनिया देखने से आती है। इस कथन को किसी एक उदाहरण देकर सिद्ध करें?**

उत्तर बड़े भाई साहब के अनुसार समझ किताबें पढ़ने से नहीं आती। उदाहरणस्वरूप माँ-बाप, दादा-दादी कम पढ़ लिख कर भी अधिक जानकारी और समझ रखते हैं। घरेलू महिलाएँ ज्यादा पढ़ी-लिखी नहीं होने के बाद भी घर का प्रबंधन खर्चे का हिसाब- किताब, घर में सब का सम्मान- सत्कार करने में बहुत कुशल होती हैं।

**4. लेखक के भाई ने परीक्षा में सफलता के लिए क्या-क्या किया ? आप परीक्षा की तैयारी किस प्रकार करते हैं ।**

उत्तर लेखक के बड़े भाई साहब ने परीक्षा में सफलता के लिए रटंत विद्या को अपनाया । वे अध्ययनशील रहते और हरदम किताबे खोल कर बैठे रहते थे । मैं अपनी परीक्षा की तैयारी पूरे आत्मविश्वास के साथ करता हूँ। सभी विषयों को लिखकर अभ्यास करने में विश्वास करता हूँ। गणित का फार्मूला एवं नियम को प्रतिदिन अभ्यास करता हूँ । इसके अलावा अन्य विषयों को भी मैं अपने शिक्षकों और घर में पढ़े-लिखे बड़ों की सहायता से समझकर और प्रतिदिन के अभ्यास द्वारा पूरा करता हूँ।

**5. "बुनियाद ही पुख्ता ना हो तो मकान कैसे पाएदार बने"– इस पंक्ति का भाव स्पष्ट करें ?**

उत्तर जिस प्रकार मकान को मजबूत बनाने के लिए नींव को मजबूत बनाया जाता है, उसी प्रकार शायद बड़े भाई साहब हर कक्षा को 1 साल में नहीं बल्कि दो- दो सालों में पास करते थे। ताकि उनकी पढ़ाई बहुत मजबूत हो सके। यह बड़े भाई-साहब की परीक्षा के प्रति, पढ़ाई के प्रति लापरवाही पर व्यंग्य है।

**6. निम्नलिखित तत्सम, तद्भव, देशज, आगत शब्दों को अलग कर उनके सामने लिखें?**
**जन्मसिद्ध, आधिपत्य, आँख, पन्ना, घुड़कियाँ, दाल भात, पोजीशन, फजीहत, हर्फ, टाइम -टेबल स्कीम**
**उत्तर- तत्सम शब्द = जन्मसिद्ध ,आधिपत्य**
**तद्भव शब्द = आँख ,पन्ना**
**देसी या देशज शब्द = घुड़कियाँ, दाल -भात**
**आगत उर्दू शब्द = फजीहत, हर्फ,**
**आगत अंग्रेजी शब्द = टाइम- टेबल, स्कीम**

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्नोतर

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें**

**1. बड़े भाई- साहब कहानी के आधार पर बड़े भाई साहब की स्वभावगत विशेषताएँ बताएँ ?**

उत्तर संकेत बिंदुओं के आधार पर आ)

a महत्वाकांक्षी
b घोर परिश्रमी और धुन का पक्का
c वाक्चातुर्य

**2. मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करें**
**a) सिर पर नंगी तलवार लटकना**
**b) आड़े हाथों लेना**
**c) अंधे के हाथ बटेर लगना**
**d) लोहे के चने चबाना**
**e) दाँतों पसीना आना**
**f) ऐरा-गैरा-नत्थू खैरा**

उत्तर-

(अर्थ के आधार पर विद्यार्थी स्वयं वाक्य बनाएँ)
a) सामने मौत दिखाई देना
b) कठोरता से पेश आना
c) अयोग्य व्यक्ति को कोई योग्य या महत्वपूर्ण वस्तु मिल जाना
d) बहुत कठिन काम होना
e) बहुत कठिनाई होना
f) बेवकूफ या बुद्धू

**3. बड़े भाई साहब कहानी से क्या सीख मिली ?अपने शब्दों में लिखें ।**

उत्तर बड़े भाई साहब कहानी से यह सीख मिलती है - अपनी शक्ति और सीमा को पहचानना, पढ़ाई रट कर नहीं बल्कि समझकर और सहजता से करना चाहिए। खेलकूद, पढ़ाई के विरुद्ध नहीं बल्कि इसके सहयोगी हैं।

© JCERT not to be republished

# पाठ - 6 अशोक का शस्त्र त्याग

लेखक- श्री बंसीधर श्रीवास्तव

## बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. अशोक का शस्त्र - त्याग के लेखक कौन हैं ?**
(A) ज्ञानरंजन (B) माखनलाल चतुर्वेदी
(C) हरिशंकर परसाई (D) बंशीधर श्रीवास्तव

**2. कलिंग का युद्ध कितने वर्षों से चल रहा था?**
(A) 4 वर्षों से (B) 3 वर्षों से
(C) 5 वर्षों से (D) 8 वर्षों से

**3. अशोक का शस्त्र त्याग किस विधा की रचना है?**
(A) निबंध (B) एकांकी
(C) डायरी (D) संस्मरण

**4. अशोक का शस्त्र त्याग शीर्षक पाठ का मूल उद्देश्य है–**
(A) अहिंसा परमो धर्म: (B) शांति का पक्षधर
(C) दोनों 'क' और 'ख' (D) सभी गलत हैं।

**5. कलिंग महाराज की कन्या कौन थी?**
(A) पद्मा (B) जया
(C) रेखा (D) सभी

**6. पदमा का संबंध किस युद्ध से है?**
(A) 1857 की क्रांति (B) प्लासी का युद्ध
(C) बक्सर का युद्ध (D) कलिंग का युद्ध

**7. अशोक कहाँ का सम्राट था?**
(A) कलिंग (B) मगध
(C) उज्जैन (D) सभी गलत है।

**8. अशोक का शस्त्र त्याग में कुल कितने मुख्य पात्र हैं?**
(A) एक (B) दो
(C) तीन (D) चार

**9. सैनिक के वेश में साक्षात चंडी सी कौन दिखती है?**
(A) रानी लक्ष्मीबाई (B) पदमा
(C) अशोक की पत्नी (D) काली

**10. सैनिकों को तलवार फेंकने का आदेश किसने दिया?**
(A) सम्राट अशोक ने (B) पद्मा ने
(C) सेनापति ने (D) बौद्ध भिक्षु ने

**11. मैं स्त्रियों पर शस्त्र नहीं चलाऊँगा। किसने कहा?**
(A) सेनापति ने (B) अशोक ने
(C) सैनिकों ने (D) इन सभी ने

**12. क्या साक्षात दुर्गा कलिंग की रक्षा करने के लिए युद्ध भूमि में उतर आई है ।किसने कहा?**
(A) अशोक ने (B) संवाददाता ने
(C) सैनिकों ने (D) बौद्ध भिक्षुओं ने

**13. कहाँ है अशोक ? कहाँ है मेरे पिता का हत्यारा ? मैं उससे द्वंद युद्ध करना चाहती हूँ । किसने कहा?**
(A) पद्मा ने (B) सम्राट अशोक ने
(C) सैनिकों ने (D) सेनापति ने

**14. सम्राट अशोक ने किस के सामने प्रतिज्ञा ली?**
(A) पदमा के
(B) सैनिकों के
(C) बौद्ध भिक्षु के
(D) माता- पिता के

**15. सम्राट अशोक ने क्या प्रतिज्ञा ली?**
(A) प्रजा की भलाई करने का
(B) सभी प्राणियों को सुख और शांति पहुँचाना
(C) सभी धर्मों का समान आदर करना
(D) यह सभी

## रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-

**1. ............ के द्वारा राज्य जीते जा सकते हैं, हृदय नहीं।**

**2. ............... और उनके सभी सरदार पीले वस्त्र धारण किए हुए थे।**

**3. सेना के आगे............... रेस में एक वीरांगना है जो सैनिक वेश में चंडी से दिखती है।**

**4. कलिंग की स्त्रियां कुछ और नहीं बल्कि ................ चाहती हैं।**

**5. अशोक का शस्त्र त्याग मगध- कलिंग युद्ध की प्रसिद्ध ....................घटना का उल्लेख है।**

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (A) | 3. (B) |
| 4. (C) | 5. (A) | 6. (D) |
| 7. (B) | 8. (D) | 9. (B) |
| 10. (A) | 11. (B) | 12. (A) |
| 13. (A) | 14. (C) | 15. (D) |

## रिक्त स्थानों की पूर्ति करें- उत्तर

1. युद्ध
2. सम्राट अशोक
3. पुरुष
4. युद्ध
5. ऐतिहासिक

© JCERT not to be republished

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न - उत्तर

**17. अशोक का शस्त्र त्याग पाठ के द्वारा किस सत्य को उजागर किया गया है?**

उत्तर अशोक का शस्त्र त्याग पाठ के द्वारा इस सत्य का उजागर किया गया है कि युद्ध या हिंसा द्वारा राज्य जीते जा सकते हैं, हृदय नहीं।

**18. एकांकी में कितने अंक होते हैं?**

उत्तर एकांकी में एक ही अंक होते हैं।

**19. कलिंग महाराज की कन्या पद्मा ने पिता का हत्यारा किसे कहा है?**

उत्तर राजकुमारी पद्मा ने सम्राट अशोक को अपने पिता का हत्यारा कहा है।

**20. कलिंग और मगध के बीच कुल कितने सालों से युद्ध चल रहा था?**

उत्तर और मगध के बीच 4 सालों से युद्ध चल रहा था।

**21. कलिंग के महाराज को युद्ध भूमि में वीरगति प्राप्त होने के बाद युद्ध का भार किसने संभाला?**

उत्तर कलिंग के महाराज के युद्ध भूमि में वीरगति प्राप्त होने के बाद युद्ध का भार राजकुमारी पद्मा ने संभाला।

**22. राजकुमारी पद्मा ने अपनी सेना को कौनसा प्रण करने को कहा?**

उत्तर राजकुमारी पद्मा ने अपनी सेना से कहा कि- "तुम, प्रण करो कि जननी जन्मभूमि को पराधीन होते देखने से पहले तुम सदा के लिए अपनी आँखे बंद कर लोगी"।

**23. सम्राट अशोक ने अहिंसा की दीक्षा किससे ली ?**

उत्तर सम्राट अशोक ने अहिंसा की दीक्षा बौद्ध भिक्षु से ली।

## लघु उत्तरीय प्रश्नोतर

**24. सम्राट अशोक क्यों चिंतित थे?**

उत्तर सम्राट अशोक कलिंग पर विजय प्राप्त करना चाहते थे। चार वर्षों से लगातार युद्ध चलने के कारण लाखों सैनिक मारे गए थे और लाखों लोग घायल भी हो गए थे। युद्ध में जीत मिलेगी या नहीं, यह भी निश्चित नहीं था। इसलिए सम्राट अशोक चिंतित थे।

**25. पदमा अपनी सेना को युद्ध - भूमि में क्या प्रण करने को कहती है?**

उत्तर पदमा अपनी सेना में शामिल सभी वीरांगनाओं को युद्ध भूमि में यह प्रण लेने को कहती है कि- जननी - जन्मभूमि को पराधीन होते देखने के पूर्व हम सदा के लिए अपनी आंखें बंद कर लेंगे। इसके पहले कि हमारा कलिंग पराधीन हो जाए हम इसकी स्वतंत्रता को बचाने के लिए मर मिटेंगे।

**26. पदमा की युद्ध करने की चुनौती को स्वीकार ना करना, अशोक के चरित्र की किस विशेषता को प्रकट करता है?**

उत्तर सम्राट अशोक, भारतीय इतिहास में सफल शासक, प्रजा पालक और दृढ़- प्रतिज्ञ पुरुष के रूप में विख्यात थे। ऐसे में राजकुमारी पदमा की युद्ध की चुनौती को स्वीकार न करके, उन्होंने स्त्रियों के प्रति सम्मान की भावना और अहिंसा का व्रत लेने वाले ऐतिहासिक पुरुष की विशेषता प्रकट की।

**27. पद्मा ने सम्राट अशोक को जीवित क्यों छोड़ा ?**

उत्तर पद्मा ने सम्राट अशोक को जीवित छोड़ दिया क्योंकि सम्राट अशोक स्त्रियों पर शस्त्र प्रयोग करना शास्त्रों के विरुद्ध समझते थे और शस्त्र त्याग कर अहिंसा का मार्ग चुन लिए थे। ऐसे में राजकुमारी पद्मा ने भी निहत्थे पर वार ना करने एवं सम्राट अशोक के अहिंसा के मार्ग पर चलने के प्रण को पूरा करने के लिए उन्हें जीवित छोड़ दिया।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न- उत्तर

**28. पदमा और अशोक के बीच हुए संवादों के परिणाम स्वरुप अशोक के विचारों में क्या परिवर्तन हुआ?**

उत्तर पदमा और अशोक के बीच हुए संवादों के परिणाम स्वरूप सम्राट अशोक के विचारों में अभूतपूर्व परिवर्तन आया। उसने अहिंसा का मार्ग अपनाने, स्त्रियों पर शस्त्र ना उठाने, प्रेम और करुणा के सदाचार को अपनाते हुए सैन्य सहित स्वयं भी शस्त्र त्याग का कार्य किया। अपना जीवन प्रजा की भलाई, सभी प्राणियों के सुख-शांति के प्रयत्नों में बिताने का प्रण लेते हैं। उन्होंने इस कार्य हेतु बौद्ध - धर्म की शरण ग्रहण कर लिया।

**29. सम्राट अशोक ने बौद्ध भिक्षु के सामने क्या-क्या प्रतिज्ञाएँ की ?**

उत्तर सम्राट अशोक ने बौद्ध भिक्षु के सामने निम्नलिखित प्रतिज्ञाएँ कि- "जब तक मेरे शरीर में प्राण रहेंगे, अहिंसा ही मेरा धर्म होगा, मैं सब से प्रेम करूँगा और मेरी करुणा का सदाव्रत सबको मिलेगा। मैं जीवन भर प्रजा की भलाई करूँगा। सभी प्राणियों को सुख और शांति पहुँचाने का प्रयत्न करूँगा। सब धर्मों को समान दृष्टि से देखूंगा"।

**30. दिए गए मुहावरों का आशय स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग करें ?**

**(A) लोहा लेना**

**(B) गोद सुनी होना**

**(C) आँखें बंद कर लेना**

**(D) माँग का सिंदूर पोछना**

**(E) मंत्रमुग्ध होना।**

उत्तर संकेत के आधार पर.....

A युद्ध या मुकाबला करना

B संतान विहीन

C मृत्यु होना

D विधवा बनाना

E सम्मोहित होना।

**31. एकांकी किसे कहते हैं? इसकी विशेषता बताएं।**

उत्तर एकांकी एक लघु नाटक होता है, जिसका केवल 1 अंक होता है। एकांकी दृश्य काव्य या नाटक की श्रेणी में आता है, क्योंकि एकांकी में कहानी को एक ही अंक में समेटना होता है। यह लघु नाटक की श्रेणी में आता है।

© JCERT not to be republished

एकांकी की अधिकतम अवधि लगभग 30 मिनट की होती है।

**32. अस्त्र और शस्त्र में क्या अंतर है?**

उत्तर अस्त्र, उसे कहते हैं जिसे मंत्रों के द्वारा दूरी से फेंका जाता है। यह अग्नि, गैस, विद्युत या यांत्रिक उपायों से चलते हैं।

शस्त्र,सबसे खतरनाक हथियार हैं, जिनके प्रहार से चोट पहुंचती है और मृत्यु भी होती है । यह हथियार अधिक उपयोग किए जाते हैं। जैसे- गदा, चक्र, तीर, तोमर, फरसा इत्यादि।

**33. शास्त्र से क्या अभिप्राय है?**

उत्तर शास्त्र का अर्थ अनुशासन या उपदेश करना है अर्थात जो शिक्षा अनुशासन प्रदान करें, हमारी रक्षा करती है, मार्गदर्शन करती है ,कभी-कभी हमारी उंगली पकड़कर हमें चलाती है ,उसे शास्त्र कहा जाता है। जैसे सम्राट अशोक शास्त्र - सम्मत नियम के अनुसार स्त्रियों पर शस्त्र चलाना नहीं चाहते थे और राजकुमारी पद्मा के युद्ध के लिए ललकारने के बाद भी उन्होंने अहिंसा का मार्ग अपनाया।

© JCERT not to be republished

# पाठ - 7 डायन : एक अंधविश्वास

लेखक- डॉ॰ दीनानाथ सिंह

## बहुविकल्पीय प्रश्नोतर

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प को चुने:-**

1. **डायन: एक अंधविश्वास कविता के कवि कौन है:-**
(A) माखनलाल चतुर्वेदी (B) जयशंकर प्रसाद
(C) डॉ दीनानाथ सिंह (D) डॉ हरिवंश राय बच्चन

2. **डायन: एक अंधविश्वास लेखन की कौन सी विधा है:-**
(A) कहानी (B) कविता
(C) निबंध (D) पत्र

3. **बाँसों के झुरमुट के बीच एक कुटिया में कौन रहती थी:-**
(A) एक बुढ़िया (B) एक लड़की
(C) एक बच्ची (D) एक बूढ़ा

4. **वह किसकी औरत थी?**
(A) किसान की (B) मजदूर की
(C) चरवाहे की (D) सिपाही की

5. **बुढ़िया के बारे में कितनी कहानियाँ फैली हैं-**
(A) एक (B) दो
(C) जितने मुँह उतनी बातें (D) कुछ भी नही

6. **बुढ़िया के सामने आने पर लोग हाथ क्यों जोड़ते थे?**
(A) सम्मान से (B) खुशी से
(C) डर से (D) अचरज से

7. **उस बुढ़िया के गाँव में कैसे लोग रहते थे?**
(A) पढ़े-लिखे, ज्ञानी- विज्ञानी
(B) भूत प्रेत और डायन
(C) अनपढ़ और मूर्ख
(D) बहुत अच्छे

8. **आधुनिक समाज का सबसे बड़ा कलंक किसे कहना चाहिए।**
(A) बढ़ती साक्षरता दर को (B) घटती गरीबी को
(C) डायन प्रथा को (D) बेटी पढ़ाने को

9. **डायन:- एक अंधविश्वास कविता समाज में फैले किस रूप पर चोट करती है:-**
(A) आत्मविश्वास पर (B) अंधविश्वास पर
(C) बुढ़िया पर (D) शिक्षा पर

10. **नैहर का अर्थ क्या होता है:-**
(A) पति का घर (B) पिता का घर
(C) नाना का घर (D) इनमें से कोई नहीं

11. **लोग डायन कहकर बूढ़ी और लाचार महिलाओं का क्या कर देते हैं ?**
(A) सेवा करते हैं
(B) आदर करते हैं
(C) ख्याल रखते हैं
(D) निर्वस्त्र कर अपमानित करते हैं और जला देते हैं।

12. **कानून की किसी किताब में किसका उल्लेख नहीं है:-**
(A) डायन के अस्तित्व का (B) चिकित्सा शास्त्र का
(C) अंधविश्वासों का (D) समाज के कलंक का

13. **वास्तव में औरतें समाज में किस रूप में प्रतिष्ठित हैं:-**
(A) बेटी, बहन, पत्नी, माँ आदि
(B) भूत प्रेत
(C) डायन,पिशाचिनी
(D) इनमें से कोई नहीं

14. **हमें समाज से किस शब्द को बहिष्कृत कर देना है:-**
(A) बुढ़िया को (B) ज्ञानी विज्ञानी को
(C) डायन को (D) औरत को

15. **समाज में डायन प्रथा का अस्तित्व 21वीं शताब्दी में भी किसने बना रखा है:-**
(A) अंधविश्वासों ने (B) चिकित्सा शास्त्र
(C) पढ़े लिखे लोगों ने (D) गाँव की औरतों ने

16. **डायन प्रथा क्या है?**
(A) एक अंधविश्वास (B) समाज का कलंक
(C) स्त्रियों का अपमान (D) इनमें से सभी

17. **समाज में डायन प्रथा की सोच को क्या करना है:-**
(A) सम्मानित (B) परिष्कृत
(C) स्वीकृत (D) कुंठित

18. **गांव के किस ओर है उस बुढ़िया का घर:-**
(A) पूरब (B) पश्चिम
(C) उत्तरे (D) दक्षिण

19. **इस कविता के माध्यम से कवि समाज के कमजोर लाचार गरीब महिलाओं को क्या दिलाना चाहते हैं:-**
(A) अपमान (B) सम्मान
(C) बहिष्कार (D) इनमें से कोई नहीं

20. **उस बुढ़िया की उम्र कितनी हो गई थी?**
(A) 80 (B) 72
(C) 75 (D) 76

21. **बुढ़िया भीख क्यों माँगती थी?**
(A) वह कमजोर हो गयी थी, काम नहीं कर पाती थी पेट भरने के लिए भीख माँगती थी।
(B) वह आलसी थी।
(C) उसे भीख माँगना अच्छा लगता था
(D) उसके घर वाले उसे भीख माँगने कहते थे।

22. **गांव के लोग उस बुढ़िया के साथ कैसा व्यवहार करते थे?:-**
(A) बहुत अच्छा (B) बहुत बुरा

© JCERT not to be republished

(C) थोड़ा अच्छा (D) इनमें से कोई नहीं

**23. मजबूरी, परेशानी, पहाड़ी, खेती, गरीबी में कौन सा प्रत्यय लगा है?**

(A) री (B) ती

(C) ई (D) इ

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

1. (C) डॉ॰ दीनानाथ सिंह
2. (B) कविता
3. (A) एक बुढ़िया
4. (B) मजदूर की
5. (C) जितने मुँह उतनी बात
6. (C) डर से
7. (A) पढ़े-लिखे, ज्ञानी-विज्ञानी लोग
8. (C) डायन प्रथा को
9. (B) अंधविश्वास पर
10. (B) पिता का घर
11. (D) अपमानित और निर्वस्त्र कर जला देते हैं।
12. (A) डायन के अस्तित्व का
13. (A) बेटी, बहन, पत्नी, माँ आदि
14. (C) डायन को
15. (C) पढ़े लिखे लोगों ने
16. (D) इनमें से सभी
17. (B) परिष्कृत
18. (A) पूरब
19. (B) सम्मान
20. (C) 75
21. (A) वह कमजोर हो गई थी, काम नहीं कर पाती थी पेट भरने के लिए भीख माँगती थी।
22. (B) बहुत बुरा
23. (C) ई

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

**निम्नलिखित कविता के रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों के द्वारा करें-**

**एक, बाँसों**

**1. ................ की झुरमुट के बीच बनी है एक कुटिया उसमें रहती है................ बुढ़िया।**

उत्तर बाँसों

उत्तर एक

**2. उचित शब्दों के द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करें ।**

**मरा, विधवा, निपुती, सहेली**

**वह.................है................है जवानी में मर गए थे उसके पति तब गोद का बालक..................था कोई नहीं उसकी................।**

उत्तर विधवा

उत्तर निपुती

उत्तर मरा

उत्तर सहेली

**II. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर उत्तर एक शब्द या अधिकतम 20 शब्दों में दें।**

**कैसे हैं गांव के लोग?**
**पढ़े-लिखे लोग!**
**ज्ञानी विज्ञानी**
**पर है कितने अज्ञानी!**
**सभी करते हैं विश्वास**
**भूत प्रेत और डायन में!**
**आए दिन मारी जाती हैं औरतें**
**डायन के नाम पर**
**उन्हें निर्वस्त्र किया जाता है**
**किया जाता है अपमानित**
**कभी आग में जिंदा जलाया जाता है**

**1. उपरोक्त पंक्तियाँ किस कविता की हैं?**

उत्तर उपरोक्त पंक्तियाँ डायन एक अंधविश्वास कविता की है।

**2. उपरोक्त कविता के कवि का नाम लिखें।**

उत्तर उपरोक्त कविता के कवि का नाम डॉ दीनानाथ सिंह हैं।

**3. इस कविता के अनुसार गाँव में किस प्रकार के लोग रहते हैं?**

उत्तर इस कविता के अनुसार गाँव में अनपढ़ ,अशिक्षित लोगों के साथ-साथ बहुत से पढ़े लिखे एवं ज्ञानी विज्ञानी लोग भी रहते हैं।

**4. गाँव के सभी लोग किन चीजों में विश्वास रखते हैं?**

उत्तर गाँव के सभी लोग भूत प्रेत और डायन में विश्वास रखते हैं।

**5. जो बूढ़ी औरतों को डायन बोलकर उनके साथ कैसा व्यवहार करते हैं?**

उत्तर लोग बूढ़ी औरतों को डायन बोलकर निर्वस्त्र कर अपमानित करते हैं और जिंदा भी जला देते हैं।

**डरने लगे बच्चे**
**वह माँगने लगी भीख**
**देखकर हट जाते थे लोग**
**75 बरस की हो गई थी वह**
**चलने फिरने में लाचार**
**नहीं कर पाती थी मजदूरी**
**मगर बाहर निकलने की मजबूरी!**

© JCERT not to be republished

**गाँव की औरतें रहती थी चौकन्नी**
**दूर से फेंक दी थी अठन्नी**
**वह देखो डायन आ रही है**
**भाग चलो दूसरे रास्ते से।**

**1. उपरोक्त पंक्तियाँ पाठ्यपुस्तक भाषा मंजरी की कौन सी कविता से है?**

उत्तर उपरोक्त पंक्तियाँ पाठ्यपुस्तक भाषा मंजरी की डायन: एक अंधविश्वास की हैं।

**2. उपरोक्त कविता के कवि का नाम लिखें।**

उत्तर डॉ दीनानाथ सिंह।

**3. बच्चे उस बूढ़ी महिला से क्यों डरने लगे ?**

उत्तर गाँव के लोग उस बूढ़ी महिला के दुबले-पतले कमजोर तेज विहीन शरीर को देखकर उसे डायन कहते थे। गाँव के बड़े बूढ़े उस महिला से दूर भागते थे किसी अनिष्ट की शंका से। अतः बच्चे भी उसके पास जाने से डरने लगे।

**4. घर से बाहर निकलना उस बूढ़ी औरत के लिए मजबूरी क्यों थी?**

उत्तर वह बूढ़ी औरत अपने घर में अकेली थी। उसका कोई सहारा नहीं था। अतः अपना पेट भरने के लिए उसे बाहर आना पड़ता था।

**5. गाँव की औरतें उस बूढ़ी औरत को देखकर क्या करती थी? बुढ़िया के साथ उनका व्यवहार कैसा था?**

उत्तर गाँव की औरतें उस बूढ़ी औरत को देखकर दूर खिसक जाती थी। यदि गलती से वह किसी के पास गुजरती तो उसके साथ अछूतों जैसा व्यवहार होता। कभी-कभार डर से लोग हाथ जोड़कर प्रणाम कर लिया करते थे। वह भीख मांगती तो दूर से ही अठन्नी आदि फेंक दिया करती थी। क्योंकि उसके नजदीक आने से लोगों को अपने अनिष्ट की शंका होने लगती थी। अतः उस बूढ़ी औरत के साथ गाँव की महिलाओं का अच्छा व्यवहार नहीं था।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या अधिकतम 20 शब्दों में दें।**

**1. बुढ़िया के पति कब मरे थे?**

उत्तर जवानी में

**2. बुढ़िया की कंकाल जैसी सूरत देखकर बच्चे क्या करने लगे?**

उत्तर डरने लगे।

**3. वह भीख माँगने के लिए मजबूर क्यों थी?**

उत्तर वह चलने फिरने में और काम करने में लाचार हो गई थी। अपना पेट भरने के लिए उससे भीख मांगना पढ़ता था।

**4. लोग इधर-उधर 100 बातें करते किंतु बुढ़िया के नजदीक आते ही हाथ जोड़ते ऐसा क्यों?**

उत्तर डर से ऐसा करते थे।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**1. लोग अकेली महिलाओं को उनके वृद्धावस्था में डायन कहकर पुकारने लगते हैं। इसका क्या कारण हो सकता है? इसमें सुधार कैसे होगा।**

उत्तर लोग अशिक्षा, दुर्भावना, मानवीयता का अभाव ईर्ष्या, कपट आदि के कारण अकेली महिलाओं के साथ इस तरह का व्यवहार करते होंगे।

इस परिस्थिति में सुधार की पहली सीढ़ी है शिक्षा का सुचारू रूप से प्रचार प्रसार। जिसमें बाल शिक्षा, महिला शिक्षा को जुझारू रूप से चलाया जाए ताकि लोगों के जीवन स्तर ऊंचा हो सके। महिलाओं को शिक्षित होने के साथ-साथ स्वावलंबी भी होना होगा। उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करनी होगी। उनके बौद्धिक एवं सामाजिक स्तर का विकास हो सके। जहाँ बौद्धिक स्तर एवं सामाजिक स्तर पर लोगों का विकास होगा तब समाज से इन सब को दूर किया जा सकता है।

**2. गाँव के लोग अकेली औरत को डायन कह कर उसके साथ कैसा व्यवहार करते थे?**

उत्तर गाँव के लोग अकेले बूढ़ी औरत को डायन कह कर उसके साथ बहुत बुरा व्यवहार करते थे। उसकी मदद कोई नहीं करता। उससे सभी दूरी बनाकर रहते थे। उसका अकेला जीवन यातना से भरा लगता था। उसके पति और बच्चे की मौत का दोष भी उसी के ऊपर लगाया जाता था। यहाँ तक की गाँव के किसी भी व्यक्ति को दुख या परेशानी आ जाए तो उसी के ऊपर दोष दिया जाता था। यह सब जानते हुए भी की वह बुढ़िया अपने नैहर नहीं गई। काफी लाचार हो जाने के बावजूद भी उसी गाँव में भीख माँग कर अपना गुजारा करती थी।

**3. पाठ के आधार पर बताइए कि समाज से डायन कुप्रथा को कैसे दूर किया जा सकता है?**

उत्तर कवि ने पाठ में बताया है कि डायन नामक कुप्रथा को समाज के लोगों को अपनी सोच परिष्कृत करके दूर करना पड़ेगा ।

- इस प्रथा के पक्षधरों को कानून कठोरतम दंड दे ताकि लोग इसकी पुनरावृत्ति ना कर सके।
- औरतों के मान-सम्मान का ख्याल रखा जाए।
- बालिका एवं बाल-शिक्षा पर जोर दिया जाए
- महिलाएँ आर्थिक रूप से मजबूत हो।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें**

**1. 'कैसे हैं गांव के लोग, पढ़े-लिखे लोग।' इन पंक्तियों में कैसी चिंता है ?**

उत्तर लेखन के मुख्य बिंदु

- गांव के अनपढ़ अशिक्षित लोगों के बारे में लिखें
- गांव में रहने वाले पढ़े-लिखे लोगों के बारे में लिखें

- पढ़े लिखे एवं अशिक्षित लोगों की डायन प्रथा के प्रति एक समान रवैया है उसे लिखें
- पढ़े-लिखे लोग जब अपने बुद्धि का परिष्कार करेंगे तब समाज में इस प्रथा के प्रति बदलाव होगा उसे लिखें।

2. **"लोग अकेली महिलाओं को उनके वृद्धावस्था में डायन कह कर पुकारने लगते हैं।" इसका क्या कारण हो सकता है? इसमें सुधार कैसे होगा उसे लिखें?**

उत्तर लेखन के मुख्य बिंदु

- बुढ़ापे में शारीरिक अवस्था कैसी विकृत हो जाती है उसे लिखें।
- अशिक्षा, लोभ, ईर्ष्या, द्वेष, दोषपूर्ण, न्यायिक प्रक्रिया किस प्रकार दोषी बनते हैं उसे लिखें।
- शिक्षा ,सहिष्णुता, सद्भावना, न्यायिक प्रक्रिया में सुधार करके इन प्रथाओं को दूर किया जा सकता है लिखें।

© JCERT not to be republished

# पाठ - 8 अमरूद का पेड़

लेखक- ज्ञानरंजन जन्म 13•12•1937

## बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. लेखक के घर के सामने किस चीज का पेड़ उग आया था?**

(A) केले का (B) गुलदाउदी का
(C) आम का (D) अमरूद का

**2. बाबू कन्हैया लाल की बूढ़ी पत्नी ने अमरूद के पेड़ के बारे में क्या कहा?**

(A) पश्चिम की तरफ मकान का मुखड़ा हो तो दरवाजे के सामने अमरूद का पेड़ शुभ होता है ।
(B) पश्चिम की तरफ मकान का मुखड़ा हो तो अमरूद का पेड़ अशुभ होता है।
(C) पश्चिम की तरफ मकान का मुखड़ा हो तो सामने केले का पौधा शुभ होता है।
(D) पश्चिम की तरफ मकान का मुखड़ा हो तो सामने गुलदाउदी का पौधा शुभ होता है।

**3. लेखक की माताजी जेल में रह चुकी थी क्यों?**

(A) सत्याग्रह के समय
(B) सविनय अवज्ञा के समय
(C) सिपाही विद्रोह के समय
(D) इनमें से कोई नहीं।

**4. लेखक की माताजी जिस जेल में रही थी; वह जेल कहां है-**

(A) अजमेर में (B) लाहौर में
(C) इलाहाबाद में (D) दिल्ली में

**5. लेखक की बुआ ने विवाह नहीं किया क्यों?**

(A) पढ़ने लिखने के कारण
(B) घर की समस्याओं के कारण
(C) पड़ोसियों के कारण
(D) बाबू कन्हैया लाल की पत्नी के कारण।

**6. किसने अंतरजातीय विवाह किया था?**

(A) लेखक के चचेरे भाई ने
(B) लेखक के अपने भाई ने
(C) खुद लेखक ने
(D) कन्हैयालाल ने।

**7. 'अमरूद का पेड़ पाठ' में किसकी बातें बिल्कुल बेहूदा एवं फूहड़ थी?**

(A) लेखक की माँ की
(B) लेखक की बुआ की
(C) लेखक के भाई की
(D) कन्हैया लाल की बूढ़ी पत्नी की।

**8. लेखक की अम्मा के सुंदर मुखाकृति पर क्या व्याप्त हो गया था?**

(A) सुख (B) भय
(C) निराशा (D) पिछड़ापन

**9. किसने सर्वप्रथम देखकर बताया कि अमरुद में तीन-चार सफेद फूल आ गए हैं।**

(A) पप्पू ने (B) राखाल ने
(C) मिट्टू ने (D) पिताजी ने

**10. अमरूद की पहली फसल तोड़ कर फेंक देने से दूसरी बारी में खूब और अच्छे फल आते हैं यह बात किसने कही-**

(A) घोष बाबू ने (B) घोष बाबू के माली ने
(C) मिट्टू ने (D) कन्हैयालाल ने

**11. अमरूद की पत्तियों में सूरन पका कर खाने को किसका जी ललचाता था?**

(A) माता जी का (B) चुन्नू का
(C) दीदी का (D) पिताजी का

**12. लेखक किस बात को लेकर रोमांचित एवं प्रसन्न चित्त हो उठते हैं?**

(A) नई पीढ़ी बड़े अनुपात में आधुनिक हो चली है।
(B) नई पीढ़ी पढ़ने लगी है।
(C) पिताजी के विचार उच्च हैं
(D) माताजी स्वतंत्रता सेनानी रह चुकी हैं।

**13. धीरे-धीरे अब कौन लेखक के परिवार का खूबसूरत हिस्सा हो गया है?**

(A) एक तोता (B) एक गुलदाउदी का पौधा
(C) केले का पौधा (D) एक अमरूद का पेड़

**14. वह अमरूद का पेड़ लेखक एवं उनके भाई बहनों को किस चीज का भान कराता था ?**

(A) जागृति का (B) दुर्गति का
(C) सद्‌गति का (D) कलेश का।

**15. लेखक की माताजी किस से असहयोग कर रही थी?**

(A) पिताजी के साथ
(B) देश के साथ
(C) ब्रिटिश के साथ
(D) बच्चों के विचारों के साथ

**16. शहर में रह रहे लेखक को अमरुद और खत किसने भिजवाए थे?**

(A) मिट्टू (B) राखाल ने
(C) पप्पू ने (D) चुन्नू ने

© JCERT not to be republished

**17. लेखक को एहसास की चादर ओढ़ने का अनुभव किन की चिट्ठियों में होता था?**

(A) माताजी की चिट्ठियों में
(B) पिताजी की चिट्ठियों में
(C) राखाल की चिट्ठियों में
(D) मिट्ठू की चिट्ठियों में

**18. "माँ के बाएँ फेफड़े में जो धब्बा निकल आया था। वह पुनः उभर आया है। यह सब किसी अशुभ ग्रह नक्षत्र का दुष्परिणाम है।" यह किसका कथन है?**

(A) लेखक का (B) पिताजी का
(C) कन्हैया लाल का (D) माता जी का

**19. भौजाई से पप्पू को किस बात की डाँट पड़ती थी?**

(A) वह अपने दोस्तों पर खूब अमरुद लुटाता था
(B) वह अमरूद खाता था
(C) वह अमरूद तोते को खिलाता था
(D) इनमें से कोई नहीं

**20. लेखक की पहली छुट्टी में घर जाने की उत्सुकता घर पहुँचते ही निराशा में क्यों बदल गई ?**

(A) जमुना ब्रिज से गुजरती गाड़ी को देखकर
(B) अजीब भयानक विराटता के ख्याल आने पर
(C) अपनी व्याकुलता देखकर
(D) घर के बड़ों में कोई स्वागत का भाव न देखकर

**21. जब लेखक के भाई बहनों में धीरे-धीरे जिंदगी की बुलंदी विकसित हो रही थी तब अचानक क्या हो गया था?**

(A) उनकी माँ को मिथ्या भय ने पराजित कर दिया था
(B) उनके पिता को मिथ्या भाई ने पराजित कर दिया था
(C) उनकी बुआ को मिथ्या भय ने पराजित कर दिया था
(D) उन सभी को मिथ्या भाई ने पराजित कर दिया था

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | (D) | अमरूद का |
| 2 | (B) | पश्चिम की तरफ मकान का मुखड़ा हो तो दरवाजे के सामने अमरूद का पेड़ शुभ होता है । |
| 3 | (A) | सत्याग्रह के समय |
| 4 | (A) | अजमेर के जेल में |
| 5 | (A) | पढ़ने लिखने के कारण |
| 6 | (A) | लेखक के चचेरे भाई ने |
| 7 | (D) | कन्हैया लाल की बूढ़ी पत्नी की |
| 8 | (B) | भय |
| 9 | (C) | मिट्ठू ने |
| 10 | (B) | घोष बाबू के माली ने |
| 11 | (C) | दीदी का |
| 12 | (A) | नई पीढ़ी बड़े अनुपात में आधुनिक हो चली है |
| 13 | (D) | अमरूद का पेड़ |
| 14 | (A) | जागृति का |
| 15 | (D) | बच्चों के विचारों के साथ |
| 16 | (B) | मिट्ठू ने |
| 17 | (B) | पिताजी की चिट्ठियों में |
| 18 | (B) | पिताजी का |
| 19 | (A) | वह अपने दोस्तों पर खूब अमरुद लुटाता था |
| 20 | (D) | घर के बड़ों में कोई स्वागत भाव न देखकर |
| 21 | (A) | उनकी माँ को मिथ्या भय ने पराजित कर दिया था। |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में या अधिकतम 20 शब्दों में दे-**

**1. शुरुआत में अमरूद के पेड़ के प्रति लेखक के परिवार वालों का रवैया कैसा था?**

उत्तर बेहद उदासीन और लापरवाह

**2. अशुभ की बात सुनकर अपने कुनबे के प्रति भय किस के मन में भर आया था?**

उत्तर लेखक की माताजी के मन में।

**3. लेखक के पिता का स्वभाव कैसा है?**

उत्तर वे एक राजनैतिक सामाजिक उदारता वाले व्यक्ति हैं।

**4. अपशकुनी विश्वासों की जहरीली छाया से जब अमरूद का पेड़ बच गया तो किसे प्रसन्नता हुई ?**

उत्तर लेखक को

**4. जब नई पीढ़ी ने अमरूद के पेड़ को अपना लिया तो लेखक को कैसा महसूस हुआ?**

उत्तर तब लेखक को महसूस हुआ कि अब निकटतम संबंधियों के यहाँ नई पीढ़ी काफी अनुपात में आधुनिक हो चली है।

**5. लेखक एवं उनके भाई बहनों को किस बात की निश्चिंतता थी?**

उत्तर वे खुश थे कि नई चीजें यूं ही बनती है जैसे अमरूद का पेड़ हम लोगों के बीच अब अपशगुणों के आरोपों को नष्ट करता हुआ धीरे-धीरे बना।

**6 प्रस्तुत गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें-**

**घर के सामने अपने आप ही उगते और फिर बढ़ते हुए एक अमरूद के पेड़ को मैं काफी दिनों से देखता रहा हूँ। केवल देखता ही नहीं, इसे देखने में और भी चीजें शुमार हैं। तीन-चार साल में बड़े हो जाने, फूलने और फल देने के बाद भी उसकी ऊँचाई गंधराज या हरसिंगार के पेड़ से ज्यादा नहीं बढ़ी। शुरु शुरु में तो परिवार के सभी लोगों ने उसके प्रति उदासीनता ही रखी या कहूँ लापरवाही बरती तो गलत नहीं होगा। रामभरोसे पेड़ जब बड़ा हो गया और हमारे मकान का फ्रंट जब भरा-भरा लगने लगा तो सबसे पहले बाबू कन्हैया लाल की बूढ़ी पत्नी ने एक दिन टोका कि पश्चिम की तरफ अगर मकान का मुखड़ा हो और सामने ही 'अमरूद का पेड़ तो**

© JCERT not to be republished

**राम-राम बड़ा अशुभ होता है।' अम्मा के चेहरे पर थोड़ा -सा भय अपने कुनबे के लिए आया पर मुझे विश्वास था कि इन सब पिछड़े ख्यालातों का हमारे घर में गुजर नहीं हो सकेगा।**

**1. लेखक के घर के सामने अमरूद का पौधा कैसे उग आया था?**

उत्तर वह अमरूद का पौधा अपने आप ही उग आया था।

**2. अमरूद का पौधा कितने दिनों में फुलने- फलने लगता है?**

उत्तर तीन-चार साल में।

**3. शुरू-शुरू में उस अमरूद के प्रति लेखक के घर वालों का कैसा व्यवहार था?**

उत्तर बिल्कुल उदासीन और लापरवाही भरा।

**4. अमरूद का पौधा किस प्रकार बड़ा हुआ?**

उत्तर वह अमरूद का पौधा रामभरोसे बढ़ा हुआ।

**5. अमरूद के पेड़ को देखकर अशुभ बताते हुए किसने टोका?**

उत्तर कन्हैया लाल की बूढ़ी पत्नी ने।

**6. अमरूद के पेड़ के प्रति अशुभ प्रभाव को सुनकर लेखक की माताजी को कैसा लगा?**

उत्तर लेखक की माता जी का हृदय अपने कुनबे को लेकर भय से भर गया।

**7. लेखक को क्या विश्वास था?**

उत्तर लेखक को विश्वास था कि पिछड़े ख्यालातों का हमारे घर में गुजर नहीं हो सकेगा।

**उचित शब्दों के द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-**

**पढ़ने-लिखने, पिछड़ेपन, अमरूद, भर्त्सना, बुआ**

1. **हमारी एक............ ने विवाह नहीं किया और.............में ही उन्होंने अपनी जिंदगी डुबो दी।**
2. **मैं अक्सर पाता की अंदरूनी तौर पर भी हम सभी लोगों में कहीं.............. की.............. का भाव अंकुरा रहा है।**
3. **सूखे के लिए कई महीने खूब पके.............. उपलब्ध होते रहे।**
4. **वह अब पूरे......... का एक खूबसूरत हिस्सा हो गया है।**

उत्तर-1 बुआ, पढ़ने-लिखने    2 पिछड़ेपन, भर्त्सना

3 अमरूद    4 परिवार

**II. निम्नलिखित वाक्यों के सामने दिए गए कारक चिन्ह की सहायता से पूरा कीजिए।**

1. **माँ अजमेर.......... जेल कर चुकी हैं- लंबा जेल। (में, ने, को, से)**
2. **दूसरे बरस............... जाड़े में पेड़ खूब लदा-फदा था। (के, मे, पर, से)**
3. **इधर तुम्हारी माँ अमरूद........... पेड़ काटने को कहती हैं। (ने, में, का,पर)**
4. **दुख शरीर.......... मन पर सिमट आया है। (से, के, ने,)**

उत्तर-

1 में    2 के

3 का    4 से

**III. सही कथन पर 'सही' एवं गलत कथन पर 'गलत' लिखें-**

1. **अमरूद का पेड़ लेखक एवं उनके भाई बहनों ने लगाया।**
2. **कन्हैया लाल की पत्नी बहुत अच्छी बातें किया करती थी।**
3. **दूसरे बरस के जाड़े में अमरूद का पेड़ खूब लदा-फदा था।**
4. **लेखक की भाभी अमरूद का पेड़ कटवाना चाहती थी।**

उत्तर-

1 गलत    2 गलत

3 सही    4 गलत

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**1. 'लेखक को क्यों लगता है कि इन सब पिछड़े ख्यालातों का हमारे घर में गुजर नहीं हो सकेगा।'**

उत्तर लेखक का परिवार अपने समय से आगे की सोच विचार रखने वाला परिवार था। वह उस समय के समृद्ध एवं विकसित मानसिकता का परिचायक था। स्वयं उनकी माताजी सत्याग्रह के दिनों में महिला होकर भी लंबी जेल रह चुकी थीं। पिता राजनैतिक एवं समाज एकता उदारता वाले व्यक्ति थे। बुआ ने अपना जीवन पढ़ने लिखने में खपा दिया, विवाह भी नहीं किया।

जिसका परिवार इतनी उन्नत सोच समझ रखने वाला है वहां भला पिछड़े ख्यालातों का गुजर क्यों होता।

**2. अमरूद के पेड़ की छाया किस प्रकार लेखक को उनके भाई-बहनों के साथ जोड़ती थी?**

उत्तर अमरूद के पेड़ की छाया लेखक और उनके भाई बहनों को एक सूत्र में जोड़ती थी। वहाँ अमरूद का नवल-तरु और लेखक और उनके भाई बहन एक साथ बड़े हो रहे थे। जब कम ही दिनों में अमरूद का पेड़ बड़ा हो गया एवं फूलने फैलने लगा। उसकी छाया में बैठकर लेखक एवं उनके भाई बहन अपनी दिनचर्या बिताने लगे। पढ़ना-लिखना, रूठना-मनाना, चर्चा करना सभी उसकी छांव में होता था। पेड़ से उनका आत्मीय लगाव भी हो गया था। उसी प्रेम ने अब तक पेड़ को अंधविश्वास की काली छाया से बचा कर रखा था। इस तरह से हम देखते हैं कि वह अमरूद का पेड़ सभी भाई बहनों के लिए एक सूत्र में बंधने का बंधन था।

**3. लेखक अपने घर वापस जाकर उदासी का अनुभव क्यों करता है?**

उत्तर लेखक जब बहुत दिनों बाद घर लौट रहे थे तो उन्हें लगा कि सभी उनका बड़ा प्रेम से स्वागत करेंगे। परंतु घर की यथा स्थिति बिल्कुल भिन्न थी। वर्षों से बचा कर रखा गया अमरूद का पेड़ कट चुका था। माँ का हृदय मान चुका था कि उनकी बीमारी, बड़ी बहू की खिच-खिच, छोटे बेटे का निठल्लापन एवं घर के व्यवसाय का बिखर

© JCERT not to be republished

जाना सभी अमरूद के पेड़ की अशुभता के कारण ही हो रहा है। इस तरह के पारिवारिक माहौल में लेखक का मन उदास हो गया था।

**4. लेखक की माँ अमरूद के पेड़ के लगे रहने का क्या दुष्परिणाम मानती थी?**

उत्तर लेखक की माँ अमरूद के पेड़ के लगे रहने के निम्नलिखित दुष्परिणाम मानती थी:-

1. उनका स्वयं का बीमार रहना
2. बड़ी बहू की रोज की खिच-खिच एवं अलग रहने की जिद
3. परिवार में उत्पन्न क्लेश
4. घर के व्यवसाय का डूबना।

**5. लेखक को मिट्टू का क्षोभ क्यों अच्छा लगा?**

उत्तर अमरूद का पेड़ कटना वैसे तो लेखक के लिए काफी दुखदाई था। किंतु मिट्टू के क्षोभ से स्पष्ट होता है कि भले अमरुद पुराने खयालों एवं अंधविश्वास के कारण कट गया है किंतु नई पीढ़ी में अंधविश्वास के प्रति आक्रोश है। अतः अगली पीढ़ी रूढ़िवादी एवं अंधविश्वासी खयालों को अपने मन में जगह नहीं देगा। यही सोच कर लेखक को मिट्टू का क्षोभ अच्छा लगा।

**6. आशय स्पष्ट कीजिए कि 'सूरज पिछवाड़े के पीपल के ऊपर आ रहा था और जहाँ अमरूद का पेड़ था वहां धूप का एक चकता तेजी से बड़ा होता दिखा।'**

उत्तर अमरूद का पेड़ घर के जिस अहाते में लगा था; वहाँ बरामदे में हमेशा छाया हुआ करती थी। धूप की गर्माहट वहाँ पहुँच नहीं पाती थी। उसी छाँव में लेखक एवं उनके भाई-बहन हंस-खेलकर बड़े हुए थे। इस प्रकार अंधविश्वास के कारण अमरूद के कट जाने से सबका मन आहत था। वह पेड़ उन भाई-बहनों के मानसिक जागृति का परिचायक भी था। शायद मन की पीड़ा और सूरज के धूप के चकत्ते का ताप मिलकर नवचेतना की जड़े और गहरी कर रही थी।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें**

**1. नौकरी के सिलसिले में घर से जाते हुए लेखक का मन कैसा था? जमुना पुल पर गुजरती हुई गाड़ी मे लेखक को कैसे-कैसे खयाल आ रहे थे? लिखें।**

लेखन के मुख्य बिंदु:-

- अपने घर से जाते समय लेखक के मन की स्थिति क्या थी लिखें।
- गाड़ी जब जमुना ब्रिज से गुजर रही थी उस समय लेखक के मन में जो विचार उठ रहे थे उसे लिखें।

**2. लेखक के पास अमरूद कौन लेकर आया? वे बाजार के अमरुद से किस प्रकार भिन्न थे? उन अमरूदों को देखकर लेखक किन यादों में खो गए?**

लेखन के मुख्य बिंदु:-

- अमरूद लाने वाले का नाम लिखें।
- वे बाजार के अमरुद से किस प्रकार से भिन्न थे लिखें।
- अमरूद देखकर लेखक के मन में आने वाली यादों को लिखें।

**3. अमरूद के लिए मिट्टू का गुस्सा किस प्रकार निकला? यह क्षोभ सामाजिक परिस्थितियों के लिए निहायत जरूरी क्यों है?**

लेखन के मुख्य बिंदु-

- मिट्टू की आँखों से गुस्सा कैसे निकला और शांत हो गया उसे लिखें।
- अंधविश्वासों का विरोध न होगा तो क्या होगा उसे लिखें।

© JCERT not to be republished

# पाठ - 9 क्या निराश हुआ जाए

लेखक- हजारीप्रसाद द्विवेदी

## बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

1. **आजकल प्रत्येक व्यक्ति को किस दृष्टि से देखा जा रहा है?**
(A) घृणा की दृष्टि से (B) प्रेम की दृष्टि से
(C) संदेह की दृष्टि से (D) मित्र की दृष्टि से

2. **आजकल समाचार पत्रों में क्या छपते हैं?**
(A) ठगी एवं डकैती (B) चोरी और तस्करी
(C) भ्रष्टाचार (D) उपर्युक्त सभी

3. **मनुष्य का मनुष्य से प्रेम करना, महिलाओं का सम्मान करना आदि किसका प्रमाण है?**
(A) मानव मूल्य नष्ट होने का
(B) मानव मूल्य बचे रहने का
(C) सामाजिक दबाव का
(D) कानून का भय होना

4. **कानून की त्रुटियों का लाभ उठाने से निम्नलिखित में से कौन लोग संकोच नहीं करते?**
(A) अफ़सर (B) देशभक्त
(C) धर्म भीरू (D) युद्धवीर

5. **भारतवर्ष में किसके संग्रह को अधिक महत्त्व नहीं दिया जाता?**
(A) धन-संपत्ति (B) लोभ-मोह को
(C) काम-क्रोध को (D) भौतिक वस्तुओं को

6. **इस पाठ के लेखक कौन हैं?**
(A) हरिशंकर परसाई (B) भगवती चरण वर्मा
(C) रामधारी सिंह दिनकर (D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

7. **लेखक ने टिकट बाबू को कितने का नोट दिए?**
(A) पचास का (B) दस का
(C) सौ का (D) पाँच सौ का

8. **बस का कंडक्टर अपने साथ बस अड्डे से क्या लाया था?**
(A) दूध और पानी (B) चाय बिस्कुट
(C) मिठाईयाँ और फल (D) टिकट और खुले पैसे

9. **निम्नलिखित में किसे जीवन मूल्य नहीं माना जाता?**
(A) लोभ (B) ईमानदारी
(C) सेवा (D) आध्यात्मिकता

10. **बस गन्तव्य से कितने किलोमीटर पर खराब हो गई?**
(A) पाँच (B) आठ
(C) तीन (D) दस

11. **लेखक का मन क्यों बैठ जाता है?**
(A) लालच के कारण
(B) भ्रष्टाचार के कारण
(C) अधिक रुकावट के कारण
(D) चिंता के कारण

12. **श्रमजीवियों की कैसे दशा हो रही है?**
(A) आनंदमग्न हैं (B) पिस रहे हैं
(C) खुशहाल हैं (D) शासन कर रहे हैं

13. **लेखक के अनुसार जो कुछ नहीं करता वह क्या है?**
(A) दुखी (B) कर्मठ
(C) सुखी (D) कर्मचारी

14. **लेखक के अनुसार आज चिंता का विषय क्या है?**
(A) लोगों द्वारा दूसरे के दोषों को छुपाना
(B) दूसरे के गुणों को छिपाना
(C) समाज में व्याप्त ठगी, तस्करी, चोरी, डकैती आदि
(D) लोगों द्वारा दूसरे की अच्छाइयों का प्रचार

15. **लेखक मनुष्यता के बारे में क्या कहना चाहते हैं?**
(A) समाप्त नहीं हुई है (B) बाकी है
(C) जिंदा है (D) इनमें से कुछ नहीं

16. **मूर्खता का पर्याय............ समझा जाने लगता है।**
(A) चालाक को (B) झूठ को
(C) ईमानदार को (D) बेईमानी को

17. **मेरा मन कभी-कभी.................है।**
(A) प्रसन्न होता है (B) बैठ जाता है
(C) दुखता है (D) घबराता है

18. **देश में .............आदमी नहीं रह गया।**
(A) ईमानदार (B) तस्कर
(C) भ्रष्टाचारी (D) ठग

19. **गरीबों की गरीबी दूर करने में लगाए गए लोग ........... पर ध्यान देने लगते हैं।**
(A) अभावग्रस्त लोगों पर
(B) विपन्न लोगों पर
(C) भटके हुए लोगों पर
(D) अपनी सुख-सुविधा पर

20. **................ में अधिक दोष दिखाई देता है।**
(A) आम आदमी में
(B) व्यापारियों में
(C) ऊंचे पदों पर बैठे लोगों में
(D) मजदूरों में

© JCERT not to be republished

21. **भारतवासियों ने चरम और परम किसे माना है?**
(A) आंतरिक गुणों को (B) बाहय गुणों को
(C) भौतिक गुणों को (D) आध्यात्मिक गुणों को

22. **लेखक ने बुरा आचरण किसे कहा है ?**
(A) परिश्रम न करना
(B) लोभ-मोह में पड़ना
(C) अपनी बुद्धि को लोभ-काम-क्रोध आदि विकारों के इशारे पर छोड़ देना
(D) काम-क्रोध को प्रधान शक्ति न मानना

23. **कौन-सा बंधन अच्छा है ?**
(A) मोह-माया का बंधन (B) काम-क्रोध का बंधन
(C) संयम का बंधन (D) सांसारिकता का बंधन

24. **भारतवर्ष के आम आदमी का क्या मानना है ?**
(A) कानून धर्म से बड़ी चीज़ है
(B) कानून से धर्म बड़ी चीज़ है
(C) कानून ही बड़ी चीज़ है
(D) पैसा बड़ी चीज़ है

25. **'प्रतिष्ठा' में उपसर्ग बताइए ।**
(A) प्र (B) प्रति
(C) पर (D) आ

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (C) | 2 | (D) | 3 | (B) |
| 4 | (C) | 5 | (D) | 6 | (D) |
| 7 | (C) | 8 | (A) | 9 | (A) |
| 10 | (B) | 11 | (B) | 12 | (B) |
| 13 | (C) | 14 | (B) | 15 | (A) |
| 16 | (C) | 17 | (B) | 18 | (A) |
| 19 | (D) | 20 | (C) | 21 | (A) |
| 22 | (C) | 23 | (C) | 24 | (B) |
| 25 | (A) | | | | |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर लिखें-**

(1) **मैं भी बहुत भयभीत था पर ड्राइवर को किसी तरह मार-पीट से बचाया। डेढ़-दो घंटे बीत गए। मेरे बच्चे, भोजन और पानी के लिए व्याकुल थे। मेरी और पत्नी की हालत बुरी थी । लोगों ने ड्राइवर को मारा तो नहीं पर उसे बस से उतारकर एक जगह घेरकर रखा। कोई भी दुर्घटना होती है तो पहले ड्राइवर को समाप्त कर देना उचित जान पड़ा। मेरे गिड़गिड़ाने का कोई विशेष असर नहीं पड़ा। इसी समय क्या देखता हूँ कि एक खाली बस चली आ रही है और उस पर हमारा बस कंडक्टर भी बैठा हुआ है। उसने आते ही कहा, "अड्डे से नई बस लाया हूँ, इस बस पर बैठिए। वह बस चलाने लायक नहीं है।" फिर मेरे पास एक लोटे में पानी और थोड़ा दूध लेकर आया और बोला, "पंडित जी ! बच्चों का रोना मुझसे देखा नहीं गया।"**

1. **लोग ड्राइवर के साथ क्यों मारपीट कर रहे थे?**
उत्तर क्योंकि रास्ते में बस खराब हो गई थी और बस कंडक्टर उतर कर चला गया था।

2. **बस कंडक्टर कहाँ गया था?**
उत्तर बस कंडक्टर बस अड्डे से दूसरी बस लाने गया था।

3. **किस की हालत खराब हो रही थी?**
उत्तर लेखक, उनकी पत्नी और उनके बच्चे की हालत खराब हो रही थी।

4. **यात्रियों ने ड्राइवर के साथ क्या किया ?**
उत्तर यात्रियों ने ड्राइवर को एक जगह घेरकर रखा।

5. **ड्राइवर को मारपीट से किसने बचाया?**
उत्तर ड्राइवर को लेखक ने मारपीट से बचाया।

(2) **ठगा भी गया हूँ, धोखा भी खाया है, परंतु बहुत कम स्थलों पर विश्वासघात नाम की चीज़ मिलती है। केवल उन्हीं बातों का हिसाब रखो, जिनमें धोखा खाया है तो जीवन कष्टकर हो जाएगा, परंतु ऐसी घटनाएँ भी बहुत कम नहीं हैं जब लोगों ने अकारण सहायता की है, निराश मन को ढाढस दिया है और हिम्मत बँधाई है।**

1. **लेखक के निराश न होने का क्या कारण था?**
उत्तर लेखक के निराश ना होने का कारण था- उसके साथ विश्वासघात का न होना।

2. **'अकारण' शब्द में क्या उपसर्ग है?**
उत्तर अकारण शब्द में 'अ' उपसर्ग है।

3. **लेखक के साथ कैसी घटनाएँ घटी हैं?**
उत्तर लेखक को बहुत बार लोगों ने ढाढस दिया है, हिम्मत बंधाई है और अकारण सहायता भी की है।

4. **लेखक के अनुसार कब जीवन कष्टकर हो जाएगा?**
उत्तर जब हम केवल धोखा और या विश्वासघात को याद रखेंगे तब हमारा जीवन कष्टकर हो जाएगा।

5. **यह गदयांश किस पाठ से लिया गया है एवं इसके लेखक कौन हैं?**
उत्तर यह गदयांश 'क्या निराश हुआ जाए' पाठ से लिया गया है एवं इसके लेखक हैं हजारी प्रसाद द्विवेदी।

(3) **क्या यही भारतवर्ष है जिसका सपना तिलक और गाँधी ने देखा था? रवींद्रनाथ ठाकुर और मदनमोहन मालवीय का महान संस्कृति-सभ्य भारतवर्ष किस अतीत के गहवर में डूब गया? आर्य और द्रविड़, हिंदू और मुसलमान, यूरोपीय और भारतीय आदर्शों की मिलन-भूमि 'मानव महा-समुद्र' क्या सूख ही गया ? मेरा मन कहता है ऐसा हो नहीं सकता। हमारे महान मनीषियों के सपनों का भारत है और रहेगा।**

**यह सही है कि इन दिनों कुछ ऐसा माहौल बना है कि ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलानेवाले निरीह और भोले-भाले श्रमजीवी पिस रहे हैं और झूठ तथा फ़रेब का रोज़गार करनेवाले फल-फूल रहे हैं। ईमानदारी को मूर्खता का पर्याय समझा जाने लगा है, सचाई केवल भीरु और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है। ऐसी स्थिति में जीवन के महान मूल्यों के बारे में लोगों की आस्था हिलने लगी है।**

© JCERT not to be republished

1. **भारतवर्ष की महान सभ्यता - संस्कृति कहाँ डूब गई?**

उत्तर भारतवर्ष की महान सभ्यता- संस्कृति अतीत के गहवर में डूब गई ।

2. **आज के माहौल में कौन ज्यादा परेशान हैं?**

उत्तर ईमानदार, मेहनती और भोले- भाले लोग।

3. **'जीविका' में कौन सा प्रत्यय है?**

उत्तर जीविका में का प्रत्यय है।

4. **सच्चाई किन लोगों के हिस्से में पड़ी है?**

उत्तर सच्चाई भीरु और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है ।

5. **ईमानदारी को क्या समझा जाने लगा है?**

उत्तर ईमानदारी को मूर्खता का पर्याय समझा जाने लगा है।

(4) **दोषों का पर्दाफाश करना बुरी बात नहीं है। बुराई तब मालूम होती है जब किसी के आचरण के गलत पक्ष को उद्घाटित करके उसमें रस लिया जाता है और दोषोद्घाटन को एकमात्र कर्तव्य मान लिया जाता है। बुराई में रस लेना बुरी बात है, अच्छाई में उतना ही रस लेकर उजागर न करना और भी बुरी बात है। सैकड़ों घटनाएँ ऐसी घटती हैं जिन्हें उजागर करने से लोक-चित्त में अच्छाई के प्रति अच्छी भावना जगती है।**

1. **दोषों का निराकरण कैसे होता है?**

उत्तर दोषों को दूसरों के सामने प्रकट कर दोषों का निराकरण होता है।

2. **किसी की कमियों को उजागर करने में रस लेने को बुरी बात क्यों कहा गया है?**

उत्तर क्योंकि किसी की कमियों को उजागर करने में रस लेने से दोषों का निवारण नहीं हो पाता।

3. **किससे रस लिया जाता है?**

उत्तर किसी के आचरण के गलत पक्ष को उद्घाटित करके।

4. **'अच्छाई' संज्ञा का कौन सा भेद है?**

उत्तर भाववाचक संज्ञा

5. **दोषोद्घाटन का संधि -विच्छेद लिखें।**

उत्तर दोष+उद्घाटन

## लघु उत्तरीय प्रश्न

1. **लेखक ऐसा क्यों कहता है कि हर व्यक्ति संदेह की दृष्टि मे देखा जा रहा हैं ?**

उत्तर लेखक का कहना है कि हर व्यक्ति संदेह की दृष्टि से देखा जा रहा है, क्योंकि आज समाज में आरोप-प्रत्यारोप का कुछ ऐसा वातावरण बन गया है कि जैसे देश में कोई ईमानदार आदमी ही नहीं रह गया है। जो जितने ऊँचे पद पर हैं उनमें उतने ही अधिक दोष खोजकर दिखाए जा रहे है, जैसे इनमें कोई गुण ही ना हो।

2. **लेखक ने स्वीकार किया है कि लोगों ने उन्हें भी धोखा दिया है, फिर भी वह निराश नहीं है आपके विचार से इसका क्या कारण हो सकता है?**

उत्तर लेखक ने स्वीकार किया है कि लोगों ने उसे भी धोखा दिया है, फिर भी वह निराश नहीं हैं। इसका कारण यह है कि उसके जीवन में ऐसी घटनाएँ भी बहुत हैं जब लोगों ने अकारण सहायता की है। निराश मन में ढाँढ़स दिया है और हिम्मत बँधाई है। उसे विश्वास है कि समाज में मानवता प्रेम आपसी सहयोग समाप्त नहीं हो सकते।

3. **जीवन के महान मूल्यों के बारे में लोगों की आस्था क्यों हिलने लगी हैं?**

उत्तर जीवन के महान मूल्यों के बारे में लोगों की आस्था हिलने लगी है क्योंकि ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलाने वाले निरीह और भोले-भाले श्रमजीवी पिस रहे हैं और झूठ तथा फरेब का रोजगार करनेवाले फल-फूल रहे हैं। ईमानदारी को मूर्खता का पर्याय समझा जाने लगा है, सच्चाई केवल भीरू और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है।

4. **किन बातों से पता चलता है कि धर्म एवं आध्यात्मिकता के मूल्य दब गए है?**

उत्तर भारत में आज भी अधिकांश लोगों में सेवा, ईमानदारी, सच्चाई और आध्यात्मिकता के प्रति लगाव है। समाज के उच्च वर्ग को यदि छोड़ दिया जाए तो आज भी भारत में मनुष्य मात्र के प्रति प्रेम, महिलाओं को सम्मान, झूठ और चोरी को गलत समझना आदि मूल्य विद्यमान है, वे दब अवश्य गए हैं किन्तु समाप्त नहीं हुए हैं। धर्म को कानून से बड़ा समझा जाता है, लोग धर्म के विरूद्ध नहीं जाते है।न ही कानून की त्रुटियों से लाभ उठाने में संकोच करते।

5. **किसी एक घटना का वर्णन करें जिससे लेखक को पता चलता है कि दुनिया से सच्चाई और ईमानदारी लुप्त नहीं हुई है।**

उत्तर एक बार लेखक ने रेलवे स्टेशन पर टिकट लेते हुए गलती से दस के बजाए सौ रुपये का नोट दिया और जल्दी जल्दी गाड़ी में आकर बैठ गए। थोड़ी देर में टिकट बाबू उन दिनों के सेकेंड क्लास के डिब्बे में हर आदमी का चेहरा पहचानता हुआ उपस्थित हुआ। उसने लेखक को पहचान लिया और बड़ी विनम्रता के साथ हाथ में 90 रूपये रख दिए और बोला गलती हो गई थी आपने भी नहीं देखा, मैंने भी नही देखा।" उसके चेहरे पर विचित्र संतोष की गरिमा थी । लेखक ने इस घटना से यह अनुभव किया कि दुनिया से सच्चाई और ईमानदारी लुप्त नहीं हुई है ।

6. **कविवर रवींद्रनाथ ठाकुर ने अपने प्रार्थना-गीत में ईश्वर से क्या प्रार्थना की है ?**

उत्तर कविवर रवींद्रनाथ ठाकुर ने अपने प्रार्थना गीत में ईश्वर से प्रार्थना की है कि संसार में केवल नुकसान ही उठाना पड़े, धोखा खाना पड़े तो ऐसे अवसरों पर भी हे प्रभो ! मुझे ऐसी शक्ति दो कि मैं तुम्हारे ऊपर संदेह न करूँ।

7. **दोषों का पर्दाफाश करना कब बुरा रूप ले सकता है?**

उत्तर जब कोई व्यक्ति हर समय दूसरे के दोषों और अवगुणों का बखान करता रहता है तब लोग उसे भी गलत समझने लगते हैं। उस समय दोषों का पर्दाफाश करना बुरा रूप ले लेता है। जब कोई व्यक्ति किसी महफिल या विद्वानों की सभा में दूसरे लोगों की आलोचना करता है तब वह हँसी का पात्र बन जाता है।

8. **लेखक दोषों का पर्दाफाश करते समय किस बात से बचने के लिए कहता है?**

उत्तर लेखक दोषों का पर्दाफाश करना बुरा नहीं मानता। पर कई बार किसी के दोषों का पर्दाफाश करते समय हम उसमें रस लेने लगते है और उसके दोषों का उद्घाटन करना ही अपना एकमात्र कर्तव्य मान लेते हैं जो सर्वथा गलत है। अतएव लेखक दोस्तों का पर्दाफाश करते समय उनके उद्घाटन में रस लेने से बचने के लिए कहता है क्योंकि बुराई में रस लेना ठीक नहीं है।

**9. लेखक का मन क्यों बैठ जाता है? इस पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।**

उत्तर लेखक जब समाचार-पत्रों को लूटमार, चोरी, ठगी, भ्रष्टाचार की खबरों से भरा देखता है। समाज में सिर्फ निराशा का वातावरण है। समाचार-पत्र में लोगों के गुणों को उजागर करने वाली एक भी खबर नहीं होती। यह सब देखकर लेखक का मन बैठ जाता है।

**10. किन तथ्यों के माध्यम से आप कह सकते हैं कि मानवीय मूल्य अभी भी शेष हैं?**

उत्तर मनुष्य के अंदर सेवा, ईमानदारी, सच्चाई, आध्यात्मिकता आदि मूल्य अभी भी शेष हैं। वे दबे भले हैं, पर नष्ट नहीं हुए है, क्योंकि आज भी मनुष्य से प्रेम करना, स्त्रियों का सम्मान करना सही माना जाता है और चोरी को गलत माना जाता है तथा दूसरों को दुख देने को पाप समझा जाता है।

**11. भ्रष्टाचार के विरूद्ध लोगों का आक्रोश क्या प्रकट करता है?**

उत्तर भ्रष्टाचार के विरूद्ध लोगों में व्याप्त आक्रोश यह प्रकट करता है कि लोग इसे समाज से दूर करना चाहते हैं और इसे गलत समझते हैं। वे गलत तरीके से कमाए गए धन और मान प्रतिष्ठा को कम करना चाहते हैं।

**12. इस पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है?**

उत्तर इस पाठ से हमें यह शिक्षा मिलती है कि मानवीय मूल्य भले ही न रहे हों, पर हमें आशावादी बने रहना चाहिए, हमें निराश नहीं होना चाहिए। मानवीय मूल्य समाप्त नहीं हुए हैं बल्कि दब गए हैं।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें।**

**1. लेखक की रेल यात्रा की घटना हमें क्या प्रेरणा देती है?**

संकेत बिंदु-

रेलवे स्टेशन पर टिकट लेते समय लेखक का गलती से दस के बजाय सौ रुपए का नोट देना।

टिकट बाबू का हर आदमी के चेहरे को पहचानते हुए लेखक के सामने उपस्थित होना।

लेखक को नब्बे रुपए वापस कर देना।

सच्चाई और ईमानदारी का लुप्त न होना।

टिकट बाबू की विनम्रता।

लोगों के मन में मानवता का समाप्त ना होना।

**2. क्या अब भी हमें निराश होने की जरूरत है या हमें आशावादी बनना चाहिए तर्कपूर्ण उत्तर दें।**

संकेत बिंदु-

- लोगों के मन में मानवता एवं ईमानदारी का समाप्त ना होना।
- निराश होने की जरूरत नहीं बल्कि आशावादी बनना चाहिए।
- भ्रष्टाचार, धोखा, चोरी, डकैती के साथ अकारण मदद करने वाले लोग भी हैं।
- महिलाओं को सम्मान।
- मनुष्य मात्र के प्रति प्रेम।

**3. लेखक की बस यात्रा का अपने शब्दों में वर्णन करें ।**

संकेत बिंदु-

- लेखक का सपरिवार बस पर यात्रा करना।
- बसका गंतव्य स्थान से 8 किलोमीटर पहले खराब होना।
- स्थान का एकदम निर्जन एवं सुनसान होना।
- बस कंडक्टर का उतर कर चले जाना।
- सभी लोगों को चोरी एवं डकैती का भय सताना।
- लोगों ने ड्राइवर को उतार कर एक जगह घेर कर रखा।
- कंडक्टर का नयी बस के साथ आना।
- लेखक के बच्चों के लिए दूध और पानी लाना।

**4. टिकट बाबू की किस ईमानदारी से लेखक चकित हो गया?**

संकेत बिंदु-

- टिकट बाबू का हर एक आदमी को देखते हुए लेखक को पहचानना।
- लेखक के गलती होने के बावजूद पैसा वापस करना।
- पैसा वापस करने के बाद उनके चेहरे पर संतोष दिखना।
- टिकट बाबू की ईमानदारी और सच्चाई।

**5. महान भारतवर्ष को पाने की संभावना बनी हुई है और बनी रहेगी। लेखक के इस कथन से क्या संदेश मिलता है?**

संकेत बिंदु-

- भ्रष्टाचार के बावजूद लोगों में मानवता का होना।
- भारत के लोगों का भौतिक साधनों के पीछे ना भागना।
- भारत में लोगों के मन में महिलाओं के प्रति सम्मान भावना का होना।

© JCERT not to be republished

# पाठ - 10 राम का भरत को संदेश

लेखक- तुलसीदास

## बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

1. **तुलसीदास के अनुसार मुखिया को कैसा होना चाहिए?**
(A) आँख के समान (B) मुख के समान
(C) कान के समान (D) दाँत के समान

2. **'राम का भरत को संदेश' शीर्षक पाठ में राम ने किसे समझाने का प्रयास किया है?**
(A) लक्ष्मण (B) सीता
(C) भरत (D) शत्रुघ्न

3. **इस कविता के आधार पर राजधर्म क्या है?**
(A) राज्य की प्रजा, परिजन एवं परिवार के सुख-दुख का ध्यान रखना।
(B) राज्य की प्रजा के साथ नाइंसाफी करना ।
(C) राज्य की प्रजा के साथ अन्याय करना ।
(D) राज्य की प्रजा को दुःख पहुँचाना ।

4. **भरत के आग्रह पर श्रीराम ने अपनी खड़ाऊँ उन्हें दी।खड़ाऊँ पाकर भरत का मनोभाव क्या था?**
(A) प्रसन्नता का (B) दुख का
(C) उदासीनता का (D) इनमें से कोई नहीं

5. **भरत के आग्रह पर श्री राम ने अपनी कौन सी वस्तु भरत को प्रदान की ?**
(A) मुकुट (B) चरण पादुकाएँ
(C) राज - सिंहासन (D) धनुष - बाण

6. **यह पद्यांश किस महाकाव्य का अंश है?**
(A) रामायणम् (B) महाभारत
(C) रामचरितमानस (D) कवितावली

7. **रामचरितमानस किस भाषा में लिखी गई है?**
(A) ब्रज (B) अवधी
(C) हिंदी (D) संस्कृत

8. **राम का भरत को संदेश किस कवि द्वारा लिखी गई है?**
(A) तुलसीदास (B) कबीर दास
(C) बिहारी लाल (D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

9. **इस कविता में दीनबंधु किसे कहा गया है?**
(A) लक्ष्मण (B) भरत
(C) श्री राम (D) सीता

10. **राम के गुरु कौन हैं?**
(A) जनक (B) वशिष्ठ
(C) दशरथ (D) इनमें से कोई नहीं

11. **यह कविता किस छंद में लिखी गई है ?**
(A) दोहा (B) चौपाई
(C) दोहा एवं चौपाई दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

12. **इस कविता में आए करम शब्द का हिंदी रूप क्या होगा?**
(A क्रम (B) करम
(C) कर्म (D) कृम

13. **पुहुमि का क्या अर्थ है?**
(A) आकाश (B) धरती
(C) बादल (D) इनमें से कोई नहीं

14. **आयसु का अर्थ क्या है?**
(A) आना (B) बुलाना
(C) आज्ञा (D) इनमें से कोई नहीं

15. **यह पद्यांश रामचरितमानस के किस कांड से लिया गया है?**
(A) बालकांड (B) सुंदरकांड
(C) लंका कांड (D) अयोध्या कांड

16. **प्रान का सही हिंदी रूप क्या है?**
(A) प्राण (B) परान
(C) पार्ण (D) इनमें से कोई नहीं

17. **जुग शब्द का क्या अर्थ है?**
(A) जमाना (B) युग
(C) जुगाड़ (D) इनमें से कुछ नहीं

18. **राम को अयोध्या लौटने के लिए मनाने भरत किनके साथ वन गए?**
(A) गुरु वशिष्ठ
(B) मुनिगण
(C) राजा जनक एवं अन्य परिजन
(D) उपरोक्त सभी

## रिक्त स्थानों की पूर्ति करें:-

19. **देस काल अवसर................. बोले रामु प्रबीन।**

20. **तात तुम्हारि मोरि...............की । चिंता गुरहि नृपहि घर बन की ।**

21. **पितु आयसु पालिहिं दुहु भाई। लोक बेद भल...............।**

22. **अस बिचारि सब सोच बिहाई। पालहु अवध.............भरि जाई।**

23 **...............मुख सो चाहिऐ खान पान कहुँ एक ।**

24. **प्रभु करि कृपा ................दीन्हीं। सादर भरत सीस धरि लीन्हीं ॥**

25. **भरत मुदित अवलंब लहे तें। अस सुख जस सिय .................रहे तें ॥**

© JCERT not to be republished

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (B) | 2 | (C) | 3 | (A) |
| 4 | (A) | 5 | (B) | 6 | (C) |
| 7 | (B) | 8 | (A) | 9 | (C) |
| 10 | (B) | 11 | (C) | 12 | (C) |
| 13 | (B) | 14 | (C) | 15 | (D) |
| 16 | (A) | 17 | (B) | 18 | (D) |

## रिक्त स्थानों की पूर्ति करें उत्तर:-

19 सरिस
20 परिजन
21 भूप भलाई
22 अवधि
23 मुखिया
24 पाँवरीं
25 रामु

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

**निम्न पद्यांशों को पढ़कर प्रश्नों का उत्तर दें**

**दीनबंधु सुनि बंधु के बचन दीन छलहीन ।**
**देस काल अवसर सरिस बोले रामु प्रबीन ।।**
**तात तुम्हारि मोरि परिजन की।**
**चिंता गुरहि नृपहि घर बन की।।**
**माथे पर गुर मुनि मिथिलेसू।**
**हमहि तुम्हहि समनेहुँ न कलेसू।।**
**मोर तुम्हार परम पुरूषारथु ।**
**स्वारथु सुजसु धरमु परमारथ ।।**
**पितु आयसु पालिहिं दुहु भाई।**
**लोक वेद भल भूप भलाई।**
**गुर पितु मातु स्वामि सिख पालें ।**
**चलेहुँ कुमग पग परहिं न खालें ।।**
**अस बिचारि सब सोच बिहाई।**
**पालहु अवध अवधि भरि जाई ।।**
**देसु को परिजन परिवारू ।**
**गुर पद रजहिं लाग छरूभारू ।।**
**तुम्ह मुनि मातु सचिव सिख मानी।**
**पालेहु पुहुमि प्रजा रजधानी ।**

**1. इन पंक्तियों में दीनबंधु किसे कहा गया है?**
उत्तर श्रीराम को दीनबंधु कहा गया है।

**2. 'मिथिलेसू' किसे कहा गया है?**
उत्तर राजा जनक को

**3. श्रीराम भरत से क्या कहते हैं?**
उत्तर हम दोनों ही पिता की आज्ञा का पालन करें।

**4. श्रीराम भरत को क्या सीख देते हैं?**
उत्तर श्रीराम भरत को सीख देते हैं कि बड़ों की आज्ञा पालन करते रहने से हमारा पतन नहीं होता।

**5. श्रीराम ने किसे समझाने का प्रयास किया है?**
उत्तर श्रीराम ने अपने छोटे भाई भरत को समझाने का प्रयास किया है।

**6. 'खड़ाऊँ' को क्या कहा गया है?**
उत्तर रघुकुल की रक्षा करने के लिए दो किवाड़ तथा सेवारूपी धर्म की राह दिखाने वाले दो नेत्र कहा गया है।

**7. भरत के वचन सुनकर श्रीराम किसके अनुकूल वचन बोले?**
उत्तर भरत के वचन सुनकर श्रीराम देश, काल और अवसर के अनुकूल वचन बोले।

**8. राम ने भरत से किस का पालन करने के लिए कहा है?**
उत्तर राम ने भरत से पृथ्वी, प्रजा और राजधानी का पालन करने के लिए कहा है।

**9. 'स्वारथु' का हिंदी रूप लिखें।**
उत्तर स्वार्थ

**10. 'पुरुषारथु' का हिंदी रूप लिखें।**
उत्तर पुरुषार्थ

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**1. राम ने भरत को क्या-क्या करने की सलाह दी?**
उत्तर राम ने भरत को सलाह दी कि जब तक हमारे गुरु, मुनि और राजा जनक हमारे साथ हैं तब तक चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। वे ही रक्षा करेंगे। बड़ों की आज्ञा का पालन करते रहने से पतन नहीं होता। गुरुजनों की आज्ञा के अनुसार ही राजधर्म का पालन करना चाहिए।

**2. तुलसीदास जी के अनुसार मुखिया को कैसा होना चाहिए?**
उत्तर तुलसीदास जी के अनुसार मुखिया को मुख के समान होना चाहिए, जो खाता-पीता तो अकेला है परंतु शरीर के सभी अंगों का समान रूप से पालन-पोषण करता है।

**3. पाठ के अनुसार राजधर्म क्या है?**
उत्तर अपने राज्य की प्रजा, परिजन एवं परिवार के सुख-दुख का ध्यान रखकर न्यायपूर्वक शासन करना ही राजधर्म है।

**4. राम ने भरत को क्या भेंट किया तथा भरत ने उसे किस प्रकार स्वीकार किया?**
उत्तर राम ने भरत को अपनी चरण पादुका अर्थात खड़ाऊँ भेंट की। भरत ने खड़ाऊँ को माथे से लगाकर सहर्ष स्वीकार किया ।

**निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट करें-**

**5. अस बिचारि सब सोच बिहाई। पालहु अवध अवधि भरि जाई ||**
उत्तर प्रस्तुत पंक्तियों के द्वारा राम ने भरत को सीख देते हुए कहा कि गुरु, पिता, माता और स्वामी की शिक्षा (आज्ञा) का पालन करने से कुमार्ग पर भी चलने पर पैर गड्ढे में नहीं पड़ता (पतन नहीं होता)। ऐसा विचार कर संकोच छोड़कर अवध जाकर अवधि भर अर्थात वनवास की अवधि भर उसका पालन करो।

**6. तुम्ह मुनि मातु सचिव सिख मानी।**
**पालेहु पुहुमि प्रजा राजधानी ।।**
उत्तर प्रस्तुत पंक्तियों के माध्यम से श्रीराम ने भरत को

© JCERT not to be republished

अयोध्या के राज्य भार की जिम्मेदारी हेतु मानसिक रूप से तैयार होने की सीख दी है । श्रीराम ने भरत से कहा कि देश, खजाना, कुटुंब, परिवार आदि सबकी जिम्मेदारी तो गुरु वशिष्ठजी की चरण-रज पर है। तुम तो मुनि वशिष्ठ जी, माताओं और मंत्रियों की शिक्षा के अनुसार पृथ्वी, प्रजा और राजधानी का सिर्फ पालन और रक्षा करना।

**7. "मुखिया मुखु सो चाहिये खान पान कहूँ एक, पालड़ पोषइ सकल अंग तुलसी सहित बिबेक" उत्तर - मुखिया मुख के समान होना चाहिए जो खाने पीने को तो अकेला खाता हैं, लेकिन विवेकपूर्वक सब अंगों का पालन पोषण करता है।**

**8. किन की आज्ञा का पालन करने से व्यक्ति का पतन नहीं होता?**

उत्तर गुरु, पिता, माता और स्वामी की शिक्षा और आज्ञा का पालन करने से व्यक्ति का पतन नहीं होता ।

**9. भरत के लिए खड़ाऊँ किसके समान थे ?**

उत्तर भरत के लिए 'खड़ाऊँ' प्रजा की रक्षा के लिए दो पहरेदार एवं उनके प्रेमरूपी रत्न को सहेजकर रखने वाला सीप जैसे थे तथा जाप करने के लिए राम नाम के दो अक्षर की तरह थे।

**10. भरत को खड़ाऊँ पाकर कैसा महसूस हुआ?**

उत्तर भरत खड़ाऊँ के रूप में सहारा पाकर बहुत आनंदित हुए। उन्हें महसूस हुआ जैसे श्री राम और सीता ही उनके साथ हैं।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें।**

**1. श्रीराम के खड़ाऊँ को भरत ने किन उपमानों में देखा है?**

संकेत बिंदु-
- प्रजा के प्राणों की रक्षा के लिए मानो दो पहरेदार।
- भरतजी के प्रेमरूपी रत्न के लिए मानो डिब्बा।
- जीव के साधन के लिए मानो राम नाम के दो अक्षर।
- रघुकुल (की रक्षा) के लिए दो किवाड़।
- कुशल (श्रेष्ठ) कर्म करने के लिए दो हाथ की भाँति।
- सेवा रूपी श्रेष्ठ धर्म के सुझाने के लिए निर्मल नेत्र।

**2. राम के समझाने पर भी भरत को संतोष क्यों नहीं हुआ?**

संकेत बिंदु-
- भरत का निशानी माँगना।
- राम द्वारा चरणपादुका देना।
- चरणपादुका को माथे से लगाना।

**आशय स्पष्ट करें:-**

**3. भरत सील गुर सचिव समाजू। सकुच सनेह बिबस रघुराजू।।**

**प्रभु कर कृपा पाँवरीं दीन्हीं । सादर भरत सीस धरि लीन्ही।।**

संकेत बिंदु-
- भरत का प्रेम।
- श्री राम पाँवरीं देना चाहते थे।
- गुरुजनों की उपस्थिति से संकोच।
- राम द्वारा पाँवरी देना।
- भरत द्वारा पाँवरी को माथे से लगाना।

**4. इस कविता का भावार्थ संक्षेप में लिखें।**

संकेत बिंदु-
- श्रीराम, लक्ष्मण सीता का वनवास।
- भरत का सभी गुरुजनों के साथ उन्हें मनाने के लिए जाना।
- श्री राम का वापस आने के लिए मना करना।
- भरत द्वारा माँगे जाने पर उन्हें अपने पाँवरी देना।
- राम के द्वारा भरत को शिक्षा देना है कि गुरुजनों, माता-पिता एवं बड़ों की आज्ञा का पालन करें।
- प्रजा के हित के लिए काम करना।

© JCERT not to be republished

## बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. भारतीय शासन-व्यवस्था की नींव हैः-**
(A) भारतीय संविधान (B) राजनीति
(C) पुलिस (D) राज्य

**2. भारतीय संविधान-सभा का गठन कब हुआ था?**
(A) 1950 (B) 1946
(C) 1945 (D) 1947

**3. जयपाल सिंह मुण्डा का जन्म कब हुआ था?**
(A) 1900 (B) 1928
(B) 1903 (D) 1926

**4. जयपाल सिंह मुण्डा का लगाव किस खेल से था?**
(A) क्रिकेट (B) फुटबॉल
(C) चेस (D) हॉकी

**5. श्री मुण्डा आई0सी0एस0 में कब चुने गए ?**
(A) 1927-28 (B) 1930-31
(C) 1940-41 (D) 1920-21

**6. सन् 1928 ई0 में ओलंपिक का आयोजन कहाँ हुआ था?**
(A) भारत (B) एम्सटर्डम
(C) श्रीलंका (D) जापान

**7. श्री मुंडा भारतीय संविधान-सभा के सदस्य कब चुने गए?**
(A) 1945 (B) 1947
(C) 1946 (D) 1950

**8. आदिवासी समुदाय के लोग श्री मुंडा को क्या कहकर पुकारते हैं?**
(A) मरांग गोमके (B) गुरूजी
(C) मुंडा जी (D) कुछ नहीं

**9. बाबू रामनारायण सिंह का जन्म कहाँ हुआ था?**
(A) राँची (B) चतरा
(C) रामगढ़ (D) दिल्ली

**10. बाबू रामनारायण सिंह के पिता क्या थे?**
(A) शिक्षक (B) डॉक्टर
(C) किसान (D) सैनिक

**11. इन्होंने बी0ए0 की परीक्षा कब पास की?**
(A) 1910 (B) 1920
(C) 1913 (D) 1930

**12. बाबू रामनारायण ने वकालत कहाँ से शुरू की?**
(A) पटना (B) राँची
(C) कलकता (D) दिल्ली

**13. कारावास के दौरान इनके कितने पुत्रों का देहांत हो गया था?**
(A) एक (B) दो
(C) तीन (D) चार

**14. "छोटानागपुर का शेर' नाम से कौन विख्यात है?**
(A) बाबू कुँवर सिंह (B) श्याम सुन्दर दास
(C) बाबू रामनारायण सिंह (D) बाबूलाल मरांडी

**15. रामनारायण बाबू की मृत्यु कब हुई?**
(A) 1947 (B) 1950
(C) 1960 (D) 1964

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 (A) | 2 (B) | 3 (C) |
| 4 (D) | 5 (A) | 6 (B) |
| 7 (C) | 8 (A) | 9 (B) |
| 10 (C) | 11 (C) | 12 (A) |
| 13 (B) | 14 (C) | 15 (D) |

**नीचे दिए गए शब्दों में 'इक' प्रन्यय जोड़कर नये शब्द बनाएँ-**

| | शब्द | | प्रत्यय | | नया शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिन | + | इक | = | ............... |
| 2. | इतिहास | + | इक | = | ............... |
| 3. | नीति | + | इक | = | ............... |
| 4. | सप्ताह | + | इक | = | ............... |
| 5. | भूगोल | + | इक | = | ............... |

उत्तर 1. दैनिक 2. ऐतिहासिक
3. नैतिक 4. साप्ताहिक
5. भौगोलिक

**स्तम्भ 'क और 'ख' का उचित मिलान करें:-**

| क | ख |
|---|---|
| 1. कलरव | A. अत्याचार |
| 2. आँखें मूँद लेना | B. झारखण्ड |
| 3. शोषण | C. चिड़ियों की आवाज |
| 4. बिरसा मुंडा | D. कृषक |
| 5. किसान | E. मर जाना |

उत्तर 1. C 2. E
3. A 4. B
5. D

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**1. भारतीय संविधान सभा में झारखण्ड के किन दो सपूतों को सदस्य बनाया गया था ?**

उत्तर जयपाल सिंह मुंडा एवं बाबू रामनारायण सिंह।

© JCERT not to be republished

**2. जयपाल सिंह मुंडा का जन्म कहाँ हुआ था ?**

उत्तर जयपाल सिंह मुंडा का जन्म राँची जिले के तपकरा गाँव में हुआ था।

**3. जयपाल सिंह उच्च शिक्षा हेतु कहाँ गए थे ?**

उत्तर जयपाल सिंह उच्च शिक्षा हेतु संत जॉन्स कॉलेज, ऑक्सफोर्ड, इंग्लैण्ड गए थे।

**4. सन् 1926 ई0 में इन्होंने किस विषय मे स्नातक की परीक्षा पास की ?**

उत्तर अर्थशास्त्र में।

**5. इन्हें संत जॉन्स कॉलेज के जूनियर कॉमन रूम का क्या बनाया गया था ?**

उत्तर प्रेसिडेंट।

**6. 1928 ई0 के ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का कप्तान किसे बनाया गया था?**

उत्तर जयपाल सिंह मुंडा।

**7. इनके नेतृत्व में भारतीय हॉकी टीम ने कौन-सा पदक हासिल किया ?**

उत्तर स्वर्णपदक।

**8. श्री मुंडा ने आई0सी0एस0 से त्यागपत्र देकर कहाँ अपना कार्य प्रारंभ किया था ?**

उत्तर वर्मा सेल में।

**9. श्री मुंडा की पत्नी का क्या नाम था ?**

उत्तर तारा वेनफ्रेड मजूमदार।

**10. 'मरांग गोमके' का क्या अर्थ होता है ?**

उत्तर महान पुरूष।

**11. जयपाल सिंह मुंडा की मुत्यु कब हुई थी ?**

उत्तर 20 मार्च 1970 को।

**12. बाबू रामनारायण सिंह का जन्म कब हुआ था ?**

उत्तर 19 दिसंबर 1885 को।

**13. बाबू रामनारायण सिंह के पिताजी का क्या नाम था ?**

उत्तर इनके पिताजी का नाम भोली सिंह था।

**14. इनकी प्रारंभिक शिक्षा किस स्कूल से हुई थी ?**

उत्तर इनकी प्रारंभिक शिक्षा जोरी मिडल वर्नाकुलर स्कूल से हुई थी।

**15. बाबू रामनारायण ने बी.ए. की परीक्षा कहाँ से पास की?**

उत्तर रिपन कॉलेज, कोलकाता।

**16. इन्हें समाज सेवा की प्रेरणा किनसे मिली ?**

उत्तर डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद से।

**17. बाबू रामनारायण कब से कब तक केन्द्रीय विधानसभा के लिए निर्वाचित होते रहे ?**

उत्तर 1927 ई0 से 1946 ई0 तक।

**18. किस जिला का जिला परिषद् उपाध्यक्ष के रूप में इन्होंने काम किया था ?**

उत्तर हजारीबाग।

**19. जो शब्दांश किसी शब्द के अंत मे लगकर अर्थ बदल देता है, उसे क्या कहते हैं ?**

उत्तर प्रत्यय।

**20. 'करो या मरो' का नारा किसने दिया था ?**

उत्तर महात्मा गांधी ने।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**1. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में झारखण्ड के किन-किन महापुरूषों का नाम आता है?**

उत्तर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम मे झारखण्ड के तिलका मांझी, बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, तेलंगा खड़िया, विश्वनाथ शाहदेव, गणपत राय, शेख भिखारी, वीर बुधू भगत, जतरा टाना भगत, वीर सलामत अली, अमानत अली और शेख होरो जैसे अनेक वीरों का नाम आता है जिन्हें झारखण्ड को अपनी गोद में खिलाने का गौरव प्राप्त हुआ है।

**2. जयपाल सिंह मुंडा की प्रारंभिक एवं उच्च शिक्षा के बारे में लिखें ?**

उत्तर जयपाल सिंह मुंडा की प्रारंभिक शिक्षा गाँव के ही मिशनरी स्कूल में हुई थी। बाद में वे राँची के संत पॉल स्कूल आ गए। उनके गुणों से प्रभावित होकर मिशन ने उन्हे संत जॉन्स कॉलेज, ऑक्सफोर्ड, इंग्लैंड भेज दिया। यहीं से इन्होंने 1926 में अर्थशास्त्र में स्नातक की परीक्षा पास की।

**3. जयपाल सिंह मुंडा ने आई0सी0एस0 से त्यागपत्र क्यों दिया था ?**

उत्तर श्री मुंडा ने एम्सटर्डम के ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का कप्तान बनकर टीम को स्वर्णपदक दिलाया। टीम में होने के कारण इनका आई0सी0एस0 का एक साल का प्रशिक्षण छूट गया। वापस आने पर उन्हें प्रशिक्षण पूरा करने का आदेश मिला। इस आदेश से उन्हें बहुत अपमान महसूस हुआ। तब उन्होंने आई0सी0एस0 से त्यागपत्र दिया था।

**4. 'मरांग गोमके' किन्हें कहा गया है ? उन्हें ऐसा क्यों पुकारा जाता हैं ?**

उत्तर 'मरांग गोमके' जयपाल सिंह मुंडा को कहा गया है, जिसका अर्थ होता है- महान पुरूष या महापुरूष। उन्होंने आदिवासियों के लिए एक अलग झारखंड राज्य की स्थापना की माँग की। आदिवासी-कल्याण के लिए उनके प्रयासों से प्रभावित होकर यहाँ के आदिवासी उन्हें इस नाम से पुकारने लगे। वे इस क्षेत्र के लिए महापुरूष और महान नेता बन गए।

**5. जयपाल सिंह मुंडा जी के सम्मान में झारखण्ड सरकार द्वारा क्या किया गया?**

उत्तर जयपाल सिंह मुंडा जी के सम्मान में झारखण्ड सरकार ने राँची स्थित स्टेडियम का नाम जयपाल सिंह स्टेडियम रखा है। इतना ही नहीं राष्ट्रीय खेल हेतु निर्मित मेगा स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स का नाम भी इनके नाम पर रखा गया। इनके नाम से खेल प्रतियोगिताएँ होती हैं एवं पुरस्कार भी दिए जाते हैं।

© JCERT not to be republished

**6. बाबू रामनारायण सिंह की शिक्षा-दीक्षा किस प्रकार हुई?**

उत्तर बाबू रामनारायण सिंह की प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय जोरी मिडिल वर्नाकूलर स्कूल से हुई। वे बचपन से ही मेघावी थे। इनके पिता की आर्थिक स्थिति दयनीय थी, जो इनके पढ़ाई में बहुत बड़ा अवरोध थी। किन्तु परिवार के लोगों ने इनके बुलंद हौसले और लगन को देखते हुए इनकी पढ़ाई जारी रखने का निर्णय लिया।

**7. रामनारायण बाबू के व्यक्तित्व की मुख्य विशेषताएँ क्या थी ?**

उत्तर रामनारायण बाबू विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे। इनके व्यक्तित्व की मुख्य विशेषता यह थी कि वे अपनी बातों को कहीं भी बड़े निर्भीक होकर और दमदार तरीके से रखते थे। उनके वक्तव्यों से प्रभावित होकर लोग उनके समर्थक बन जाते थे। यही कारण था कि जेल में भी अंग्रेज सरकार उनपर कड़ी नजर रखती थी।

**8. कारावास के दौरान रामनारायण बाबू के जीवन में कैसी दुखद घटना हुई थी ?**

उत्तर 1934 ई0 में बिहार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद सहित सभी आंदोलनकारियों को जेल से छोड़ दिया गया था, परन्तु बाबू रामनारायण सिंह को जेल में ही रखा गया। इसी समय कारावास के दौरान ही उनके दो पुत्रों का देहांत हो गया था। यह उनके जीवन की अत्यंत दुखद घटना थी। ऐसी दुखद घटना के बाद भी वे देश-सेवा के मार्ग से कभी विचलित नहीं हुए।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें।**

**1. जयपाल सिंह मुंडा ने आई0सी0एस0 का प्रशिक्षण किस कारण छोड़ा ?**

उत्तर संकेत बिन्दु-

- 1927-28 में आई०सी०एस०
- मौखिक परीक्षा में सर्वाधिक अंक
- ऑक्सफोर्ड में प्रशिक्षण
- हॉकी से लगाव
- एम्स्टर्डम ओलंपिक
- टीम का कप्तान एव स्वर्णपदक
- देश का नाम विश्व में
- एक साल का प्रशिक्षण छोड़ा

**2. जयपाल सिंह मुंडा ने आदिवासी समूह के कल्याण के लिए कौन-कौन से महत्वपूर्ण कार्य किए ?**

उत्तर संकेत बिन्दु-

- आदिवासी महासभा का गठन
- अलग झारखण्ड राज्य की माँग
- भारतीय संविधान-सभा के सदस्य
- अवसरों की समानता पर बल
- संविधान में अनुसूचित जनजाति का दर्जा
- साढ़े सात प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान
- महान नेता

**3. बाबू रामनारायण सिंह कैसे एक सेनानी, सक्रिय राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता रहे ? लिखें।**

उत्तर संकेत बिंदु-

- सरकारी सेवा से त्यागपत्र
- देश-सेवा में लगना
- वकालत छोड़ स्वराजी बने
- संविधान सभा के सदस्य
- पंचायती राज व्यवस्था
- जिला परिषद उपाध्यक्ष
- छोटानागपुर का शेर

**4. जयपाल सिंह मुंडा एवं बाबू रामनारायण सिंह के जीवन की कौन-कौन सी बातें आप अपने जीवन में अपनाना चाहेंगे ?**

उत्तर संकेत बिंदु-

- लक्ष्य के प्रति समर्पित
- लगन, मेहनत और निरंतर प्रयास
- आत्मविश्वास और स्वाभिमान
- समाज से लगाव
- मातृभूमि से प्रेम और सम्मान
- देश के विकास में योगदान
- बहुमुखी प्रतिभा के धनी

**5. पाठ के आधार पर 'झारखंड की धरती' पर एक अनुच्छेद लिखें।**

उत्तर संकेत बिंदु-

- हरे-भरे वन प्रदेश
- विभिन्न जीव-जन्तु
- पवित्र नदियाँ
- खनिज पदार्थ एवं उद्योग जगत
- तीर्थ स्थल, ऐतिहासिक स्थल
- अनेक वीरों की भूमि
- कला एवं साहित्य

© JCERT not to be republished

# पाठ - 12 बस की यात्रा

लेखक- हरिशंकर परसाई

## बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. इस पाठ के लेखक कौन है?**
(A) भगवतीचरण वर्मा (B) रामदरश मिश्र
(C) कामतानाथ (D) हरिशंकर परसाईं

**2. पन्ना से सतना के लिए बस कितनी देर बाद मिलती है?**
(A) आधा घंटे बाद (B) एक घंटे बाद
(C) दो घंटे बाद (D) प्रातः काल

**3. कुल कितने लोग शाम की बस से यात्रा करने वाले थे?**
(A) तीन (B) चार
(C) पांच (D) छः

**4. यह बस कहाँ की ट्रेन से मिला देती है?**
(A) सतना की (B) जबलपुर की
(C) पन्ना की (D) भोपाल की

**5. उस बस में कंपनी के कौन सवार थे?**
(A) दावेदार (B) हिस्सेदार
(C) चौकीदार (D) इनमें से कोई नहीं

**6. लेखक हरे-भरे पेड़ों को क्या समझता था?**
(A) जीवनदाता (B) शुभचिंतक
(C) शत्रु (D) मित्र

**7. बस की तुलना किससे की गई है?**
(A) देवी से (B) युवती से
(C) वृद्ध महिला से (D) देवता से

**8. और उसके मित्र कितने बजे की बस पकड़ना चाहते थे?**
(A) 3:00 बजे की (B) 1:00 बजे की
(C) 5:00 बजे की (D) 4:00 बजे की

**9. आदमी को कूच करने के लिए एक ............. चाहिए।**
(A) निमित्त (B) प्रवृत्त
(C) आवृत (D) निवृत्त

**10. लेखक ने कंपनी के हिस्सेदार की तरफ कैसे देखा?**
(A) गुस्से से (B) दया से
(C) श्रद्धाभाव से (D) हैरानी से

**11. पहुँचते ही बस का टायर फिस्स करके बैठ गया।**
(A) रेलवे लाइन पर (B) पुलिया पर
(C) कच्ची सड़क पर (D) नहर पर

**12. कितने लोगों को सुबह काम पर हाजिर होना था?**
(A) 4 (B) 2
(C) 5 (D) 3

**13. लेखक कब घर पहुँच जाएंगे?**
(A) सुबह (B) दोपहर
(C) शाम (D) रात

**14. बस गांधीजी के असहयोग और सविनय अवज्ञा आंदोलन के वक्त कैसी रही होगी?**
(A) वृद्धा (B) जवान
(C) बालिका (D) शिशु

**15. बस जबलपुर की ट्रेन के लिए किस स्थान में पहुंचा देती है?**
(A) पन्ना (B) सतना
(C) कानपुर (D) पटना

**16. 'बस की यात्रा' शीर्षक पाठ कैसी रचना है?**
(A) मनोवैज्ञानिक (B) हास्य व्यंग्यात्मक
(C) निबंधात्मक (D) आत्मकथात्मक

**17. बस के प्रति श्रद्धा का कारण था ...............**
(A) सुंदर होना (B) आकर्षक होना
(C) वयोवृद्ध होना (D) इनमें से कोई नहीं

**18. '<u>समझदार</u> आदमी' में रेखांकित शब्द क्या है?**
(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) क्रिया (D) विशेषण

**20. लेखक के अनुमान के अनुसार बस कितनी पुरानी थी?**
(A) 10 साल
(B) 20 साल
(C) 30 साल
(D) गांधीजी के असहयोग आंदोलन के समय की

**21. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द उपसर्गयुक्त नहीं है?**
(A) असहयोग (B) सचमुच
(C) सविनय (D) अवज्ञा

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (B) | 3. (C) |
| 4. (B) | 5. (B) | 6. (C) |
| 7. (C) | 8. (D) | 9. (A) |
| 10. (C) | 11. (B) | 12. (B) |
| 13. (A) | 14. (B) | 15. (B) |
| 16. (B) | 17. (C) | 18. (D) |
| 19. (D) | 20. (B) | 21. (B) |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

**1. पुलिया के ऊपर पहुंचने के बाद क्या हुआ?**
उत्तर बस का टायर फट करके बैठ गया।

© JCERT not to be republished

**2. लेखक हर पेड़ को अपना दुश्मन क्यों समझ रहे थे?**

उत्तर बस किसी भी पेड़ से टकरा सकती थी।

**3. चलते-चलते एकाएक बस क्यों रुक गई?**

उत्तर पेट्रोल की टंकी में छेद हो गया था।

**4. लेखक एवं उनके मित्रों को किस बात के लिए जल्दी थी?**

उत्तर अगले दिन उन्हें काम पर जाना था।

**5. लोगों ने लेखक को क्या सलाह दी?**

उत्तर शाम वाली बस से सफर करना ठीक नहीं है।

**6. लेखक ने क्या कहकर बस पर व्यंग्य किया है?**

उत्तर यह बस पूजा के योग्य है।

**7. लेखक बस कंपनी के हिस्सेदार से क्या उम्मीद कर रहा था?**

उत्तर वह इंजन को निकालकर गोद में रख लेगा।

**8. झील को देखकर लेखक को क्या लगता था?**

उत्तर कहीं बस झील में ही ना गिर जाए।

**9. लेखक और उसके मित्र दुविधा में क्यों थे?**

उत्तर बस की दयनीय दशा देखकर।

**10. 'बस सदियों के अनुभव के निशान लिए हुए थी' का क्या आशय है?**

उत्तर बस दूर-दूर की यात्रा कर चुकी थी।

## लघुउत्तरीय प्रश्न

**1. लेखक को ऐसा क्यों लगा कि सारी बस ही इंजन है और वह इंजन के भीतर बैठा है?**

उत्तर जब बस ड्राइवर ने इंजन स्टार्ट किया तो सारी बस हड़-हड़ करने लगी। उसे ऐसा लगा कि वह बस में नहीं इंजन के भीतर बैठा है।

**2. लेखक ने उस बस कंपनी के हिस्सेदार की तरफ श्रद्धाभाव से क्यों देखा?**

उत्तर जब बस पुलिया के ऊपर पहुंची तब उसका टायर पंचर हो गया। तब लेखक ने हिस्सेदार की तरफ श्रद्धा भाव से देखा कि अपने बस की स्थिति जानते हुए भी बस में सफर कर रहे हैं।

**3. लेखक को लोगों ने शाम वाली बस से सफर ना करने की सलाह क्यों दी?**

उत्तर लेखक को लोगों ने शाम वाली बस से सफर ना करने की सलाह दी। उन्होंने कहा समझदार लोग शाम वाली बस से सफर नहीं करते हैं ताकि रास्ते में कहीं कोई समस्या ना आ जाए।

**4. लेखक को तब हैरानी क्यों हुई जब कंपनी के हिस्सेदार ने बताया कि बस अभी अपने आप चलेगी?**

उत्तर लेखक को यह सुनकर हैरानी इसलिए हुई कि देखने में तो बस अत्यंत पुरानी खटारा सी लग रही थी। उसे देखकर विश्वास नहीं हो पा रहा था कि यह सफर तय कर सकेगी। यही लेखक की हैरानी का कारण था।

**5. बस में सवारी करके यात्रियों को ग्लानि कब होने लगी?**

उत्तर क्षीण चांदनी में वृक्षों की छाया के नीचे जब वह बस किसी वृद्धा की तरह थक कर रुक गई तो यात्रियों को ग्लानि होने लगी कि इस बेचारी पर हम क्यों बैठ गए।

**6. निम्नांकित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुने:**

**"बस की रफ्तार अब पंद्रह-बीस मील हो गई थी। मुझे उसके किसी हिस्से पर भरोसा नहीं था। ब्रेक फेल हो सकता है, स्टीयरिंग टूट सकता है। प्रकृति के दृश्य बहुत लुभावने थे। दोनों तरफ़ हरे-भरे पेड़ थे जिन पर पक्षी बैठे थे। मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था। जो भी पेड़ आता, डर लगता कि इससे बस टकराएगी। वह निकल जाता तो दूसरे पेड़ का इंतज़ार करता। झील दिखती तो सोचता कि इसमें बस गोता लगा जाएगी।"**

**(क) अब बस किस रफ्तार से चल रही थी?**

(a) पंद्रह से बीस मील प्रति घंटा
(b) आठ से दस मील रफ़्तार
(c) दस से बारह मील रफ़्तार
(d) चार से पाँच मील रफ्तार

**(ख) लेखक को बस पर भरोसा क्यों नहीं रहा?**

(a) क्योंकि बस का ड्राइवर नशे में था
(b) क्योंकि रास्ता काफ़ी खराब था
(c) क्योंकि लेखक ने सोच लिया कि बस का कभी भी ब्रेक फेल हो सकता है, या स्टीयरिंग टूट सकता है।
(d) इनमें से कोई नहीं

**(ग) लेखक को बस डूबने का डर कहाँ सताने लगा?**

(a) पुलिया पर
(b) नदी में
(c) झील में
(d) समुद्र में

**(घ) लेखक पेड़ों को अपना शत्रु क्यों समझ रहे थे?**

(a) पेड़ों के हरे-भरे होने के कारण
(b) पेड़ों के कारण रास्ता न दिखने के कारण
(c) पेड़ों से बस टकराने के भय के कारण
(d) अत्यधिक छायादार होने के कारण

**(ङ) गद्यांश में लेखक ने सड़क के दोनों किनारे का दृश्य कैसे प्रस्तुत किया है?**

(a) दोनों ओर हरे-भरे पेड़ थे जिस पर पक्षी बैठे थे।
(b) दोनों तरफ़ नदियाँ बह रही थीं।
(c) चारों तरफ़ काले-काले बादल आसमान में छाए थे।
(d) दोनों तरफ़ झीलें ही झीलें थीं।

उत्तर क. A    ख. C
ग. A    घ. C
ङ. A

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें।**

1. **लेखक का यह कहना कि यह बस गांधीजी के असहयोग और सविनय अवज्ञा आंदोलन के वक्त अवश्य जवान रही होगी? स्पष्ट कीजिए।**

   संकेत बिंदु:
   - बस की स्थिति ।
   - बस के सभी हिस्सों में सहयोग ना होना।
   - गांधीजी के आंदोलन की चर्चा ।
   - भारतीयों का विरोध करना।

2. **लेखक को बस में माँ द्वारा बच्चे को शीशी से दूध पिलाने की बात क्यों आ रही थी?**

   संकेत बिंदु:
   - बस की जर्जर अवस्था ।
   - इंजन की स्थिति ।
   - चलती बस का रुकना।
   - पेट्रोल की टंकी में छेद।
   - नली से इंजन में पेट्रोल भेजना।

3. **लेखक की चिंता क्यों जाती रही?**

   संकेत:
   - बस की खराबी का वर्णन
   - समय पर पन्ना पहुंचने में संदेह
   - परिस्थिति से समझौता

4. **"मैंने उस कंपनी के हिस्सेदार की तरफ पहली बार श्रद्धा भाव से देखा।" लेखक के मन में हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा क्यों जाग गई?**

   संकेत:
   - बस की स्थिति।
   - हिस्सेदार का इस जर्जर बस में सफर करना।
   - बलिदान की भावना।
   - पुलिया पर बस का खराब होना।

5. **'सविनय अवज्ञा आंदोलन' किसके नेतृत्व में, किस उद्देश्य से तथा कब हुआ था? इतिहास की उपलब्ध पुस्तकों के आधार पर लिखिए।**

   संकेत:
   - किसके द्वारा हुआ
   - कब हुआ
   - क्यों हुआ

© JCERT not to be republished

# पाठ - 13 हुंडरू का जलप्रपात

लेखक- कामता प्रसाद सिंह 'काम'

## बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

1. **हुंडरू का पानी किसकी तरह छलांग भरता है?**
(A) बिल्ली (B) शेर
(C) चीता (D) हिरण

2. **इस पाठ के लेखक कौन है?**
(A) कामता प्रसाद सिंह 'काम' (B) प्रेमचंद
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी (D) निर्मला पुतुल

3. **हुंडरू का पानी किस की तरह चक्कर काटता है?**
(A) चूहा (B) नेवला
(C) बिल्ली (D) सांप

4. **पुरुलिया रोड से हुंडरू की दूरी कितनी है?**
(A) 14 मील (B) 13 मील
(C) 24 मील (D) 03 मील

5. **'हुंडरू का जलप्रपात' गद्य की कौन सी विधा है?**
(A) यात्रा-वृतांत (B) कहानी
(C) निबंध (D) रिपोर्ताज

6. **हुंडरू जलप्रपात की ऊँचाई कितनी है?**
(A) 100 फुट (B) 243 फुट
(C) 400 फुट (D) 500 फुट

7. **हुंडरू का जलप्रपात रांची से कितनी दूर है?**
(A) 15 मील (B) 30 मील
(C) 25 मील (D) 27 मील

8. **हुंडरू की शोभा कैसे बनी?**
(A) सरकार द्वारा (B) नदियों द्वारा
(C) वहाँ के निवासियों द्वारा (D) प्रकृति द्वारा

9. **'जैसा हुंडरू का झरना वैसा उसका मार्ग' किसने कहा है?**
(A) वहाँ के निवासियों ने (B) लेखक ने
(C) सैलानियों ने (D) सैनिकों ने

10. **'हुंडरू का जलप्रपात' में किस संस्कृति का वर्णन है?**
(A) आदिवासी संस्कृति का (B) पंजाबी संस्कृति का
(C) ईसाई संस्कृति का (D) मुस्लिम संस्कृति का

11. **हुंडरू जलप्रपात के पास किसने बंगला बनवा दिया है?**
(A) जिला बोर्ड ने (B) वहां के राजा ने
(C) मुख्यमंत्री ने (D) प्रधानमंत्री ने

12. **छोटा नागपुर लेखक की दृष्टि में क्या है?**
(A) स्वर्ग का टुकड़ा (B) जंगल
(C) नर्क (D) वीरान भूमि

13. **स्वर्णरेखा एक ........... है।**
(A) झरना (B) नदी
(C) झील (D) तालाब

14. **'हुंडरू का जलप्रपात' किस राज्य में है?**
(A) बिहार (B) उड़ीसा
(C) झारखंड (D) पश्चिम बंगाल

15. **'हुंडरू का जलप्रपात' झारखंड राज्य के किस जिले में है?**
(A) लोहरदगा (B) गुमला
(C) गढ़वा (D) रांची

16. **'हुंडरू का पानी निरंतर संघर्ष के साथ चट्टान पर गिरता हुआ, मानो ........... की सृष्टि करता है'।**
(A) आग (B) बाढ़
(C) इंद्रधनुष (D) सौंदर्य

17. **'छोटा नागपुर स्वर्ग का एक टुकड़ा है' यह किस पाठ से उद्धृत है?**
(A) बस की यात्रा (B) मित्रता
(C) अमरूद का पेड़ (D) हुंडरू का जलप्रपात

18. **हुंडरू जलप्रपात किस नदी द्वारा बनता है?**
(A) दामोदर (B) स्वर्णरेखा
(C) गंगा (D) तीस्ता

19. **'हुंडरू का जलप्रपात' पाठ के आधार पर मैदानों की छाती किसने चीरी है?**
(A) बलखाती नदियों ने (B) पहाड़ों ने
(C) सागर ने (D) झीलों ने

20. **हुंडरू जलप्रपात का पानी किसकी तरह गरजता है?**
(A) शेर (B) बाघ
(C) चीता (D) हाथी

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (A) | 3. (D) |
| 4. (B) | 5. (A) | 6. (B) |
| 7. (D) | 8. (D) | 9. (B) |
| 10. (A) | 11. (A) | 12. (A) |
| 13. (B) | 14. (C) | 15. (D) |
| 16. (A) | 17. (D) | 18. (B) |
| 19. (A) | 20. (B) | |

© JCERT not to be republished

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न:

**1. लेखक ने छोटानागपुर को क्या कहा है?**

उत्तर स्वर्ग का एक टुकड़ा।

**2. पुरुलिया रोड से जलप्रपात की दूरी कितनी है?**

उत्तर पुरुलिया रोड से जलप्रपात की दूरी 13 मील है।

**3. हुंडरू की पवित्रता कैसे मालूम होती है?**

उत्तर ऐसी मालूम होती है, मानो हम देव लोक के समीप पहुँच गए।

**4. वह ना रांची का है ना हजारीबाग का फिर किसका है?**

उत्तर सबका है।

**5. 'छोटानागपुर' शब्द का आशय क्या है?**

उत्तर वर्तमान झारखंड।

**6. हुंडरू से कितनी दूरी पर लोगों ने दूसरा जलप्रपात देखा है?**

उत्तर 7 मील की दूरी पर।

**7. यहाँ कितने तरह के पत्थर देखने को मिलते हैं?**

उत्तर दो तरह के पत्थर।

**8. अव्यावहारिक का विलोम क्या होगा?**

उत्तर व्यावहारिक

**9. लेखक के मित्र हुंडरू के बारे में क्या कहते हैं?**

उत्तर शिवजी की बारात शायद इस राह से गुजरी थी।

**10. छोटानागपुर के निवासी कैसे हैं?**

उत्तर सादगी के अवतार और गरीबी की मूर्ति।

## लघुउत्तरीय प्रश्न:

**1. हुंडरू का झरना कैसे बना है?**

उत्तर स्वर्णरेखा नदी पहाड़ को पार करने के लिए अनेक भागों में विभक्त हो जाती है। पुनः एक जगह होकर पहाड़ से उतरती है। यह है हुंडरू का झरना जो 243 फीट ऊपर से गिरती है।

**2. स्वर्णरेखा नदी किन-किन स्थानों से होती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है?**

उत्तर स्वर्णरेखा नदी रांची, धनबाद, सिंहभूम एवं बालासोर से होकर बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

**3. हुंडरू जलप्रपात का उजला पानी कैसा प्रतीत होता है?**

उत्तर उजला पानी ऐसा प्रतीत होता है जैसे पानी के चक्कर और भंवर में पीसकर पत्थर का सफेद चूर्ण गिर रहा है।

**4. छोटानागपुर स्वर्ग का एक टुकड़ा है कैसे ?**

उत्तर छोटानागपुर आकर्षक, मनमोहक और आनंददायक स्थान है वहाँ स्वर्ग की तरह हर तरफ सुंदरता एवं शांति बिखरी पड़ी है। पक्षियों के कलरव और खेतों की हरियाली से यहां का वातावरण रोचक बन जाता है।

अतः छोटानागपुर स्वर्ग का टुकड़ा है।

**5. 'आकर्षित' शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है?**

उत्तर 'इत' प्रत्यय, 'आकर्षण' मूल शब्द।

**6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए:**

**रांची से चलने वाले मुसाफिर को झरना पहुंचने तक ऐसे ऐसे सुंदर मैदान मिलते हैं कि वहां थोड़ी देर ठहर कर टहलने की इच्छा होती है। ऐसे जंगल दिखलाई पड़ते हैं जिनकी विभीषिका से शायद बाघ को भी डर लगता हो और बीच-बीच में पहाड़ी उस पर झाड़ी। सब दर्शनीय,सब वर्णनीय! चूंकि महीना अगस्त का था, इसलिए धान की क्यारी की भी न्यारी हरियाली थी। बलखाती सड़क जिस पर चलने में आनंद आए, पथरीली जमीन एवं पत्थर की छाती चीरकर बहने वाली पतली नदी जिसके देखने में आनंद आए।पेड़ों पर चहकती चिड़ियां जिनकी चहक सुनने में आनंद आए। सब मिलकर आनंद को कई गुणा बढ़ा रहे थे। हवा यों डोल रही थी, जैसे सलाह लेकर डोल रही हो। छोटानागपुर के निवासी सादगी के अवतार और गरीबी की मूर्ति, जिनकी रहन-सहन में शत-प्रतिशत कला बसती है, मार्ग में यों खड़े थे, जैसे मेरा स्वागत कर रहे हों। मकई के पौधे कहीं-कहीं अगल-बगल में यों लहरा रहे थे जैसे यहां वालों की किस्मत लहरा रही हो।**

**क. लेखक किस महीने में हुंडरू घूमने गए थे?**

उत्तर अगस्त महीने में।

**ख. छोटानागपुर के लोगों में शत-प्रतिशत क्या बसती है?**

उत्तर शत-प्रतिशत कला बसती है।

**ग. 'वृक्ष' का पर्यायवाची शब्द लिखें?**

उत्तर पेड़, पादप

**घ. 'स्वागत' शब्द में कौन सा उपसर्ग लगा है?**

उत्तर 'सु' उपसर्ग, आगत मूल शब्द।

**ङ. 'गरीबी' शब्द में कौन सा प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?**

उत्तर 'ई' प्रत्यय

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें।**

**1. "जैसे हुंडरू का झरना वैसा उसका मार्ग" इस कथन की व्याख्या कीजिए।**

संकेत बिंदु:

- अत्यंत आकर्षक
- मनमोहक
- बीहड़ जंगल
- पक्षियों का कलरव

© JCERT not to be republished

- हरे भरे खेत
- जलप्रपात से उत्पन्न धवल झाग

2. **लेखक ने पाठ में किस किंवदंती की बात की है और क्या सलाह दी है?**

संकेत बिंदु:

- 7 मील दूर एक और झरना
- इससे कई गुना बड़ा
- जनता के सामने लाना
- यातायात की सुविधा प्रदान करना

3. **हुंडरू जलप्रपात की विशेषता लिखिए।**

संकेत बिंदु:

- शोभा देवलोक जैसी
- 243 फीट ऊंची
- प्रपात पहाड़ों को चीरता हुआ
- 20 फीट ऊपर उछलता पानी
- भयंकर ध्वनि

4. **'एक और पृथ्वी अपने कोष को उगल रही है तो वह कोयला बनकर लोगों के घरों में सोना ला रहा है।' भाव स्पष्ट कीजिए।**

संकेत बिंदु:

- खनिज संसाधनों से समृद्ध
- कोयला की प्रचुरता
- उस के माध्यम से लोग सुखी संपन्न
- जीवन में ऊर्जा की महत्ता
- ईंधन के रूप में प्रयोग

© JCERT not to be republished

# पाठ - 14 बूढ़ी पृथ्वी का दु:ख (कविता)

लेखक- निर्मला पुतुल

## बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**निर्देश:-उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

**1. 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता की रचयिता कौन हैं?**
(A) वंदना टेटे (B) महादेव टोप्पो
(C) निर्मला पुतुल (D) शिवानी

**2. 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता किसका चित्रण करती है?**
(A) प्रकृति की सुंदरता (B) पर्यावरण संकट
(C) वृक्षारोपण (D) मनुष्य का बुढ़ापा

**3. 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में किनका चित्रण मनुष्य के रूप में किया गया है?**
(A) पेड़ और नदी (B) पहाड़ और हवा
(C) पृथ्वी (D) उपरोक्त सभी

**4. प्रकृति का मानव के रूप में चित्रण क्या कहलाता है?**
(A) प्राकृतिक (B) अप्राकृतिक
(C) मानवीकरण (D) अमानवीकरण

**5. मानवीकरण का क्या अर्थ है?**
(A) जो मानव नहीं उसे मानव के रूप में कल्पित करना
(B) दूसरों के सुख-दुख को अपना मानना
(C) पेड़, पहाड़, नदी आदि के प्रति चिंता व्यक्त करना
(D) सच्चा मनुष्य बनने की प्रक्रिया

**6. "क्या तुमने कभी सुनी है, सपनों में चमकती कुल्हाडियों के भय से पेड़ों की चीत्कार? कवयित्री यह सवाल किससे पूछ रही हैं?**
(A) पेड़ों से (B) मनुष्यों से
(C) नदियों से (D) मवेशियों से

**7. बूढ़ी पृथ्वी का दुख कविता के दूसरे अंश में किसके दुख को व्यक्त किया गया है?**
(A) पेड़ों के (B) मनुष्यों के
(C) नदियों के (D) पहाड़ों के

**8. 'सुना है कभी रात के अँधेरे से मुँह ढाँप किस कदर रोती हैं नदियाँ? कवयित्री ने ऐसा क्यों कहा?**
(A) कवयित्री ने नदी का रोना सुना है
(B) वे नदी के साथ खुद भी रोती हैं
(C) वे मनुष्य को नदी की पीड़ा का बोध कराना चाहती हैं
(D) उपर्युक्त सभी

**9. पर्यावरण का क्या अर्थ है?**
(A) मनुष्य के लिए अनिवार्य आस-पास की प्राकृतिक स्थिति
(B) प्राकृतिक आपदाएँ, जैसे- भूकंप, बाढ़, सूखा आदि
(C) वृक्षों, नदियों, पहाड़ों को मनुष्य के रूप में चित्रित करना
(D) प्रकृति को सूक्ष्मता के साथ देखने की क्षमता

**10. कविता में पेड़ों के हजारों हज़ार हाथों के हिलने से क्या अभिप्राय है?**
(A) ख़ुशी से झूम उठना (B) तूफ़ान से काँपना
(C) रक्षा की गुहार लगाना (D) हवा से थिरकना

**11. हृदय-विदारक का अर्थ देने वाला मुहावरा कौन-सा है?**
(A) सीने पर पहाड़ रखा होना
(B) छाती पर साँप लोटना
(C) दिल दहलना
(D) कलेजे पर पत्थर रखना

**12. 'खून की उल्टियाँ करते.....अपने घर के पिछवाड़े' पंक्तियों के माध्यम से कवयित्री क्या कहना चाहती हैं?**
(A) चंद लोगों के विकास की यातना झेलने वाले वर्ग की पीड़ा का संकेत करती हैं
(B) घर के पिछले भागों को साफ़-सुथरा रखने का आग्रह करती हैं।
(C) प्रकृति पर मनुष्य की विजय का उद्‌घोष करती हैं।
(D) ((A) और ((C) दोनों

**13. 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में कौन-सी विशेषता नहीं मिलती?**
(A) मानवीकरण (B) प्रश्न शैली
(C) दृश्यात्मकता (D) ओजस्विता

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. C | 2. B | 3. D |
| 4. C | 5. A | 6. B |
| 7. C | 8. C | 9. A |
| 10. C | 11. C | 12. D |
| 13. D | | |

## निर्देश: (प्रश्न सं. 14-17) नीचे दिए गए शब्दों का उनके अर्थ के साथ मिलान करें :-

**14. धमस A. चुपचाप, विचारों में खोई, स्तब्ध**
**15 समाधि B. चोट, आघात (किसी आघात की गूँज)**

© JCERT not to be republished

16 गुमसुम C. जल या दूध आदि देवता को अर्पित करना
17 अर्घ्य D. ध्यान की मुद्रा

**(प्रश्न सं. 14-17) नीचे दिए गए शब्दों का उनके अर्थ के साथ मिलान करें उत्तर:-**

14 B 15 D 16 A
17 C

**निर्देश:- निम्नलिखित कथनों में से सही के आगे (✓) और गलत के आगे (X) का निशान लगाइए:**

18. **हमें जल का उपयोग करते हुए भावी पीढ़ी का ध्यान रखना चाहिए। ( )**
19. **कवयित्री ने विकास के लिए पहाड़ों को विस्फोट से उड़ाना मनुष्य की मजबूरी बताया है। ( )**
20. **पहाड़ पृथ्वी की रक्षा के लिए आवश्यक हैं, इसलिए इन्हें 'भूधर' भी कहते हैं। ( )**
21. **व्यक्तिगत स्वार्थ प्राकृतिक संसाधनों का सबसे बड़ा दुश्मन है। ( )**
22. **'नदियाँ मुँह ढाँपकर रोती हैं' का अर्थ है- उनकी पीड़ा को कोई समझ नहीं रहा। ( )**
23. **'नदियाँ मुँह ढाँपकर रोती हैं' में मानवीकरण है। ( )**
24. **प्राकृतिक संसाधनों का मनमाना उपयोग हमारा अधिकार है। ( )**
25. **'सोचा है कभी कि उस घाट ......' प्रश्न के द्वारा कवयित्री घाट की सराहना करना चाहती है। ( )**

**निम्नलिखित कथनों में से सही के आगे (✓) और गलत के आगे (X) का निशान लगाइए उत्तर:**

18 ✓ 19 x 20 ✓
21 ✓ 22 ✓ 23 ✓
24 x 25 x

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न :-

1. **'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता की रचयिता कौन हैं?**

उत्तर 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता की रचयिता निर्मला पुतुल हैं।

2. **प्रकृति का मानव के रूप में चित्रण क्या कहलाता है?**

उत्तर प्रकृति का मानव के रूप में चित्रण मानवीकरण कहलाता है।

3. **कवयित्री ने पेड़ के अंगों में किसकी कल्पना की है?**

उत्तर कवयित्री ने पेड़ के अंगों में मानव के अंगों की कल्पना की है।

4. **बूढ़ी पृथ्वी का दुख कविता में कवयित्री किससे सवाल पूछ रही है?**

उत्तर 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में कवयित्री मनुष्यों से सवाल पूछ रही हैं।

5. **पहाड़ का सीना क्यों दहलता है?**

उत्तर बड़े-बड़े ईमारत और सड़कें बनाने के लिए पहाड़ों में जो विस्फोट किया जाता है इसीसे पहाड़ का सीना दहलता है।

6. **कवयित्री को किसके आदमी होने पर संदेह है?**

उत्तर कवयित्री को संवेदनहीनों के आदमी होने पर संदेह है।

7. **बूढ़ी पृथ्वी को किस बात का दुख है?**

उत्तर बूढ़ी पृथ्वी को प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन एवं बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण का दुख है। बूढ़ी पृथ्वी को दुख है कि मनुष्य संवेदनहीन हो गया है।

8. **हवा खून की उल्टियाँ क्यों कर रहा है?**

उत्तर जिस प्रकार मनुष्य शुद्ध हवा ना मिल पाने के कारण फेफड़े के रोग से ग्रसित होता है और खून की उल्टियाँ करता है इसी प्रकार वायु भी प्रदूषण के कारण खून की उल्टियाँ कर रहा है।

9. **नदियों के रोने का क्या तात्पर्य है?**

उत्तर नदियों के रोने से तात्पर्य है कि वह पीड़ित है, वह हमें जीवन देने के लिए जल देती है लेकिन हम उसे ही प्रदूषित करते हैं और जल बर्बाद कर जल स्तर को कम कर देते हैं।

10. **पृथ्वी को बूढ़ी क्यों कहा गया है?**

उत्तर जिस प्रकार बुढ़ापे में मनुष्य के सारे अंग उसका साथ छोड़ देते हैं और शरीर जीर्ण तथा रोगी हो जाता है उसी प्रकार पृथ्वी में भी- पर्यावरण, नदी, पहाड़, हवा इत्यादि प्रदूषित और नष्ट हो रहे हैं इसलिए पृथ्वी को बूढ़ी कहा गया है।

## लघु उत्तरीय प्रश्न :-

1. **बूढ़ी पृथ्वी का दुःख कविता हमारे व्यवहार में क्या परिवर्तन ला सकती है?**

उत्तर कविता में की गई कल्पना हमें दूसरों के दुख से जोड़ती है, हमें दूसरों से समानुभूति रखना सिखाती है और अधिक संवेदनशील बना सकती है। यह कविता हमें प्रकृति के दुख से जोड़कर अधिक सजग और उदार मनुष्य बना सकती है।

2. **पहाड़ को क्या दुख है?**

उत्तर पहाड़ को इस बात का दुख है कि उसमें डायनामाइट लगाकर विस्फोट किया जाता है। इस विस्फोट से टूट कर छिटक कर वह दूर जा गिरता है फिर हथौड़े से तोड़कर पत्थर, सीमेंट आदि बनाने का काम लिया जाता है। इस प्रक्रिया में पहाड़ टूटकर क्षत-विक्षत हो जाता है।

© JCERT not to be republished

3. उपयुक्त मिलान कीजिए:

| | |
|---|---|
| सुनना | बूढ़ी पृथ्वी का दुख |
| देखना | हवा का खून की उल्टियाँ करना |
| महसूस करना | नदियों का मुँह ढाँपकर रोना |
| बतियाना | पहाड़ का सीना दहलना |

**3. उपयुक्त मिलान कीजिए : उत्तर**

| | |
|---|---|
| सुनना | पहाड़ का सीना दहलना |
| देखना | नदियों का मुँह ढाँपकर रोना |
| महसूस करना | हवा का खून की उल्टियाँ करना |
| बतियाना | बूढ़ी पृथ्वी का दुख |

**निर्देश:- पद्यांश को पढ़ कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**'क्या तुमने कभी सुना है**
**सपनों में चमकती कुल्हाड़ियों के भय से**
**पेड़ों की चीत्कार?**
**कुल्हाडियों के वार सहते**
**किसी पेड़ की हिलती टहनियों में**
**दिखाई पड़े हैं तुम्हें**
**बचाव के लिए पुकारते**
**हजारों-हज़ार हाथ**
**क्या होती है, तुम्हारे भीतर धमस**
**काट कर गिरता है जब कोई पेड़ धरती पर?'**

**4. 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता किस बारे में है?**

उत्तर इस कविता के सभी अंशों में पर्यावरण के दुखों के बारे में वर्णन किया जा रहा है । पूरी कविता इंसानों के लिए प्रश्न के रूप में रखी गई है ।

**5. कवयित्री ने 'पेड़ों' के बारे में क्या बताया है?**

उत्तर कवयित्री ने पेड़ों के बारे में कहा है कि पेड़ भी डरा हुआ होता है । वह भी चीखता चिल्लाता है और बचाव के लिए लोगों को पुकारता है ।

**6. कवयित्री पेड़ों के लिए किनसे सवाल कर रहे हैं?**

उत्तर कवयित्री पेड़ों के लिए सभ्य समाज से सवाल कर रही हैं। उन लोगों से जो अपने उपयोग के लिए पेड़ों को नष्ट कर रहे हैं ।

**7. कवयित्री ने पेड़ों के लिए मनुष्य से क्या कहा है?**

उत्तर कवयित्री ने पेड़ों के लिए मनुष्य से यह कहा हैं कि वह अपना स्वार्थ छोड़कर चीखते हुए पेड़ों का दुख महसूस करे और उन्हें बचाए । पेड़ों की टहनियों को उन्होंने बचाव के लिए पुकारते हाथ के रूप में देखा है ।

**निर्देश:- पद्यांश को पढ़ कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**'सुना है कभी**
**रात के सन्नाटे में अँधेरे से मुँह ढाँप**
**किस कदर रोती हैं नदियाँ?**
**इस घाट अपने कपड़े और मवेशियाँ धोते**
**सोचा है कभी कि उस घाट**
**पी रहा होगा कोई प्यासा पानी**
**या कोई स्त्री चढ़ा रही होगी**
**किसी देवता को अर्घ्य'**

**8. 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता के दूसरे अंश में कवयित्री किससे दुख के बारे में और क्या बता रहे हैं ?**

उत्तर कवयित्री कविता के दूसरे अंश में नदी के दुख के बारे में बता रही हैं । जो नदी जल के रूप में हमें जीवन देती है हम उसे ही प्रदूषित कर रहे हैं जैसे- कारखाना का गन्दा पानी नदी में गिराना, कूड़ा भी नदी में डालना, धर्म और श्रद्धा के नाम पर कई चीज़ें प्रवाहित करना, प्रतिबंधित होने पर भी साबुन से नदी में स्नान करना आदि । इन्हीं कारणों से नदी दुखी है ।

**9. कवयित्री ने मनुष्य से नदी के दुख के बारे में क्या पूछा है ?**

उत्तर कवयित्री दुखी नदी के बारे में मनुष्य से पूछती हैं कि क्या कभी तुमने नदी के रोने की आवाज़ सुनी है? कवयित्री कल्पना कर रही हैं और इस रुदन को महसूस कर रही हैं । जैसे मनुष्य दुख में सिसकता है वैसे ही नदी घटते जल स्तर और प्रदूषण की वजह से रो रही है ।

**10. हमें नदी को साफ़ रखने के लिए क्या करना चाहिए?**

उत्तर हमें नदी को साफ़ रखने के लिए उसे स्वच्छ रखने का प्रयास करना चाहिए । जैसे- कूड़ा-कचड़ा इत्यादि न गिराएँ, साबुन से नदी में स्नान न करें, मवेशियों को ना धोएँ इत्यादि ।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :-

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें।**

**1. नदी के रोने से क्या तात्पर्य है?**

संकेत बिन्दु

- नदियों का जल-स्तर गिरना
- नदियों का प्रदूषित होना
- नदियों के स्वच्छता के प्रति उदासीनता

**2. नदियों के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है?**

संकेत बिन्दु

- नदियों को साफ़ रखें
- उन्हें सूखने से बचाएँ
- जल के अन्य स्रोतों जैसे- तालाब, कुँए आदि को बढ़ावा दें
- पानी को प्रदूषित करने से बचें

© JCERT not to be republished

**3. हवा खून की उल्टियाँ क्यों कर रहा है?**

संकेत बिन्दु

- वायु प्रदूषण के कारण
- मनुष्य के फेफड़ों की बीमारी की तरह हवा भी संक्रमित

## अन्य प्रश्नोत्तर

**1. कवयित्री ने हवा को प्रदूषित होने से बचाने का आग्रह क्यों किया है?**

उत्तर
- जिस तरह घर के पिछले हिस्से को साफ नहीं रखने से गंदगी-बदबू फैलती है उसी तरह हवा को साफ़ नहीं रखने से पर्यावरण शुद्ध नहीं रह पाता।

**2. पर्यावरण का अर्थ लिखिए । हमें पर्यावरण की रक्षा करने का दायित्व (ज़िम्मेदारी) क्यों निभाना चाहिए?**

उत्तर
- परि+आवरण- हमारे आसपास की प्राकृतिक स्थिति पेड़, पौधे, नदियाँ, हवा, पशु, पक्षी, पहाड़ आदि सभी को मिलकर हमारा पर्यावरण बनता है।
- प्रकृति में संतुलन रखना हमारा कर्तव्य है ।
- पर्यावरण को प्रदूषण से बचाना हमारा दायित्व है ।

**3. प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक उपयोग से होने वाली क्या-क्या हानियाँ हो सकती हैं?**

उत्तर
- पर्यावरण के संसाधनों का अंधाधुंध प्रयोग किया है जिससे प्रकृति का संतुलन बिगड़ गया है ।
- प्रकृति का संतुलन बिगड़ने से न तो समय पर बारिश होती हैं, वही बाढ़ आती है तो कहीं सूखा पड़ जाता है, कहीं भूकंप आता है तो कहीं हवा और पानी के प्रदूषण के कारण कैंसर, टीवी, अस्थमा जैसे रोग उत्पन्न हो गए है ।
- पशु, पक्षी की संख्या भी कम होते जा रही है इसलिए प्रकृति के संसाधनों का समझदारी से प्रयोग करना जरूरी है ।

**4. पाठ में 'धमस' और 'ढाँप' जैसे शब्द आये हैं । जिनके अर्थ क्रमशः 'गंभीर चोट लगना, धम्म की आवाज़ के साथ जोरों का कंपन होना (दहलना) और 'ढंकना' है। इन शब्दों का प्रयोग झारखंड की विभिन्न बोलियों में भी होता है।**

**हिंदी में लोकभाषाओं में इस प्रकार के बहुत से शब्द आये हैं । इन शब्दों को देशज (देश+ज=देश में उत्पन्न) शब्द कहते हैं।**

**पाठ की सहायता से अथवा आपस में चर्चा कर पाँच देशज शब्द ढूँढिए और उनसे एक-एक वाक्य बनाइए ।**

उत्तर
- घाट- नदी के घाट पर ग्रामवासी स्नान करने जाते हैं ।
- अर्घ्य- छठ पर्व में सूर्य देवता को अर्घ्य दिया जाता है ।
- पिछवाड़े- मेरे घर के पिछवाड़े एक फूलों का बगीचा है ।
- बतियाना- आजकल के ज़माने में किसी से दो पल सुकून से बतियाना मुश्किल है ।
- गुमसुम- राजकुमार के जाने के बाद राजकुमारी अक्सर गुमसुम रहती थी ।

**5. 'सुनाई पड़ी है कभी भरी दुपहरिया में ।'**

**इस वाक्य को निम्नलिखित तरीके से भी लिखा जा सकता है- 'कभी भरी दुपहरिया में सुनाई पड़ी है ।' यहाँ पदों (शब्दों) के क्रम बदल दिए गए हैं । कविता में इस प्रकार के और भी वाक्य हैं जिनमें शब्दों के क्रम बदले गए हैं । इस प्रकार के तीन वाक्यों को चुनिए और उनके पदों (शब्दों) का क्रम बदलकर पुनः लिखिए ।**

उत्तर
- 'पी रहा होगा कोई प्यासा पानी'- कोई प्यासा पानी पी रहा होगा ।
- 'जब छिटकता दूर तक कोई पत्थर'- जब कोई पत्थर दूर तक छिटकता है ।
- 'कटकर गिरता है जब कोई पेड़ धरती पर'- जब धरती पर कोई पेड़ कटकर गिरता है ।

© JCERT not to be republished

# पाठ - 15 गुरु-शिष्य (संस्मरण)

लेखक- विश्वनाथ त्रिपाठी

## बहुविकल्पीय प्रश्नोतर

**1. गुरु-शिष्य पाठ किस विधा में रचित है?**
(A) कहानी (B) संस्मरण
(C) डायरी (D) निबंध

**2. 'गुरु-शिष्य' पाठ किनके द्वारा लिखा गया है?**
(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) विश्वनाथ त्रिपाठी
(C) पं. राम सुरेश त्रिपाठी
(D) मदन मोहन मालवीय

**3. ग्रामीण औरतें जब साथ-साथ चलती हैं तो क्या करती हैं?**
(A) गाती हैं (B) बातें करती हैं
(C) झगड़ा करती हैं (D) उपर्युक्त सभी

**4. काशी विश्वविद्यालय में लेखक के गुरु कौन थे?**
(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) पं. राम सुरेश त्रिपाठी
(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(D) मदन मोहन मालवीय

**5. 'प्राणों में पावन स्पंदन भरने वाली' आवाज़ किनकी थी?**
(A) लेखक की
(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी की
(C) आचार्य की पुत्री की
(D) अतिथियों की

**6. लेखक के सामने जो बारह-तेरह वर्ष की लड़की आई वो कौन थी?**
(A) द्विवेदी जी की बड़ी पुत्री
(B) द्विवेदी जी की मंझली पुत्री
(C) द्विवेदी जी की छोटी पुत्री
(D) इनमें से कोई नहीं

**7. 'कोई दूसरा किसी का जीवन नहीं बनाता' यह वाक्य किसने कहा?**
(A) लेखक ने (B) लेखक के मित्र ने
(C) औरतों ने (D) आचार्य ने

**8. लेखक किस कक्षा में प्रवेश पाना चाहते थे?**
(A) आई.ए. (B) बी.ए.
(C) एम.ए. (D) बी.एड.

**9. लेखक बी.ए. में कितने अंकों से फर्स्ट क्लास के लिए चूक गए थे?**
(A) 2 अंकों (B) 3 अंकों
(C) 4 अंकों (D) 5 अंकों

**10. सबसे बड़ा आत्मीय संबंध किसके बीच होता है?**
(A) पिता-पुत्र (B) माता-पुत्र
(C) मित्र-मित्र (D) गुरु-शिष्य

**11. 'आप हिंदी के सूर्य हैं' यह वाक्य किसने कहा था?**
(A) डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल
(B) विश्वनाथ त्रिपाठी ने
(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने
(D) डॉ. नामवर सिंह ने

**12. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय किनके द्वारा स्थापित किया गया था?**
(A) पं. मदन मोहन मालवीय
(B) पं. रामचंद्र शुक्ल
(C) पं. शिवबक्श जी
(D) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

**13. लेखक ने इस पाठ में किनका पुण्य स्मरण किया है?**
(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) पं. राम सुरेश त्रिपाठी
(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(D) मदन मोहन मालवीय

**14. लेखक ने इस पाठ में कहाँ के लोकगीतों की चर्चा की है?**
(A) झारखंड (B) बिहार
(C) बनारस (D) लखनऊ

**15. किसी प्रसंग या किसी विषय में अपनी स्मृति को शब्दों में उतार लेना क्या कहलाता है?**
(A) कहानी (B) यात्रा वृतांत
(C) रेखाचित्र (D) संस्मरण

**16. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना 'विश्वनाथ त्रिपाठी' द्वारा की गई है ?**
(A) व्योमकेश दरवेश (B) मित्रता
(C) अमरुद का पेड़ (D) क्या निराश हुआ जाए

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 (B) | 2 (B) | 3 (D) |
| 4 (A) | 5 (B) | 6 (C) |
| 7 (D) | 8 (C) | 9 (B) |
| 10 (D) | 11 (A) | 12 (A) |
| 13 (A) | 14 (C) | 15 (D) |
| 16 (A) | | |

© JCERT not to be republished

**(प्रश्न सं. 17-20) नीचे दिए गए शब्दों का उनके अर्थ के साथ मिलान करें :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17. | मधुकरी | A. | आनंदित, प्रसन्न |
| 18. | वृत्ति | B. | मन अथवा चित्त का व्यापार |
| 19. | प्रमुदित | C. | घुटने के पीछे का निचला मांसल भाग |
| 20. | पिंडली | D. | भँवरे की तरह |

**(प्रश्न सं. 17-20) नीचे दिए गए शब्दों का उनके अर्थ के साथ मिलान करें के उत्तर:-**

17 D 18 B 19 A
20 C

**निर्देश:- निम्नलिखित कथनों में से सही के आगे (✓) और गलत के आगे (X) का निशान लगाइए :**

**21. 'गुरु-शिष्य' एक उपन्यास 'व्योमकेश दरवेश' का अंश है। ( )**

**22. 'व्योमकेश दरवेश' में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी के साथ संस्मरण है। ( )**

**23. विद्यार्थी को जहाँ जो अच्छा लगे ऐसा ज्ञान नहीं लेना चाहिए। ( )**

**24. गुरु - और शिष्य का संबंध धन पर आधारित होता है। ( )**

**25. शिष्य के मन में गुरु के प्रति सम्मान की भावना उसे शिक्षा के लिए प्रेरित करती है। ( )**

**निर्देश:- निम्नलिखित कथनों में से सही के आगे (✓) और गलत के आगे (X) का निशान लगाइए के उत्तर:**

21 ✓ 22 ✓ 23 X
24 X 25 ✓

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न :-

**1. 'गुरु-शिष्य' पाठ लेखक के किस संस्मरण का अंश है ?**

उत्तर 'गुरु-शिष्य' पाठ लेखक के 'व्योमकेश दरवेश' संस्मरण का अंश है।

**2. 'गुरु-शिष्य' पाठ में किनके बीच प्रथम संपर्क का वर्णन है ?**

उत्तर 'गुरु-शिष्य' पाठ में लेखक विश्वनाथ त्रिपाठी एवं आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के बीच प्रथम संपर्क का वर्णन है।

**3. लेखक ने इस पाठ के माध्यम से किनका पुण्य स्मरण किया है ?**

उत्तर लेखक ने इस पाठ के माध्यम से आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का पुण्य स्मरण किया है।

**4. 'संस्मरण' विधा से क्या तात्पर्य है ?**

उत्तर 'संस्मरण' में रचनाकार अपने जीवन से जुड़ी बातों का ज़िक्र करता है, किसी प्रसंग या विषय में अपनी स्मृति को शब्दों में उतार लेना ही संस्मरण है।

**5. लेखक किस कक्षा में प्रवेश लेना चाहते थे?**

उत्तर लेखक एम.ए. में प्रवेश लेना चाहते थे।

**6. 'गुरु-शिष्य' पाठ में किस विश्वविद्यालय का वर्णन है ?**

उत्तर 'गुरु-शिष्य' पाठ में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का वर्णन है।

**7. 'गुरु-शिष्य' पाठ में गुरु का शिष्य के प्रति स्नेह एवं शिष्य का गुरु के प्रति ................ अनुकरणीय है। (रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द से करें)**

उत्तर 'गुरु-शिष्य' पाठ में गुरु का शिष्य के प्रति स्नेह एवं शिष्य का गुरु के प्रति सम्मान अनुकरणीय है।

**8. 'गुरु-शिष्य' पाठ के आधार पर एक विद्यार्थी के रूप में लेखक का जीवन कैसा था?**

उत्तर 'गुरु-शिष्य' पाठ के आधार पर एक विद्यार्थी के रूप में लेखक का जीवन सरल था।

**9. लेखक बरामदे पर बने सीमेंट के आसन पर क्यों नहीं बैठे?**

उत्तर लेखक के मन में द्विवेदी जी के लिए इतना आदर और मान-सम्मान था और साथ ही मन में एक संकोच और बेचैनी भी थी, इसलिए वे बरामदे में बने सीमेंट के आसन पर ना बैठ कर बरामदे पर ही बैठ गए।

**10. आचार्य जी का परिधान क्या था?**

उत्तर आचार्य जी ने पैर की उँगलियों को स्पर्श करती हुई धोती पहनी थी, उनका कुरता खद्दर का था जिसमे जेब थी और बाँह कटा हुआ था।

**11. 'पैजामा पैताने से फटा हुआ था' इस वाक्यांश से लेखक क्या बताना चाहते हैं?**

उत्तर 'पैजामा पैताने से फटा हुआ था' इस वाक्यांश से लेखक बताना चाहते हैं कि उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, साथ ही परिधान का बहुत महत्व विद्यार्थी जीवन में नहीं है।

**12. आचार्य के अनुसार लेखक को किस प्रकार के कष्ट का अनुमान था?**

उत्तर आचार्य के अनुसार लेखक को आर्थिक कष्ट का अनुमान था।

## लघु उत्तरीय प्रश्न :-

**निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें (प्रश्न सं. 1-3)**

**'पंडित जी के घर पहुँच गया। कुछ सम्मान-भावना कुछ संभ्रम के कारण बरामदे में बने सीमेंट के आसनों पर नहीं बैठा। फर्श साफ़-सुथरा था। उसी पर बैठ गया। सामने दरवाजा बंद था। वह घर में खुलता था। दाहिने**



© JCERT not to be republished

**हाथ की तरफ कमरा था, कमरे का दरवाजा अधखुला था। अन्दर कुछ लोग बैठे थे । एक भारी आवाज़- 'प्राणों में पावन स्पंदन भर' वाली आवाज़ सुनाई पड़ रही थी । समझ गया कि यह स्वर आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी की ही है ।"**

**1. प्राणों में पावन स्पंदन भरने वाली आवाज़ किनकी थी?**

उत्तर प्राणों में पावन स्पंदन भर वाली आवाज़ हिंदी के प्रसिदद्ध आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की थी।

**2. लेखक फर्श पर क्यों बैठ गए?**

उत्तर लेखक के मन में द्विवेदी जी के लिए इतना आदर और मान-सम्मान था और साथ ही मन में एक संकोच और बेचैनी भी थी, इसलिए वे बरामदे में बने सीमेंट के आसन पर ना बैठ कर बरामदे पर ही बैठ गए ।

**3. पाठ के आधार पर बताइए कि पंडित जी किसे कहा गया है?**

उत्तर पंडित जी 'आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी' को कहा गया है ।

**निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें (प्रश्न सं. 4-8)**

**"कुछ आर्थिक कष्ट है?'**

**"उसका प्रबंध मैं कर लूँगा । मुझे बस आपकी कृपा चाहिए ।"**

**"जब तुम मेरे शिष्य हो गए तो गुरु-शिष्य से बढ़कर आत्मीय संबंध और कौन होता है? विद्यार्थी को मधुकरी वृत्ति का होना चाहिए । जहाँ से भी संभव हो ज्ञान ग्रहण करना चाहिए ।"**

**'आप हिंदी के सूर्य हैं (उनके बारे में यह बात डॉ. वासुदेवशरण अग्रवाल ने कही थी- मैं कुछ क्षण को पाकर वही दुहरा रहा था) । आपके पास रहूँगा तो कुछ सीख लूँगा।"**

**"तुम्हें क्या पता मेरे भीतर कितने दोष हैं । किसी पर अंध श्रद्धा नहीं करनी चाहिए ।" फिर रूककर बोले, "तुम्हें भूख तो नहीं लगी है ?'**

**4. 'आर्थिक कष्ट' का क्या तात्पर्य है?**

उत्तर 'आर्थिक कष्ट' से तात्पर्य रुपये-पैसे की तंगी से है।

**5. पंडित जी के अनुसार सबसे बड़ा आत्मीय संबंध किसका होता है?**

उत्तर पंडित जी के अनुसार सबसे बड़ा आत्मीय संबंध गुरु-शिष्य का होता है ।

**6. मधुकरी वृत्ति किसे कहते हैं ?**

उत्तर 'मधुकरी वृत्ति' से तात्पर्य है कि जिस प्रकार भँवरा किसी भी अच्छे फूल का रस लेता है, उसी प्रकार विद्यार्थी को भी जहाँ से मिले, ज्ञान ले लेना चाहिए ।

**7. 'आपके पास रहूँगा तो कुछ सीख लूँगा' इस वाक्य से क्या पता चलता है?**

उत्तर 'आपके पास रहूँगा तो कुछ सीख लूँगा' इस वाक्य से यह पता चलता है कि लेखक का अपने गुरु के प्रति अपार श्रद्धा थी ।

**8. पंडित जी के द्वारा "तुम्हें भूख तो नहीं लगी है ?' पूछना क्या दर्शाता है?**

उत्तर पंडित जी के द्वारा "तुम्हें भूख तो नहीं लगी है ?' पूछना यह दर्शाता है कि अपने शिष्य के साथ व्यावसायिक संबंध ना रहकर व्यक्तिगत एवं बेहद आत्मीय संबंध था।

**9. 'गुरु-शिष्य' पाठ में विद्यार्थी की जो वेश-भूषा है उससे उस विद्यार्थी के बारे में क्या परिलक्षित होता है?**

उत्तर 'गुरु-शिष्य' पाठ में विद्यार्थी की जो वेश-भूषा है उससे उस विद्यार्थी के बारे में यह परिलक्षित होता है कि विद्यार्थी का जीवन सरल एवं दिखावे से दूर था ।

**10. लेखक कानपुर से शर्म के मारे क्यों भाग आया था?**

उत्तर वी.एस.एड.डी. कॉलेज, कानपुर के अध्यापक लेखक से यह आशा करते थे कि वे टॉप करेंगे लेकिन लेखक को प्रथम श्रेणी से भी तीन अंक कम आए, इस कारण वे शर्म के मारे कानपुर से भाग आए थे ।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :-

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें।**

**1. काशी विश्वविद्यालय का वर्णन अपने शब्दों में करें ।**

संकेत बिन्दु

- विस्तृत क्षेत्र
- छायादार वृक्ष
- महिला विद्यालय
- सुंदरलाल अस्पताल
- ग्रामीण स्त्रियाँ
- रमणीय वातावरण

**2. लेखक ने बनारस के आस-पास की ग्रामीण औरतों का चित्रण किस प्रकार किया है? वहाँ के परिवेश और आपके परिवेश में क्या अंतर है?**

संकेत बिन्दु

I.
- कथ्थई साड़ी
- घास काटना
- गाना
- बात करना
- हँसी-मज़ाक
- झगड़ना

II.
- हमारा परिवेश
- व्यस्त जीवन
- प्राकृतिक सुन्दरता
- मेहनतकश और सरल लोग

**3. सप्रसंग व्याख्या करें-**

**"जब तुम मेरे शिष्य हो गए तो गुरु-शिष्य से बढ़कर आत्मीय संबंध और कौन होता है? विद्यार्थी को मधुकरी वृत्ति का होना चाहिए । जहाँ से भी हो ज्ञान ग्रहण करना चाहिए ।**

संकेत बिन्दु

- गुरु-शिष्य का आत्मीय संबंध
- गुरु ज्ञानदायक
- भँवरे के समान फूल के रस के रूप में ज्ञान प्राप्त करना

## अन्य प्रश्नोत्तर

**1. दो शब्दों के मिलने से समास बनता है । समास का एक प्रकार है- तत्पुरुष समास । इस समास में उत्तरपद प्रधान होता है और पूर्वपद गौण होता है । तत्पुरुष समास की रचना में समस्त पदों के बीच में आने वाले परसर्गो जैसे- का, से, पर इत्यादि का लोप हो जाता है ।**

**जैसे : चरणस्पर्श- चरण का स्पर्श**

**तत्पुरुष समास के पाँच उदाहरण ढूँढकर लिखिए ।**

उत्तर
- लोक गीत - लोक के गीत
- चरण स्पर्श - चरण का स्पर्श
- बैंहकटी - बाँह से कटी
- विश्व विद्यालय - विश्व का विद्यालय
- अधखुला - आधे से खुला

**2. 'कानपुर की याद बेहद सता रही थी और बनारस अपनी सारी गरिमा के बावजूद निहायत अनजाना लग रहा ।'**

**ऊपर के वाक्य में दो उपवाक्य आए हैं । दोनों ही उपवाक्य अपने पूर्ण अर्थ की अभिव्यक्ति के लिए एक-दूसरे पर आश्रित नहीं हैं । ये दोनों उपवाक्य होते हुए भी पूर्ण अर्थ का बोध कराते हैं । इनके बीच समानाधिकरण संबंध है । दोनों रेखांकित उपवाक्य 'और' समानाधिकरण योजक अव्यय से जुड़ा है । यह एक संयुक्त वाक्य है। किसी संयुक्त वाक्य के उपवाक्य आपस में 'तथा', 'फिर', 'अथवा', 'अन्यथा', 'किन्तु', 'लेकिन', 'इसलिए' इत्यादि समानाधिकरण योजक अव्यय से जुड़े रहते हैं ।**

**पिछले पाठों में आये किन्हीं पाँच संयुक्त वाक्यों को छाँट कर लिखिए ।**

उत्तर
- धरती पर आदिवासियों का नृत्य हो रहा है, और आसमान में बादल आँख-मिचौली खेल रहे हैं ।
- चूँकि महीना अगस्त का था, इसलिए धान की क्यारी की भी न्यारी हरियाली थी ।
- प्रकृति यह परमात्मा ने इसे अपने हाथ से यह सब किया होगा, अन्यथा मनुष्य जाति में इतना सामर्थ कहाँ?
- पानी कुछ पीलापन लिए हुए है, और यूँ सरसराता-हरहराता गिरता है, कि कुछ भयंकर मालूम पड़ता है ।
- यहाँ डिस्ट्रिक्ट-बोर्ड की ओर से एक बंगला बनवा दिया है, परन्तु खाने-पीने के सामन का यहाँ भी अभाव है ।

© JCERT not to be republished

| पाठ - 16 | अपराजिता<br>लेखिक- शिवानी |
|---|---|

## बहुविकल्पीय प्रश्नोतर

1. **लेखिका ने पहली बार डॉ0 चंद्रा को किस गाड़ी से उतरते देखा?**
(A) बस (B) कार
(C) कुर्सी (D) रिक्शा

2. **लखनऊ में स्थित मानसिक रोगियों के अस्पताल का नाम है।**
(A) ऊपरी मंजिल (B) निचली मंजिल
(C) नूर मंजिल (D) आखिरी मंजिल

3. **'जननी' का अर्थ है।**
(A) माता (B) पिता
(C) भाई (D) कोई नहीं

4. **चंद्रा को डॉक्टरेट की उपाधि कब मिली थी?**
(A) 1900 (B) 1985
(C) 1999 (D) 1976

5. **लेखिका ने 'देवांगना' किसे कहा है?**
(A) डॉ0 चंद्रा को (B) डॉ0 नंदा को
(C) श्रीमती सुब्रह्मण्यम को (D) किसी को नहीं

6. **'इंस्टीट्यूट ऑफ साईंस कहाँ स्थित है?**
(A) राँची (B) मध्य प्रदेश
(C) बंगलौर (D) बिहार

7. **श्रीमती सुब्रह्मण्यम कौन थी ?**
(A) चंद्रा की माता (B) चंद्रा की बहन
(C) चंद्रा की बेटी (D) चंद्रा की बहू

8. **डॉ0 चंद्रा के शरीर का निचला हिस्सा कैसे निर्जीव हो गया था?**
(A) दुर्घटना में (B) पोलियों से
(C) खेलने में (D) दौड़ने से

9. **चन्द्रा की प्रारंभिक शिक्षा किस विद्यालय से हुई थी?**
(A) संत अन्ना (B) संत जेवियर्स
(C) संत मार्गेट (D) माउंट कार्मेल

10. **चन्द्रा के माता-पिता ने कहाँ से व्हील चेयर मंगवाया था?**
(A) पेंसिलवानिया से (B) भारत से
(C) लंदन से (D) झारखंड से

11. **डॉ0 चंद्रा को डॉक्टरेट की उपाधि किसमें मिली थी?**
(A) माईक्रोटेक में (B) माइक्रोबायोलोजी में
(C) हिन्दी में (D) किसी से नहीं

12. **डॉ0 चंद्रा की इच्छा क्या बनने की थी?**
(A) प्रोफेसर (B) पुलिस
(C) डॉक्टर (D) शिक्षक

13. **गर्ल गाइड में राष्ट्रपति का स्वर्णकार्ड पाने वाली प्रथम दिव्यांग बालिका कौन थी?**
(A) डॉ0 चंद्रा (B) डॉ0 पूनम
(C) डॉ0 नीतू (D) कोई नहीं

14. **लखनऊ का मेधावी युवक परीक्षा देने कहाँ गया था?**
(A) पटना (B) दिल्ली
(C) मुम्बई (D) इलाहाबाद

15. **डॉ0 चंद्रा के अलबम के अंतिम पृष्ठ पर किसका चित्र था?**
(A) भाई का (B) पति का
(C) माँ का (D) पिता का

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (C) | 3. (A) |
| 4. (D) | 5. (A) | 6. (C) |
| 7. (A) | 8. (B) | 9. (D) |
| 10. (A) | 11. (B) | 12. (C) |
| 13. (A) | 14. (D) | 15. (C) |

## विलोम शब्द लिखें:-

1. **प्रवेश :** ....................
2. **सहिष्णु :** ..................
3. **अभिशाप :** .................
4. **पुरस्कार:** ..................
5. **सुगम:** ......................
6. **निर्जीव:** ....................

उत्तर-

| | | |
|---|---|---|
| 1. निकास | 2. असहिष्णु | 3. वरदान |
| 4. दण्ड | 5. दुर्गम | 6. सजीव |

## अर्थ लिखें -

1. **रोगमुक्त** : ...........................................
2. **हथियार डाल देना** : ...............................
3. **जिजीविषा** : ...........................................
4. **व्हील चेयर** : ...........................................
5. **अकस्मात** : ...........................................

उत्तर-

1. रोग से मुक्त
2. हार मान लेना
3. जीने की इच्छा
4. पहिए वाली कुर्सी
5. अचानक

© JCERT not to be republished

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न:-

**1. 'अपराजिता' पाठ की लेखिका का नाम लिखें।**

उत्तर 'शिवानी'

**2. 'अपराजिता' का क्या अर्थ है?**

उत्तर अपराजिता का अर्थ है- कभी पराजित न होने वाली/कभी न हार मानने वाली।

**3. लेखिका के बँगले का अहाता किससे जुड़ा था?**

उत्तर लेखिका के बँगले का अहाता डॉ0 चंद्रा की कोठी से जुड़ा था।

**4. लखनऊ का मेघावी युवक देखने में कैसा था?**

उत्तर लखनऊ का मेघावी युवक उदास आँखों वाला और गोरा था।

**5. डॉ0 चंद्रा कहाँ काम कर रही है?**

उत्तर डॉ0 चंद्रा आई0 आई0 टी0 कानपुर में काम कर रही है।

**6. हवाई के ईस्ट-वेस्ट सेंटर में कौन काम करते हैं?**

उत्तर मैडम के दामाद उस सेंटर में काम करते हैं।

**7. चंद्रा का शरीर 'पोलियोग्रस्त' कब हो गया था?**

उत्तर जन्म के अठारहवें महीने में ही चंद्रा का शरीर पोलियोग्रस्त हो गया था।

**8. चंद्रा की कार किसे चलानी पड़ती थी?**

उत्तर चंद्रा की कार उनकी माता जी को चलानी पड़ती थी।

**9. चंद्रा ने किसके निर्देशन में अपना शोघकार्य किया था?**

उत्तर प्रोफेसर सेठना।

**10. 'माईक्रोबायोलॉजी' में डॉक्टरेट करने वाली पहली दिव्यांग महिला कौन थी?**

उत्तर डॉ0 चंद्रा।

**11. डॉ0 चंद्रा ने किस-विदेशी भाषा में विशेष योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण की थी?**

उत्तर जर्मन भाषा

**12. डॉ0 चंद्रा किसके सफल जीवन की कहानी पढ़ी थी?**

उत्तर डॉ0 वर्गीज

**13. डॉ0 चंद्रा की माँ का क्या नाम था?**

उत्तर शारदा सुब्रह्मण्यम

## लघुत्तरीय प्रश्न:-

**1. डॉ0 चंद्रा से पहली बार मिलकर लेखिका ने क्या अनुभव किया?**

उत्तर डॉ0 चंद्रा से पहली बार मिलकर लेखिका पूर्णतः सकारात्मक अनुभव कर रही थी। डॉ0 चंद्रा के शरीर का निचला हिस्सा पोलियोग्रस्त था किंतु उनका व्यक्तित्व विलक्षण था। लेखिका को उनसे मिलने के बाद उन्हें अपने जीवन की रिक्तता बहुत छोटी लगने लगी थी। विघाता ने उन्हें कठोरतम दंड दिया है, किंतु उसे वह आनंदी मुद्रा में झेल रही है।

**2. लेखिका को डॉ0 चंद्रा देवांगना-सी क्यों लगी?**

उत्तर लेखिका को डॉ0 चंद्रा से परिचय हुआ तो उनकी कहानी सुनकर वे दंग रह गई। उन्हें लगा कि आज उनकी मुलाकात विलक्षण व्यक्तित्व से हुई है। लेखिका ने यह अनुभव किया कि नियति के प्रत्यैक कठोर आघात को अति अमानवीय धैर्य एवं साहस से झेलती वह लड़की उन्हें देवांगना सी लगी।

**3. वीर जननी का पुरस्कार किसे मिला? उन्हें यह पुरस्कार क्यों दिया गया?**

उत्तर वीर जननी का पुरस्कार डॉ0 चंद्रा की माँ शारदा सुब्रह्मण्यम् को मिला। उन्हें यह पुरस्कार इसलिए दिया गया क्योंकि वह अपने सारे सुख त्यागकर, अपनी पुत्री की छाया बनकर, उसके पहिया कुर्सी के पीछे चक्र सी घूमती रहने के कारण मिला। उन्होंने अपनी पुत्री के लिए सदा ईश्वर से प्रार्थना किया और हमेशा उसका साथ दिया।

**4. लेखिका ने डॉ0 चन्द्रा को पहली बार जब कार से उतरते देखा तो उसके मन में कैसा भाव उत्पन्न हुआ?**

उत्तर लेखिका ने डॉ0 चंद्रा को पहली बार जब कार से उतरते देखा तब वे आश्चर्यचकित रह गईं, क्योंकि उन्होंने देखा कि वह महिला शारीरिक रूप से अक्षम थी। इसके बावजूद वह अपनी बैसाखियों के सहारे व्हील चेयर तक पहुँचती है और उसमें बैठकर बड़ी तटस्थता से स्वयं चलाती हुई अपने कोठी के भीतर चली जाती है। लेखिका को ऐसा लगता है कि ये महिला सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

**5. डॉ0 चंद्रा ने अपने प्रयोगशाला को क्यों और कैसे सुगम बना लिया था?**

उत्तर दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मबल के कारण डॉ0 चंद्रा यह चाहती थी कि वे दूसरों पर निर्भर न रहे और उन्हें किसी दूसरे से सामान्य-सा सहारा भी न मिले। इसलिए उन्होंने अपनी प्रयोगशाला में समस्त सामग्री ऐसी धरी जिसे वे अपना निचला धड़ ऊपर उठाए बिना आवश्यक और मनचाही सामग्री को उतार सके।

**6. डॉ चंद्रा को मेडिकल में प्रवेश क्यों नहीं मिल सका?**

उत्तर डॉ0 चंद्रा को परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर भी उन्हें मेडिकल में प्रवेश नहीं मिला क्योंकि उन्हें कहा गया कि मेरा निचला धड़ निर्जीव है, ये सही से काम नहीं करता है और इसी कारण मैं एक सफल शल्य-चिकित्सक नहीं बन पाऊँगी।

**7. डॉ0 चंद्रा की रूचि विज्ञान के अतिरिक्त और किन-किन चीजों में थी?**

उत्तर डॉ0 चंद्रा की रूचि विज्ञान के अतिरिक्त कविता लिखने में, भारतीय एवं पाश्चात्य संगीत में, कढ़ाई-बुनाई में और गर्ल गाइड में थी। इन चीजों में वह अच्छा करना चाहती थी। गर्ल गाइड में राष्ट्रपति का स्वर्ण कार्ड प्राप्त करने वाली वह प्रथम दिव्यांग महिला थी।

**8. आप डॉ0 चंद्रा को अन्य किन नामों से संबोधित करना चाहेंगे और क्यों?**

उत्तर डॉ0 चंद्रा को देवांगना, निर्भया आदि नामों से संबोधित करना चाहेंगे क्योंकि इनकी प्रतिभा और व्यक्तित्व दोनों विलक्षण थी। ये नियति के आघात को बड़ें धैर्य एवं



© JCERT not to be republished

साहस से झेलने वाली एक लड़की थी जो किसी देवांगना अथवा निर्भया से कहीं भी कम नहीं थी।

**9. 'अपराजिता' अपने नाम को किस प्रकार सार्थक करती है?**

उत्तर 'अपराजिता' का अर्थ है- 'कभी न हारने वाली'। उनके शरीर का निचला हिस्सा पूरी तरह निर्जीव हो गया था और इस प्रकार की कठिन एवं विषम परिस्थितियों में भी डॉ0 चंद्रा ने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने इसके बावजूद भी उच्च शिक्षा एवं कई पुरस्कार प्राप्त किए।

**10. दूसरों के दुख कब अपने दुखों से बड़े लगने लगते हैं? स्पष्ट करें।**

उत्तर जब किसी दूसरे का दुख हमारी कल्पना से कहीं अधिक होता है और वह हमसे अधिक परेशान भी होता है, तब दूसरों का दुख हमें अपने दुखों से बड़ा लगने लगता है। जैसे-पाठ में लेखिका भी जब डॉ0 चंद्रा से मिलती है तब उन्हें देखकर उनका अपना दुख छोटा लगने लगता है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:-

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें।**

**1. 'चिकित्सा ने जो खोया है, वह विज्ञान ने पाया।' उक्त पंक्ति को पाठ के आधार पर स्पष्ट करें।**

संकेत बिन्दु -

- डॉक्टर बनना लक्ष्य।
- परीक्षा में सर्वोच्च स्थान।
- दिव्यांग होने के कारण मेडिकल में दाखिला नहीं।
- विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि।
- उच्च संस्थानों से जुड़ी रही।
- चिकित्सा जगत ने इन्हें खो दिया।
- विज्ञान की डॉक्टर एवं सफल वैज्ञानिक।

**2. लेखिका ने लखनऊ के मेधावी युवक को डॉ0 चंद्रा से किस प्रकार की प्रेरणा लेने की बात कही है?**

संकेत बिन्दु -

- मेधावी युवक का दुर्घटना।
- दुर्घटना में अपना एक हाथ खो देना।
- जीवन से निराश हो जाना।
- डॉ0 चंद्रा का निचला हिस्सा निर्जीव होना।
- जीवन से निराश न होना।
- दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मबल।
- आत्मनिर्भरता एवं जिजीविषा के साथ जीना।

**3. लेखिका ने डॉ0 चंद्रा की कार्यकुशलता को सुदीर्घ कठिन अभ्यास की यातनाप्रद भूमिका कहा है। लेखिका ने ऐसा क्यों कहा है?**

संकेत बिन्दु -

- बाल्यकाल में ही दिव्यांग होना।
- विकट एवं कठिन परिस्थिति होना।
- हार नहीं मानना।
- चंद्रा एवं माताजी का लगन एवं परिश्रम
- प्रारंभिक शिक्षा में कठिनाई।
- बावजूद इसके उच्च शिक्षा ग्रहण करना।
- सभी के लिए प्रेरणास्रोत।

**4. डॉ चन्द्रा की सफलता में उनकी माँ का महत्वपूर्ण योगदान रहा । कैसे?**

संकेत बिन्दु -

- एक ममतामयी माँ।
- संघर्षशील एवं साहसी महिला।
- कभी हार न मानने वाली।
- अनुकूल वातावरण तैयार करना।
- अपने सारे सुखों का त्याग करना।
- ईश्वर में अटूट आस्था रखना।

**5. डॉ चंद्रा की शिक्षा एवं उपलब्धियों का वर्णन करें।**

संकेत बिन्दु -

- पहली शिक्षिका -माँ।
- बंगलौर के माउंट कार्मेल में प्रवेश।
- प्रत्येक परीक्षा में सर्वोच्च स्थान।
- बी0एस0सी0,एम0एस0सी0, डॉक्टरेट की डिग्री।
- गर्ल गाइड में स्वर्ण कार्ड।
- विदेशी भाषा का ज्ञान।
- आई0आई0टी0 में कार्य।

**6. 'ईश्वर सब द्वार एक साथ बंद नहीं करता। यदि एक द्वारा बंद करता है, तो दूसरा द्वार खोल भी देता है।" इस कथन का आशय स्पष्ट करें।**

संकेत बिन्दु -

- चंद्रा की माता का कथन।
- चिकित्सा के क्षेत्र में प्रवेश नहीं।
- परीक्षा में सर्वोच्च स्थान।
- विज्ञान के प्रति रूचि।
- आत्मबल और प्रतिभा का प्रयोग।
- परिश्रम और लगन से सफलता।
- जीवन में कभी निराश न होना।

© JCERT not to be republished

# पाठ - 17 पन्ना पन्ना बोलता है

जे.सी.ई.आर.टी.

## बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. किसके घर में खुशी का माहौल है?**
(A) सीता (B) शुभांगी
(C) शिवानी (D) पदमा

**2. शुभांगी की बुआ क्या बन गई हैं?**
(A) आई ए एस (B) आई पी एस
(C) आई एफ एस (D) सी डी एस

**3. 'सामाजिक' शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है?**
(A) इत (B) इक
(C) आई (D) ईय

**4. 'पठ' धातु में 'अनीय' प्रत्यय के मेल से नया शब्द बनेगा____।**
(A) पठनीय (B) पाठनीय
(C) पठानीय (D) पठनय

**5. 'ज्ञानी' शब्द का विलोम होगा____।**
(A) ज्ञानवान (B) अज्ञानी
(C) अनजान (D) विद्वान

**6. 'विद्वान' का स्त्रीलिंग क्या होगा?**
(A) विदुषी (B) अनपढ़
(C) ज्ञानी (D) विदूषक

**7. 'विद्यालय' का संधि विच्छेद होगा _____।**
(A) विद्या+लय (B) विद्या+आलय
(C) विद्या+अलय (D) इनमें से कोई नहीं

**8. 'चुनना' का भाव वाचक संज्ञा है____।**
(A) चिंता (B) चुनने
(C) चुनावों (D) चुनाव

**9. समाचार पत्र में 'संपादकीय' किसके द्वारा लिखा गया लेख है?**
(A) खेल पत्रकार
(B) सरकार
(C) संपादक
(D) समाचार पत्र के मालिक

**10. समाचार पत्र से हमें किन क्षेत्रों के बारे में जानकारी मिलती है?**
(A) विविध (B) खेलकूद
(C) शिक्षा (D) इनमें से कोई नहीं

**11. 'संबंधित' किन शब्दों के मेल से बना है?**
(A) संब+धित (B) संबंध+इत
(C) संबंधि+इत (D) इनमें से कोई नहीं

**12. 'राजनीति' शब्द में 'इक' प्रत्यय के मेल से नया शब्द बनेगा _____।**
(A) राजनैतिक (B) राजनीतिक
(C) राजेनीतिक (D) राजनीतैक

**13. 'अर्थ' में 'इक' प्रत्यय के मेल से नया शब्द बनेगा_____।**
(A) आर्थिक (B) आर्थीक
(C) अर्थीक (D) अनार्थिक

**14. 'इत्यादि' का संधि विच्छेद होगा _____।**
(A) इत+आदि (B) इती+यादि
(C) इति+आदि (D) इती+आदि

**15. 'जो सदा सत्य बोलता हो' उसे एक शब्द में कहते हैं____।**
(A) वक्ता (B) सत्यार्थ
(C) वाचाल (D) सत्यवादी

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (A) | 3. (B) |
| 4. (A) | 5. (B) | 6. (A) |
| 7. (B) | 8. (D) | 9. (C) |
| 10. (A) | 11. (B) | 12. (B) |
| 13. (A) | 14. (C) | 15. (D) |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न:

**1. पिताजी कहाँ बैठकर समाचार पत्र पढ़ रहे थे?**
उत्तर. आंगन में।

**2. शुभांगी की बुआ किस सेवा के लिए चुनी गई हैं?**
उत्तर. भारत सरकार की प्रशासनिक सेवा के लिए।

**3. परीक्षा का परिणाम कहाँ छपा है?**
उत्तर. समाचार पत्र में।

**4. समाचार पत्र के माध्यम से हमें क्या मिलती है?**
उत्तर. जानकारी और सूचनाएं।

**5. शुभांगी के मुख से क्या निकल पड़ा?**
उत्तर. समाचार पत्र भी बड़े कमाल की चीज है।

**6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उत्तर दें:**

**"इतना ही नहीं बेटी । समाचार भी कई प्रकार के होते हैं, जैसे- राजनीतिक समाचार, सामाजिक समाचार, आर्थिक यानी रुपए-पैसे या बाजार से संबंधित समाचार, खेल-कूद के समाचार इत्यादि । इन समाचारों से हमें विविध क्षेत्रों के बारे में जानकारी मिलती है। एक विषय से संबंधित समाचार प्रायः एक ही जगह छापे जाते हैं।इससे हमें अपनी रुचि के अनुसार समाचार ढूँढने में सुविधा होती है। जैसे - यदि तुम्हें क्रिकेट मैच का परिणाम जानना है, तो खेल-समाचार वाले पन्ने में जाकर देख सकती हो।"**

© JCERT not to be republished

**क. आर्थिक समाचार का क्या मतलब है?**

उत्तर. आर्थिक यानि रुपए पैसे या बाजार से संबंधित समाचार।

**ख. एक विषय से संबंधित समाचार प्रायः कितने जगह छापे जाते हैं?**

उत्तर. प्रायः एक ही जगह।

**ग. क्रिकेट मैच का परिणाम किस पन्ने में देखा जा सकता है?**

उत्तर. खेल समाचार वाले पन्ने में।

**घ. 'रुचि' का विलोम लिखें?**

उत्तर. अरुचि।

**ङ. परिणाम का अर्थ लिखें।**

उत्तर. फल, नतीजा।

## लघुउत्तरीय प्रश्न:

**1. शुभांगी के घर में खुशी का माहौल क्यों है?**

उत्तर. शुभांगी के घर में खुशी का माहौल है क्योंकि समाचार पत्र में आई.ए.एस. परीक्षा का परिणाम आया है। जिसमें उसकी बुआ पास कर आई.ए.एस बन गई है।

**2. समाचार पत्र में किन-किन विषयों की जानकारी मिलती है?**

उत्तर. समाचार पत्र में देश-दुनिया की घटनाओं, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, खेलकूद आदि के समाचार मिलते हैं।

**3. 'संपादकीय' किसे कहते हैं?**

उत्तर. संपादक समसामयिक विषयों पर समाचार पत्र में अपने विचार भी लिखता है जिसे संपादकीय कहते हैं।

**4. यदि कोई लेख या पत्र उत्कृष्ट होती है तो उसे कहां छापा जाता है ?**

उत्तर. पत्र या लेख उत्कृष्ट होने पर उस पत्र को संपादकीय पृष्ठ पर ही छापा जाता है।

**5. 'समसामयिक' और 'विविध' शब्द का अर्थ लिखें?**

उत्तर. समसामयिक- समान समय में होने वाली।

विविध- अनेक प्रकार के।

**6. विद्यालय में बाल सांसद के कार्यों की देखरेख कौन करता है?**

उत्तर. सभी कार्यों की देखरेख करने का काम बाल संसद के प्रधानमंत्री का है।

**7. समाचार पत्र में बच्चों के लिए कौन सी चीजें होती है?**

उत्तर. कहानियां, कविताएं, कार्टून, पहेलियां, बच्चों द्वारा बनाए गए चित्र, वर्ग पहेलियां इत्यादि बच्चों के लिए होती हैं।

**8. विज्ञापन क्यों दी जाती है?**

उत्तर. विज्ञापन चीजों एवं सेवाओं की जानकारी हेतु दी जाती है। फिर लोग अपनी जरूरत के अनुसार इसका उपयोग करते हैं।

**9. शुभांगी सरपट क्यों भागी?**

उत्तर. शुभांगी की माँ गरम गरम जलेबियां बना कर लाई। जलेबियों का नाम सुनते ही शुभांगी सरपट भागी।

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न:

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें।**

**1. विज्ञापन से हमें किस प्रकार फायदा होता है?**

संकेत बिंदु:
- वस्तु अथवा सेवा की जानकारी।
- जरूरत की वस्तु या सेवा प्राप्त।
- वस्तु से होने वाले फायदे।
- वस्तु से होने वाले नुकसान।

**2. किसी समाचार पत्र का संपादक क्या करता है?**

संकेत बिंदु:
- सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति।
- सभी विभागों के कार्यों की देखरेख।
- सभी जानकारियों के लिए जिम्मेदार।
- समसामयिक विषयों पर लेख।
- विचारधारा का प्रतिनिधित्व।

**3. समाचार पत्र भी बड़े कमाल की चीज है। कैसे?**

संकेत बिंदु:
- बहुत सारी जानकारी।
- विशेष लेख।
- संपादकीय।
- विज्ञापन।
- बच्चों द्वारा बनाए गए चित्र, पहेलियां।
- मनोरंजन ही नहीं बल्कि ज्ञान।

**4. 'पन्ना पन्ना बोलता है' पाठ के आधार पर समाचार पत्र के महत्व का वर्णन करें।**

संकेत बिंदु:
- समाचार पत्र के महत्व को बताया गया है।
- वर्तमान समय में महत्व।
- सूचनाओं के आदान-प्रदान के अनेक माध्यम मौजूद।
- पिता पुत्री के संवाद द्वारा।
- समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले विविध अंगों की जानकारी।

© JCERT not to be republished

# पाठ - 18 तालाब बाँधता धरम सुभाव

लेखक- अनुपम मिश्र

## बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर

**1. इस पाठ के रचनाकार कौन है?**
(A) शिवानी (B) अनुपम मिश्र
(C) जयशंकर प्रसाद (D) महादेवी वर्मा

**2. निम्नलिखित में से कौन धर्म से जुड़ा है?**
(A) जंगल (B) सड़क
(C) तालाब (D) समुद्र

**3. 'तालाब' का पर्यायवाची शब्द है-**
(A) तड़ाग (B) सरोवर
(C) जलाशय (D) इनमें से सभी

**4. 'किसान' का पर्यायवाची शब्द है-**
(A) किशन (B) राजा
(C) मयूर (D) कृषक

**5. 'जल' का पर्यायवाची शब्द है:-**
(A) पानी (B) नीर
(C) वारि (D) इनमें से सभी

**6. दो वर्णो के मिलने से जो विकार उत्पन्न होता है, उसे क्या कहते है?**
(A) वर्ण (B) संधि
(C) संज्ञा (D) कोई नहीं

**7. 'प्राचीन ' का विलोम होगा-**
(A) पुराना (B) खजाना
(C) नवीन (D) पुरातन

**8. 'लोक' शब्द का अर्थ है-**
(A) संसार (B) कथा
(C) व्यक्ति (D) कोई नहीं

**9. 'उपकार का विलोम है-**
(A) सत्कार (B) अपकार
(C) परोपकार (D) दरबार

**10. महा+उत्सव = ...........?**
(A) महात्मा (B) महाशय
(C) महोत्सव (D) महात्सव

**11. छठवीं सदीं के अकाल में मधुबनी में कितने तालाब बनाए गए थें?**
(A) 50 (B) 63
(C) 73 (D) 80

**12. अमावस और पूनों को खेत में कौन काम नहीं करते थे?**
(A) किसान (B) नौकर
(C) जानवर (D) महात्मा

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (C) | 3. (D) |
| 4. (D) | 5. (D) | 6. (B) |
| 7. (C) | 8. (A) | 9. (B) |
| 10. (C) | 11. (B) | 12. (A) |

## रिक्त स्थानों की पूर्ति करें:-

**1. व्याकरण के प्राचीन ग्रंथ में ...........को धरम सुभाव कहा गया है।**

**2. वर्षा के देवता ..................हैं।**

**3. राजा ..............के पुत्र को गड़ा खजाना मिला था।**

**4. महाराज छत्रसाल के पुत्र का नाम .................था।**

**5. जगतराज के द्वारा बनवाए गए तालाब आज भी ................में है।**

**6. एक वर्ष में ..............पूर्णिमा होती है।**

**7. छेर-छेरा त्योहार .............में मनाया जाता है।**

**8. तलाबों के दीर्घ जीवन का रहस्य था.....................।**

उत्तर:-

| | |
|---|---|
| 1. तालाब | 2. इंद्र |
| 3. छत्रसाल | 4. जगतराज |
| 5. बुंदेलखंड | 6. बारह |
| 6. छत्तीसगढ़ | 8. ममत्व |

## III. सही अर्थ का मिलान करें:-

| क | ख |
|---|---|
| **1. खजाना** | **(A) धर्मात्मा** |
| **2. रख-रखाव** | **(B) संचित धन-राशि** |
| **3. महोत्सव** | **(C) देखभाल** |
| **4. पुण्यात्मा** | **(D) कार्य** |
| **5. कारज** | **(E) बड़ा उत्सव** |

उत्तर:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. B | 2. C | 3. E |
| 4. A | 5. D | |

© JCERT not to be republished

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न:-

**1. व्याकरण के प्राचीन ग्रंथ में तालाबों को क्या कहा गया है?**

उत्तर व्याकरण के प्राचीन ग्रंथ में तालाबों को धरम सुभाव कहा गया हैं।

**2. राजा छत्रसाल अपने पुत्र से क्यों नाराज हो गए थे?**

उत्तर छत्रसाल को जब पता चला कि उनके पुत्र ने खजाना खोद निकाला, तब वे नाराज हो गए थे।

**3. प्राचीन काल में परोपकार का अर्थ प्रायः क्या माना जाता था?**

उत्तर प्राचीन काल में परोपकार का अर्थ तालाब बनाना या उनकी मरम्मत करना माना जाता था।

**4. समाज ने अपने जीवन को कहाँ रचा है?**

उत्तर समाज ने अपने जीवन को तालाबों एवं जलस्रोतों के चारों ओर रचा है।

**5. गड़ा हुआ कोष प्राप्त होने पर उसे किस कार्य में लगाने की परंपरा रही है?**

उत्तर परोपकार में लगाने की परंपरा रही है।

**6. जगतराज ने किसकी सूचना से खजाना निकाला था?**

उत्तर जगतराज ने बीजक की सूचना से खजाना निकाला था।

**7. श्रमदान के लिए कितनी पूर्णिमाओं को रखा जाता रहा है?**

उत्तर श्रमदान के लिए ग्यारह पूर्णिमाओं को रखा जाता रहा है।

**8. पूस माह की पूनो पर क्या करने की परंपरा रही है?**

उत्तर तालाब के लिए धान या पैसा एकत्र करने की परंपरा रही है।

**9. जमा किया गया धान कहाँ रखा जाता था ?**

उत्तर जमा किया गया धान ग्राम कोष में रखा जाता था।

**10. तालाब का पूरा विवरण किसपर उकेरा जाता था ?**

उत्तर तालाब का पूरा विवरण ताम्रपत्र या शिलालेख पर उकेरा जाता था।

**11. तीर्थ किसे माना गया है?**

उत्तर तालाब को।

**12. तन पर बावड़ी गुदवाने का रिवाज किस समाज में है ?**

उत्तर यह रिवाज तमिलनाडु के कुंराऊ समाज में है।

**13. वर्षा के देवता की बेटी कौन है?**

उत्तर काजल माता।

**14. किस तालाब में भिन्न-भिन्न क्षेत्र का पानी है?**

उत्तर बिंदुसागर में।

**15. 'तालाब बांधता धरम सुभाव' किस पुस्तक का एक अंश है?**

उत्तर 'आज भी खरे है तालाब' पुस्तक का अंश है।

## लघुत्तरीय प्रश्न -

**1. तालाबों को 'धरम सुभाव' क्यों कहा गया है?**

उत्तर व्याकरण के एक प्राचीन ग्रंथ में तालाबों को उनके स्वभाव के कारण 'धरम सुभाव' कहा गया है। अर्थात् तालाब के चारों ओर संस्कृतियों का विकास एवं वर्धन होता है। लोक धरम सुभाव से जुड़ जाता है।

**2. प्राचीन काल में कौन-कौन से प्रसंग में तालाब बनाने का काम होता था?**

उत्तर प्राचीन काल में प्रसंग सुख या दुख का होने पर तालाब बन जाता था। किसी की मृत्यु होने पर भी वह परिवार अपने दुखद प्रसंग को समाज के सुख के लिए तालाब से जोड़ देता है। पूरे समाज पर दुख आता, अकाल पड़ता तब भी तालाब बनाने का काम होता। इससे लोगों को तुरंत राहत मिलती।

**3. छत्रसाल अपने बेटे जगतराज से क्यो नाराज हुए?**

उत्तर ऐसा कहा जाता है कि बुंदेलखंड के महाराजा छत्रसाल के बेटे जगतराज को गड़े हुए खजाने के बारे में एक सूत्र संकेत मिला था। बीजक की सूचना के अनुसार जगतराज ने अपने पिता को बिना बताए खजाना खोद निकाला। जब इस बात का पता छत्रसाल को लगा तब वे बहुत नाराज हुए।

**4. छत्रसाल ने अपने बेटे को क्या आज्ञा दी?**

उत्तर खजाना खोद निकालने के बाद छत्रसाल ने अपने बेटे जगतराज को यह आज्ञा दी कि उससे चंदेलों के बने सभी तालाबों की मरम्मत की जाए और कुछ नए तालाब भी बनवाए जाएँ। खजाना बहुत बड़ा था। पुराने तालाबों की मरम्मत हो गई और नएँ तालाब भी बनने शुरू हो गए। बुंदेलखंड में ये तालाब आज भी है।

**5. तालाब एक तीर्थ है। कैसे?**

उत्तर तालाब को एक तीर्थ बताया गया है क्योंकि जो तीर्थ न जा सकें, वे अपने यहाँ तालाब बनाकर ही पुण्य कमा सकते है। जो तालाब बनाते है, वो पुण्यात्मा और महात्मा कहलाते है। जो तालाब बचातें हैं, उनकी भी उतनी ही मान्यता मानी गई है। तालाब पर मेले लगते है, पर्व मनाए जाते है और यहाँ जुटने वाले तालाब को अपनी आँखों में बसा लेते हैं।

**6. तालाब समाज के मन के साथ तन में भी रहा है। कैसे?**

उत्तर तालाब समाज के मन के साथ तन में भी रहा है क्योंकि बहुत से वनवासी समाज गुदने में तालाब, बावड़ी आदि गुदवाते रहे है। गुदना गोदने और गुदवाने वाले स्त्री-पुरूषों का मन तालाब आदि में इतना रमा है कि आठ-दस रेखाएँ और बिंदियाँ पूरे दृश्य को तन पर सहज ही उकेर देती है।

**7. 'जो समाज को जीवन दे'- इस वाक्य का क्या आशय है?**

उत्तर तालाब को जीवन देने वाला और सजीव बताया गया है। तालाबों में, जलस्रोतों में जीवन माना गया है और समाज ने उनके चारों ओर अपना जीवन रचा है। देश के अलग-अलग राज्यों में, भाषाओं में, बोलियों में तालाब के कई नाम है। बरसात के बाद तालाब के जल-स्तर को देखकर आने वाले समय की भविष्यवाणी की जाती थी।

© JCERT not to be republished

**8. परोपकार के लिए तालाब-निर्माण के अलावा और कौन-कौन से कार्य किए जाते है?**

उत्तर परोपकार के लिए तालाब-निर्माण के अलावा कुआँ खुदवाना, सड़कों का निर्माण कराना, सड़क किनारे वृक्ष लगवाना, यात्रियों के लिए सरायों का निर्माण कराना, चिकित्सा केन्द्र स्थापित कराना, नहरों का निर्माण कराना, खेती के लिए उचित व्यवस्था करना जैसे अन्य कार्य किए जाते है।

**9. तालाबों के अभाव में गाँवों में कौन-कौन सी समस्याएँ उत्पन्न होती होगी?**

उत्तर तालाबों के अभाव में गाँवों में कई सारी समस्याएँ उत्पन्न होती होंगी। किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाता होगा, पालतू पशुओं के लिए पानी की किल्लत होती होगी, सफाई कार्य के लिए भी पानी नहीं मिल पाता होगा। तालाब नहीं होने से गाँव वालों को पानी के अन्य स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता होगा।

**10. तालाब का पूरा भर जाना एक उत्सव माना जाता था। कैसे?**

उत्तर तालाब का लबालब भर जाने पर राजा घाट पर आते और पूरे शहर की उपस्थिति में तालाब की पूजा-अर्चना करते। पूजा के बाद पूरे भरे तालाब का आशीर्वाद लेकर लौटते क्योंकि यह केवल घटना ही नहीं बल्कि आनंद और मंगल का सूचक होता था। यह एक उत्सव की भांति था जो राजा और प्रजा सभी को घाट तक ले आता था।

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न-

**प्रश्नों को पढ़कर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अपना उत्तर लिखें।**

**1. 'छेर-छेरा' त्योहार क्या है और यह किस राज्य में मनाया जाता है?**

उत्तर संकेत बिंदु-
- पूस माह की पूर्णिमा मे।
- दल बनाना और गीत गाना।
- गृहस्थ से दान, पैसा।
- तालाब, नए काम और मरम्मत कराना।
- अच्छे कार्य का समय।
- सार्वजनिक कामों का समय।
- छत्तीसगढ़ में।

**2. पाठ के आधार पर तालाब के लाभों का वर्णन करें?**

उत्तर संकेत बिंदु-
- तालाब-जीवन दायक।
- जल-संकट को दूर करना।
- अकाल की समस्याओं को निपटाने में सहायक।
- समाज को जोड़नेवाला।
- घरों में मेल रखना।
- तीर्थ के समान।
- कृषि एवं अन्य कार्यो में उपयोगी।
- धरम सुभाव का केन्द्र।
- संस्कृति का एक हिस्सा।

**3. अमावस और पूनों के दिन किस प्रकार के सार्वजनिक हित वाले कार्य किए जाते थे। विस्तार पूर्वक लिखे?**

उत्तर संकेत बिंदु।
- अच्छे कार्य।
- सार्वजनिक कार्य।
- निजी कार्य से अलग।
- तालाब आदि की देखरेख।
- अपने खेत में काम नहीं।
- पूर्णिमा में श्रमदान।
- धान या पैसा एकत्र करने की परंपरा।

**4. 'बिंदुसागर' कैसे बना? यह कहाँ पर स्थित है?**

उत्तर संकेत बिंदु-
- तालाब जल परिवार का सदस्य।
- विभिन्न स्थानों का पानी।
- भक्तों के द्वारा निर्मित।
- जुड़े भारत का प्रतीक।
- जगन्नाथपुरी में स्थित।

**5. यदि समय पर बारिश नहीं होती थी तो लोग अपनी गुहार किससे और किस प्रकार लगाते थे?**

उत्तर संकेत बिन्दु-
- जीवंत परंपरा का निर्वाहन।
- वर्षा के देवता।
- काजल माता की पूजा।
- काँकड़बानी गाँव।
- दक्षिण दिशा में पानी की याचना।

© JCERT not to be republished

# JAC बोर्ड परीक्षा प्रश्नोत्तर – 2020

## हिन्दी / HINDI

## (MCQ Type)

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**

**I. निम्नलिखित गद्यावतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या-1,2 एवं 3 के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए:**

**प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है । सूर्य हमें प्रकाश और गर्मी देता है । सूर्य के कारण ही वर्षा होती है जिससे तरह-तरह की वनस्पतियाँ पैदा होती हैं । सूर्य ही अन्न को पकाता है और फलों में रस भरता है । वृक्ष हमें फल देते हैं, हरियाली और छाया देते हैं तथा प्राणदायिनी ऑक्सीज़न भी देते हैं । वृक्षों के फल-फूल और जड़ से तरह-तरह की औषधियाँ बनती हैं । सागर और नदियाँ जल के अक्षय भंडार हैं । हम इनके लिए प्रकृति के आभारी हैं । हम प्रकृति के इस ऋण को तभी चुका सकते हैं, जब उसकी दी हुई चीज़ों का दुरूपयोग न करें। प्रकृति-संरक्षण हरेक व्यक्ति का दायित्व है ।**

**1. सागर और नदियाँ जल के कैसे भंडार हैं ?**

A. अस्थायी B. नश्वर
C. स्वल्प D. अक्षय

**2. प्रकृति के चीज़ों का हम ऋण चुका सकते हैं?**

A. सदुपयोग न करके B. दुरूपयोग न करके
C. खर्च न करके D. दान न देकर

**3. आयुर्वेदिक औषधियों के स्रोत हैं :-**

A. वृक्षों के फल B. वृक्षों के फूल
C. वृक्षों के जड़ D. इनमें से सभी

**II. प्रधानाध्यापक को विद्यालय में खेल के सामान की कमी की ओर ध्यान दिलाते हुए लिखे गए इस आवेदन-पत्र के छूटे हुए अंश को भरिए, जो प्रश्न संख्या 4, 5, तथा 6, के रूप में बॉक्स में क्रमांकित है -**

**सेवा में,**

**प्रधानाध्यापक महोदय**

**रा. म.वि. बोकारो**

**द्वारा: वर्ग शिक्षिका**

**विषय: खेल-सामग्री की आवश्यकता के संबंध में ।**

**महाशय,**

**सादर निवेदन है कि मैं विद्यालय का (...........4.........) हूँ । मेरे विद्यालय ने पिछले कई वर्षों से खेल के क्षेत्र में जिले भर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है । अब विद्यालय की खेल-सामग्री पुरानी पड़ गई है । अगर उन्हें तत्काल नहीं बदला गया तो हमारे प्रदर्शन पर असर पड़ेगा ।**

**अतः (...........5..........) से नम्र निवेदन है कि विद्यालय के लिए नए खेल के सामान हेतु 10,000 रुपये विद्यालय कोष से प्रदान करने की कृपा की जाए। इस कृपापूर्ण कार्य हेतु मैं सदा आभारी रहूँगा।**

**आपका (........6.........)**
**क ख ग**
**रा.म.वि. बोकारो**
**दिनांक - 15.12.20 XX**

**प्रश्न 4.**

A. स्वास्थ्य मंत्री B. संस्कृति मंत्री
C. बागवानी मंत्री D. खेल मंत्री

**प्रश्न 5.**

A. श्रीमती B. श्रीमान
C. महोदय D. प्रधानाध्यापिका

**प्रश्न 6.**

A. भवदीय B. आज्ञाकारी
C. दोस्त D. विश्वासभाजन

**III. अधोलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 7 एवं 8 के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए-**

**परोपकार अर्थात दूसरों के काम आना इस सृष्टि के लिए अनिवार्य है । सूर्य की किरणें हमें जीवन प्रदान करती है, चंद्रमा अमृत की वर्षा करता है । वृक्ष हमें फल प्रदान करते हैं तथा नदियाँ हमें जल प्रदान करती हैं । भारत में परोपकारी मनुष्य की कमी नहीं है । यहाँ दधीचि जैसे ऋषि हुए, जिन्होंने समाज के हित के लिए अपने शरीर की हड्डियाँ दान में दे दी । यहाँ सुभाष जैसे महान नेता हुए जिन्होंने देश को स्वतंत्र कराने के लिए तन-मन-धन दान कर दिया । बुद्ध, महावीर, अशोक, गाँधी जैसे महापुरुषों के जीवन परोपकार के कारण ही महान बन सके ।**

**7. उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक शीर्षक हो सकता है -**

A. परोपकार B. भारत
C. देशभक्त D. मनुष्य

**8. परोपकारी मनुष्य धन का संचय किसलिए करते हैं ?**

A. स्वयं के लिए
B. दूसरों के कल्याण के लिए
C. अमीर बनने के लिए
D. दिखावा करने के लिए

**9. 'पुष्प की अभिलाषा' शीर्षक कविता में पुष्प की क्या इच्छा है?**

© JCERT not to be republished

A. सुरबाला के गहनों में गूँथना
B. सम्राटों के शव पर डाला जाना
C. देवों को चढ़ाया जाना
D. मातृभूमि के वीर सपूतों के पथ पर बिछना

**10. 'मित्रता' शीर्षक निबंध के अनुसार एक सच्चा मित्र कैसा होता है?**
A. पथ प्रदर्शक B. सहयोगी
C. प्रेरणा देने वाला D. सभी विकल्प सत्य हैं

**11. 'बड़े भाई साहब' शीर्षक कहानी का संदेश है-**
A. पढाई रटंत प्रणाली के अनुसार करनी चाहिए
B. पढाई को बोझ समझकर करनी चाहिए
C. पढाई आनंदपूर्ण ढंग से करनी चाहिए
D. जीवन की समझ किताबी ज्ञान से आती है

**12. अमरुद का पेड़ अंततः काट दिया गया- क्यों?**
A. सूख जाने से B. अंधविश्वास के कारण
C. जलावन के लिए D. छाया होने के कारण

**13. 'डायन' क्या है?**
A. समाज का कलंक
B. झूठी अफवाह
C. नारी जाति का अपमान
D. उपर्युक्त सभी

**14. हरिवंश राय बच्चन की काव्य रचना कौन-सी है?**
A. पथ की पहचान B. पेरवा घाघ के कबूतर
C. पुष्प की अभिलाषा D. बूढ़ी पृथ्वी का दुख

**15. भरत के आग्रह पर श्रीराम ने अपनी कौन-सी वस्तु प्रदान की ?**
A. अंग-वस्त्र B. धनुष-बाण
C. मुकुट D. चरण-पादुकाएँ

**16. 'आँखों में धूल झोंकना' मुहावरे का अर्थ है-**
A. धोखा देना B. झगड़ा करना
C. आँखों में धूल डालना D. दुश्मन से बदला लेना

**17. 'फूल' का कौन-सा पर्यायवाची शब्द है?**
A. कुसुम B. सुमन
C. प्रसून D. इनमें से सभी

**18. 'स्वागत' का सही संधि-विच्छेद है-**
A. स्वा+आगत B. सु+आगत
C. सु+अगत D. स्व+आगत

**19. 'लोटा-डोरी' में कौन-सा समास है?**
A. द्वंद्व समास B. बहुव्रीहि समास
C. अव्ययीभाव समास D. तत्पुरुष समास

**20. आप चाय लेंगे................कॉफ़ी ? रिक्त स्थान के लिए उचित शब्द है-**
A. तथा B. या
C. और D. एवं

## वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर:-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | D | 2 | B | 3 | D |
| 4 | D | 5 | C | 6 | B |
| 7 | A | 8 | B | 9 | D |
| 10 | D | 11 | C | 12 | B |
| 13 | D | 14 | A | 15 | D |
| 16 | A | 17 | D | 18 | B |
| 19 | A | 20 | B | | |

© JCERT not to be republished

# JAC बोर्ड परीक्षा प्रश्नोत्तर – 2022

## हिन्दी / HINDI

## (MCQ Type)

### खण्ड - क (अपठित बोध)

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:

अनुशासन हमारी सफलता की पहली सीढ़ी होती है जिसके सहारे हम कोई भी मंजिल हासिल कर सकते हैं। जिस व्यक्ति के जीवन में अनुशासन नहीं होता उस व्यक्ति का जीवन कभी खुशहाल नहीं होता। प्रकृति भी सभी कार्य अनुशासन में ही करती है। अनुशासन व विद्यार्थी जीवन में अत्यंत महत्व होता है जहाँ हम जो कुछ सीखते है वह हमारे साथ हमे रहता है। अनुशासन के अन्दर बड़ों का सम्मान, छोटों से प्यार, स्त्रियों का आदर, समय पाबंदी, नियमों का पालन, शिक्षकों का वंदन आदि शामिल है। थोपे गये अनुशासन आंतरिक अनुशासन ज्यादा प्रभावकारी है।

1. **अनुशासन का महत्व कब सबसे ज्यादा है?**
   (1) गृहस्थ जीवन (2) विद्यार्थी जीवन
   (3) संन्यास जीवन (4) वन्य जीवन

2. **अनुशासन के अंतर्गत क्या-क्या शामिल है?**
   (1) बड़ों का सम्मान (2) समय की पाबंदी
   (3) शिक्षकों का आदर (4) इनमें से सभी

प्रधानाध्यापक को दण्ड शुल्क माफ करने हेतु लिखे गये आवेदन पत्र के रिक्त स्थानों को सही विकल्प द्वारा भरें-

3.......................

उच्च विद्यालय हजारीबाग

महोदय,

निवेदन है कि दूर-दराज घर होने से मैं पिछले कक्षा में देरी से पहुँचा। फलस्वरूप मुझ पर 4......... लगाया गया है। चूँकि मैं गरीब परिवार का हूँ, इसलिए यह दण्ड अतिरिक्त बोझ के रूप में मेरे पिता पर पड़ेगा। अतएव 5.......... है कि गत सप्ताह मुझ पर लगाए गये विलम्ब दंड से मुक्त करने की कृपा करें।

धन्यावद!

आपका आज्ञाकारी छात्र

रवि कुमार

वर्ग अष्टम्

3. (1) प्रधानाध्यापक (2) पोस्टमास्टर
   (3) स्टेशन मास्टर (4) मैनेजर

4. (1) शारीरिक दंड (2) विलम्ब दंड
   (3) अनुपस्थिति दंड (4) मानसिक दंड

5. (1) सलाह (2) आग्रह
   (3) अनुरोध (4) सावधान

6. **'सूर्य' का पर्यायवाची शब्द है-**
   (1) सोम (2) नीर
   (3) वायु (4) रवि

7. **'घर' का पर्यायवाची शब्द नहीं है-**
   (1) सदन (2) आवास
   (3) नगर (4) भवन

8. **भाषा के कितने भेद है?**
   (1) पाँच (2) दो
   (3) चार (4) दस

9. **व्यक्तिवाचक संज्ञा है-**
   (1) राँची (2) सड़क
   (3) कक्षा (4) पुस्तक

10. **'बच्चा' का भाववाचक है-**
    (1) बालक (2) युवा
    (3) बचपन (4) लड़की

11. **'अपादान' कारक का विभक्ति चिह्न है-**
    (1) का (2) में पर
    (3) के लिए (4) से

12. **'तुम्हारा नाम क्या है'- यह किस प्रकार का वाक्य है?**
    (1) विविधवचाक (2) निषेधवाचक
    (3) आदेशवाचक (4) प्रश्नवाचक

13. **'काम से जी चुराने वाला' के लिए एक शब्द है-**
    (1) कर्मशील (2) कर्मठ
    (3) ईर्ष्या होना (4) कामचोर

14. **'हृदय पर साँप लोटना' मुहावरे का अर्थ है-**
    (1) भयभीत होना (2) असंभव काम करना
    (3) ईर्ष्या होना (4) कामचोर

© JCERT not to be republished

15. 'प्रत्येक' का संन्धि-विच्छेद है-
(1) प्रति + एक (2) प्रत्य + एक
(3) प्रती + एक (4) प्रति + इक

16. 'रोमन' किसकी लिपि है?
(1) पंजाबी की (2) हिन्दी की
(3) अँग्रेजी की (4) उर्दु की

17. 'अनुराग' का विलोम शब्द है-
(1) उन्नति (2) खुशी
(3) प्रसन्नता (4) विराग

18. 'अधि' उपसर्ग से बना शब्द कौन-सा है?
(1) आधा (2) अध्यापक
(3) अधिनायक (4) अधोमुख

19. 'आकर्षित' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगा है?
(1) इती (2) इक
(3) इत (4) ईत

20. 'विद्यालय' का सही विच्छेद होगा-
(1) विद्या + लय (2) विद्या + आलय
(3) विद्या + आलय (4) इनमें से कोई नहीं

21. प्रेमिका को कौन ललचाना नहीं चाहता है?
(1) मोती (2) पुष्प
(3) प्रेमी (4) आभूषण

22. छोटा जादुगर पैसे क्यों कमाना चाहता है?
(1) गरीबों की सहायता के लिए
(2) पढ़ाई के लिए
(3) मनोरंजन के लिए
(4) बीमार माँ की दवा पथ्य के लिए

23. एक सच्चा मित्र किसके समान होता है?
(1) फूलों के गंध के समान
(2) यश कामना की भांति
(3) औषध के समान
(4) स्वार्थ की तरह

24. शव क क्या अर्थ है?
(1) मृत्यु (2) लहर
(3) लाश (4) मरण

25. संगति के हमारे चरित्र पर कैसा प्रभाव पड़ता है?
(1) प्रत्यक्ष (2) गुप्त
(3) विलम्ब से (4) परोक्ष

26. कार्निवाल के मैदान का वातावरण कैसा था?
(1) उदास (2) भयावह
(3) खुशनुमा (4) आतंक का

27. छोटा जादुगर का चारित्रिक विशेषता है-
(1) देशभक्ति (2) मातृभक्ति
(3) स्वाभिमान (4) इनमें से सभी

28. पथ पर चलने से पूर्व किसका अनुमान करना अपेक्षित है?
(1) पथ का (2) हर्ष का
(3) जल का (4) स्वप्न का

29. कौन भीख माँग-माँग कर मर गया था?
(1) सलीम (2) कसीम
(3) शाहेरूम (4) मुस्तफा

30. 'बड़े भाई साहब' पाठ के लेखक कौन है?
(1) शिवपूजन सहाय (2) प्रेमचन्द
(3) विष्णु प्रभाकर (4) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

31. कुटिया कहाँ बनी हुई थी?
(1) गाँव के पूरब में (2) अन्ध विश्वास
(3) नदी के तट पर (4) सामाजिक प्रगति

32. राम ने भारत को क्या भेंट किया?
(1) स्वर्ण-मुकुट (2) राजकीय परिधान
(3) चरण पादुका (4) पाथेय

33. अमरूद का पेड़ अन्ततः क्यों काटा गया?
(1) अंधविश्वास के कारण (2) फल नहीं लगने से
(3) कीड़े लग गये थे (4) सुख जाने से

34. सम्राट अशोक कहाँ के शासक थे?
(1) मगध के (2) उत्तर प्रदेश के
(3) अयोध्या के (4) विदूर के

35. डायन प्रथा क्या है?
(1) नारी जाति का सम्मान
(2) अंधविश्वास
(3) सामाजिक प्रगति
(4) लड़ाई-झगड़ा

36. 'कलिंग दुर्ग का फाटक आज भी बन्द है।' किसका कथन है?
(1) लेखक का (2) संवाददाता
(3) द्वारपाल का (4) मंत्री का

37. 'चाहे राक्षस बनाये चाहे देवता' किस पाठ की पंक्ति है?
(1) बड़े भाई साहब (2) मित्रता
(3) डायन (4) छोटा जादुगर

38. 'बटोही' का अर्थ है?
(1) चुप (2) स्वतंत्र
(3) राही (4) व्यापारी

39. 'बड़े भाई साहब' में लेखक की उम्र कितनी थी?
(1) 5 (2) 9
(3) 10 (4) 14

© JCERT not to be republished

**40. 'मगध की विजयी हुई' यह किसने कहा?**
(1) संवाददाता ने (2) गुप्तचर ने
(3) अशोक ने (4) पदमा ने

**41. डायन एक अंधविश्वास हिन्दी साहित्य की कौन-सी विद्या है?**
(1) कहानी (2) व्यंग्य
(3) निबंध (4) कविता

**42. मुखिया को सभी कार्य का पालन कैसे करना चाहिए?**
(1) समान रूप से (2) अज्ञान
(3) असमान (4) इनमें से सभी

**43. 'पुष्प की अभिलाषा' शीर्षक कविता में पुष्प किसके प्रति समर्पित है?**
(1) मातृभूमि और वीर (2) किसान
(3) देवी-देवता (4) सुर बाला

**44. 'छोटा जादुगर' पाठ के आधार पर किसके मुँह पर तिरस्कार की हँसी फूट पड़ी?**
(1) बड़े भाई की (2) छोटे जादुगर की
(3) भीड़ के (4) माँ के

**45. हमें कैसे मित्रों की खोज में रहना चाहिए?**
(1) अधिक दिखावा हो
2) अधिक स्वच्छंदता हो
(3) हमसे अधिक आत्मबल हो
(4) अधिक प्रेम हो

**46. हमलोग कैसी मिट्टी की मूर्ति के समान होते हैं?**
(1) पकी (2) कच्ची
(3) कोमल (4) लाल

**47. रास्ते में मिलते हैं-**
(1) फूल (2) काँटे
(3) फूल और काँटें (4) इनमें से कोई नहीं

**48. लेखक का बड़ा भाई किस जमात में था?**
(1) पाँचवी (2) नौवीं
(3) सातवीं (4) इनमें से कोई नहीं

**49. कौन आज भी जीता नहीं जा सका है?**
(1) चीन (2) नेपाल
(3) पाकिस्तान (4) कलिंग

**50. बुढ़िया से मुँह मोड़ने का कारण था-**
(1) डर (2) आदर
(3) मजबूरी (4) शोक

## वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. 2 | 2. 4 | 3. 1 |
| 4. 3 | 5. 3 | 6. 4 |
| 7. 3 | 8. 2 | 9. 1 |
| 10. 3 | 11. 4 | 12 4 |
| 13. 4 | 14. 3 | 15. 1 |
| 16. 3 | 17. 4 | 18. 3 |
| 19. 3 | 20. 3 | 21. 3 |
| 22. 4 | 23. 3 | 24. 3 |
| 25. 2 | 26. 3 | 27. 4 |
| 28. 1 | 29. 3 | 30. 2 |
| 31. 1 | 32. 3 | 33. 1 |
| 34. 1 | 35. 2 | 36. 2 |
| 37. 2 | 38. 3 | 39. 4 |
| 40. 3 | 41. 4 | 42. 1 |
| 43. 1 | 44. 2 | 45. 3 |
| 46. 2 | 47. 3 | 48. 2 |
| 49. 4 | 50. 1 | |

© JCERT not to be republished

# JAC बोर्ड परीक्षा प्रश्नोत्तर – 2023

## हिन्दी / HINDI

## (MCQ Type)

### खण्ड - क (अपठित बोध)

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:

पढ़ना और घूमना ये दोनों क्रियाएँ हमारे लिए आवश्यक हैं। दोनों ही हमें ज्ञान, अनुभव के साथ-साथ समझदारी भी देती हैं। तरह-तरह की पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएँ पढ़ने से जहाँ ज्ञान मिलता है वहीं अलग-अलग जगह घूमने से अनुभव। भारत में घूमने के लिए अनेक प्रसिद्ध स्थल हैं। इसके उत्तर में बरफ, दक्षिण में समुद्र, पूर्व में बड़े-बड़े मैदान तो पश्चिम में रेगिस्तान के साथ समुद्र भी हैं। जब हम भारत का भ्रमण करते हैं तो उसकी संस्कृति, सभ्यता तथा विविधता से परिचित होते हैं।

**1. पुस्तकें हमें देती हैं**

(1) ज्ञान-जानकारी (2) अंक
(3) अवसर (4) नौकरी

**2. घूमने से हमें क्या मिलता है?**

(1) मस्ती (2) अनुभव
(3) पैसा (4) मित्र

**3. भारत के पश्चिम में क्या है?**

(1) रेगिस्तान-समुद्र (2) बर्फ
(3) मैदान (4) पर्वत

**4. जब हम भ्रमण करते हैं तो वहाँ किस चीज से परिचित होते हैं?**

(1) संस्कृति (2) सभ्यता
(3) विविधता (4) इनमें से सभी

**5. 'उत्तर' का विलोम शब्द है**

(1) पूर्व (2) पूरब
(3) पश्चिम (4) दक्षिण

**निर्देश:** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न-संख्या 6 से 10 तक के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:

पेड़ सहकर धूप खुद, देते सभी को छाँह अपनी,
मदद करने को बढ़ाते, डालियाँ-सी बाँह अपनी।
खींचते रहते निरंतर ये हवा गंदी हमारी,
हमें मिलती इन्हीं से प्राण-वायु विशुद्ध सारी।
सींचते धरती हमारी बादलों को भी बुलाते,
जल बरसता खेत-उपवन-वन सभी हैं लहलहाते।

**6. उपर्युक्त काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक चुनिए**

(1) पेड़ (2) मिट्टी
(3) हवा (4) धूप

**7. पेड़ धूप सहकर हमें क्या देती है?**

(1) फल (2) फूल
(3) लकड़ी (4) छाँह

**8. दूषित हवा को खींचकर पेड़ क्या करते हैं?**

(1) वर्षा करवाते हैं
(2) लकड़ी प्रदान करते हैं
(3) विशुद्ध प्राणवायु प्रदान करते हैं
(4) फल देते हैं

**9. हमें किससे प्राण मिलता है?**

(1) अशुद्ध वायु (2) विशुद्ध वायु
(3) भोजन (4) जल

**10. 'उपवन' का पर्यायवाची शब्द है**

(1) बगीचा (2) बाग
(3) वाटिका (4) इनमें से सभी

### खण्ड - ख (व्याकरण)

**निर्देश:** प्रश्न-संख्या 11 से 20 तक के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:

**11. 'अग्नि' का तद्भव रूप बताइए**

(1) आग (2) आगे
(3) अधिक (4) आश्रित

**12. 'उच्चारण' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए**

(1) उच्च + चारण (2) उत् + चारण
(3) उत + चारण (4) उ + चारण

**13. 'सम्मान' का विलोम शब्द बताइए**

(1) सम्मानित (2) समान
(3) अपमान (4) अपनापन

**14. 'पुत्र' का पर्यायवाची शब्द है**

(1) पुत्री (2) पौत्र
(3) बेटी (4) बेटा

© JCERT not to be republished

15. 'अभिमान' शब्द में उपसर्ग बताइए
(1) अ (2) अभि
(3) अवि (4) मान

16. 'आई' प्रत्यय से बना शब्द है
(1) ग्रामीण (2) अर्पित
(3) रोगी (4) पढ़ाई

17. 'सेनापति' में कौन-सा समास है?
(1) अव्ययीभाव (2) तत्पुरुष
(3) द्वंद (4) द्विगु

18. टोकरी में रसीले आम रखे हैं। (विशेषण बताइए)
(1) टोकरी (2) रसीले
(3) आम (4) रखे हैं

19. मिट्ठू ............ राखाल के साथ कुछ अमरूद भिजवाए थे। (कारक चिह्न से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)
(1) से (2) में
(3) ने (4) के

20. 'हाथ मलना' मुहावरे का सही अर्थ बताइए
(1) हाथ मिलाना (2) मलाई खाना
(3) भाग जाना (4) बहुत पछताना

## खण्ड - ग (पाठ्यपुस्तक)

**निर्देश:** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न-संख्या **21** से **35** तक के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:

हमारी शासन-व्यवस्था की नींव है भारतीय संविधान। इसके निर्माण के लिए 1946 में गठित संविधान-सभा में इस पावन धरा के कई सपूतों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई थी। इनमें से दो थे - मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एवं बाबू रामनारायण सिंह।

21. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?
(1) गुरु-शिष्य (2) अपराजिता
(3) झारखंड के दो सपूत (4) मित्रता

22. हमारी शासन व्यवस्था की नींव है
(1) धर्म (2) कोटि
(3) भारतीय संविधान (4) भारतीय संस्कृति

23. 'मरांग गोमके' किन्हें कहा गया है?
(1) जयपाल सिंह मुंडा (2) बाबू रामनारायण सिंह
(3) तिलका मांझी (4) बिरसा मुंडा

24. सन् 1946 में किसका गठन हुआ?
(1) लोकसभा (2) विधानसभा
(3) आमसभा (4) संविधान सभा

25. 'सपूत' का विलोम है
(1) कपूत (2) पूत
(3) पुत्र (4) निपूत

26. छोटा जादूगर पैसे क्यों कमाना चाहता था?
(1) देश की सेवा के लिए (2) माँ की सेवा के लिए
(3) फीस भरने के लिए (4) घूमने के लिए

27. लेखक की पत्नी ने तमाशा देखने के बाद छोटा जादूगर को क्या दिया?
(1) शरबत (2) खिलौने
(3) रुपया (4) कंबल

28. हमारे आचरण पर किसका गुप्त प्रभाव पड़ता है?
(1) संगति (2) पोशक
(3) पढ़ाई (4) संस्कार

29. विश्वासपात्र मित्र जीवन में किसके समान है?
(1) माता (2) पिता
(3) गुरु (4) औषध

30. बड़े भाई साहब कॉपी-किताब के हाशियों पर कुत्तों, बिल्लियों की तस्वीरें क्यों बनाया करते थे?
(1) मस्ती के लिए
(2) शौक पूरा करने के लिए
(3) दिमाग को आराम देने के लिए
(4) बिना किसी कारण

31. बड़े भाई साहब छोटे भाई से हर समय पहला सवाल क्या पूछते थे?
(1) खाना खा लिया? (2) पढ़ाई हो गई?
(3) कब आए? (4) कहाँ थे?

32. कलिंग की राजकुमारी का क्या नाम था?
(1) पद्मा (2) राजलक्ष्मी
(3) देवसेना (4) भानुमती

33. 'अमरूद का पेड़' पाठ में लेखक के मकान का मुखड़ा किस ओर था?
(1) पूर्व (2) पश्चिम
(3) उत्तर (4) दक्षिण

35. डॉ. चंद्रा में कौन-कौन से गुण थे?
(1) धैर्य (2) दृढ़-इच्छाशक्ति
(3) लगन (4) इनमें से सभी

**निर्देश:** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न-संख्या **36** से **50** तक के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:

पूर्व चलने के बटोही
बाट की पहचान कर ले
पुस्तकों में है नहीं
छापी गई इसकी कहानी,
हाल इसका ज्ञात होता
है न औरों की जबानी,
अनगिनत राही गए
इस राह से, उनका पता क्या

© JCERT not to be republished

पर गए कुछ लोग इस पर
छोड़ पैरों की निशानी।

**36. उपर्युक्त काव्यांश किस कविता से ली गई है?**
(1) हम पंछी उन्मुक्त गगन के
(2) डायनः एक अंधविश्वास
(3) पथ की पहचान
(4) पुष्प की अभिलाषा

**37. कवि ने चलने से पूर्व किसकी पहचान करने को कहा है?**
(1) मित्र (2) स्थान
(3) पथ (4) रुपया

**38. 'बटोही' का क्या अथ है?**
(1) यात्री (2) राही
(3) पथिक (4) इनमें से सभी

**39. कुछ लोग इस राह पर क्या छोड़ गए हैं?**
(1) पदचिहन (2) पुस्तक
(3) धन (4) स्मृतिचिहन

**40. उपर्युक्त कविता में कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?**
(1) राह में आराम करने की
(2) राह में आगे बढ़ने की
(3) परोपकार की भावना जागृत करने की
(4) इनमें से कोई नहीं

**41. 'पुष्प की अभिलाषा' शीर्षक कविता में पुष्प किसका प्रतीक हो सकते हैं?**
(1) वीर सैनिक (2) सौंदर्य
(3) रंग एवं सुगंध (4) अध्यापक

**42. पुष्प किस पर इठलाने से बचना चाहता है?**
(1) अपने इस्तेमाल करने पर
(2) अपने भाग्य पर
(3) अपने सौंदर्य पर
(4) अपने खुशबू पर

**43. 'राम का भरत को संदेश' शीर्षक कविता में श्रीराम ने किसे समझाने का प्रयास किया?**
(1) लक्ष्मण (2) भरत
(3) माता (4) पिता

**44. श्रीराम ने भरत को किसका पालन करने की सलाह दी?**
(1) बड़ों की आज्ञा (2) गुरुजनों की आज्ञा
(3) राजधर्म (4) इनमें से सभी

**45. तुलसीदास जी के अनुसार मुखिया को कैसा होना चाहिए?**
(1) मुख (2) आँख
(3) नाक (4) कान

**46. किस कविता में प्रकृति को प्रदूषित नहीं करने के लिए प्रेरित किया गया है?**
(1) गुरु शिष्य (2) पुष्प की अभिलाषा
(3) बूढ़ी पृथ्वी का दुःख (4) पथ की पहचान

**47. रात के सन्नाटे में नदियाँ क्यों रोती हैं?**
(1) पानी की कमी के कारण
(2) प्रदूषित होने के कारण
(3) वर्षा नहीं होने के कारण
(4) जनसंख्या वृद्धि के कारण

**48. तुलसीदास रचित 'राम का भरत को संदेश' कविता कहाँ से ली गई है?**
(1) रामायण से (2) रामचरितमानस से
(3) महाभारत से (4) श्रीमद्भगवद्गीता से

**49. 'डायन: एक अंधविश्वास' शीर्षक कविता में गाँव के लोग किसी की मृत्यु होने पर किसे जिम्मेदार मानते थे?**
(1) बीमारी
(2) अस्पताल की कमी
(3) समय पर डॉक्टर का न मिलना
(4) बूढ़ी औरत

**50. 'डायन: एक अंधविश्वास' शीर्षक कविता में किस सामाजिक बुराई को दूर करने का आह्वन किया गया है?**
(1) बाल विवाह (2) बाल श्रम
(3) दहेज प्रथा (4) अंधविश्वास

## वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. 1 | 2. 2 | 3. 1 |
| 4. 4 | 5. 4 | 6. 1 |
| 7. 4 | 8. 3 | 9. 2 |
| 10. 4 | 11. 1 | 12. 2 |
| 13. 3 | 14. 4 | 15. 2 |
| 16. 4 | 17. 2 | 18. 2 |
| 19. 3 | 20. 4 | 21. 3 |
| 22. 3 | 23. 1 | 24. 4 |
| 25. 1 | 26. 2 | 27. 3 |
| 28. 1 | 29. 4 | 30. 3 |
| 31. 4 | 32. 1 | 33. 2 |
| 34. 2 | 35. 4 | 36. 3 |
| 37. 3 | 38. 4 | 39. 1 |
| 40. 2 | 41. 2 | 42. 2 |
| 43. 2 | 44. 4 | 45. 1 |
| 46. 3 | 47. 2 | 48. 2 |
| 49. 4 | 50. 4 | |

© JCERT not to be republished

# JAC बोर्ड स्पेशल परीक्षा प्रश्नोत्तर – 2023

## हिन्दी / HINDI

## (MCQ Type)

### खण्ड - क (अपठित बोध)

**निर्देश:** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:

भारतीय किसान के भविष्य पर ही निर्भर है इसलिए हमें गाँवों में स्वर्ग उतारना होगा और भारतीय किसानों के सूखे होठों पर मुस्कान के फूल खिलाने होंगे। अनाज के दाने उपजाने वाले किसान मानवता के महान सेवक हैं और उनका महत्व समाज के अन्य किसी भी अंग से कहीं अधिक है। जीवन के लिए पोषण और रक्षण दोनों ही समान रूप से आवश्यक है। किसानों से राष्ट्र को पोषण प्राप्त होता है और सैनिकों से रक्षण। यही कारण है कि लाल बहादुर शास्त्री ने नारा दिया- 'जय जवान जय किसान'।

**1. देश का भविष्य किस पर निर्भर है?**
(1) नेताओं पर (2) व्यापारियों पर
(3) सैनिकों पर (4) किसानों पर

**2. किसान किसके महान सेवक हैं?**
(1) गाँव के (2) नागरिकों का
(3) मानवता का (4) खेतों का

**3. जीवन के लिए क्या आवश्यक है?**
(1) परिवार (2) समाज
(3) पोषण एवं रक्षण (4) रुपया

**4. राष्ट्र के पोषक कौन है?**
(1) किसान (2) सैनिक
(3) प्रधानमंत्री (4) रसोइया

**5. 'जय जवान जय किसान' का नारा किसने दिया?**
(1) महात्मा गाँधी
(2) लाल बहादुर शास्त्री
(3) नेताजी सुभाष चंद्र बास
(4) जवाहरलाल नेहरू

**निदेर्श** : निम्नलिखित काव्यांश का ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 6 से 10 तक के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए ।

रेशम जैसी हँसती, खिलती नभ से आई एक किरण
फूल-फूल को मीठी मीठी, खुशियाँ लाई एक किरण
पड़ी ओस की कुछ बूंदें, झिलमिल झिलमिल पत्तों पर
उनमें जाकर दिया जलाकर, ज्यों मुसकाई एक किरण
लाल-लाल थाली सा सूरज, उठकर आया पूरब में
फिर सोने के तारों जैसी, नभ में छाई किरण।

**6. सूरज की किरणें किसके जैसे हँसती, खिलती आई ?**
(1) बच्चे जैसे (2) रेशम जैसे
(4) इनमें से सभी (3) फूलों जैसे

**7. किरण फूलों के लिए क्या लेकर आई ?**
(1) सुंदरता (2) सुगंध
(3) विभिन्न रंग (4) मीठी-मीठी खुशियाँ

**8. ओस की बूँदों ने पत्तों पर क्या किया ?**
(1) उन्हें चमका दिया
(2) उन पर एक दिया-सा जला दिया
(3) उन्हें नहला दिया
(4) उन्हें साफ कर दिया

**9. सूरज की विशेषता है**
(1) वह गोल है
(2) वह गोल और लाल है
(3) वह लाल-लाल थाली जैसा है।
(4) वह लाल गेंद जैसा है

**10. 'नभ' का पर्यायवाची शब्द है**
(1) आकाश (2) सूरज
(3) चाँद (4) तारा

**निर्देशः** प्रश्न - संख्या 11 से 20 तक के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:

**11. 'मातृ' का तद्भव रूप है।**
(1) मामा (2) माता
(3) भ्रातृ (4) माला

**12. 'सज्जन' शब्द का संधि-विच्छेद है।**
(1) स + जन (2) सत + जन
(3) सत् + जन (4) स + तजुन

**13. 'ज्ञात' का विलोम है**
(1) ज्ञाता (2) ज्ञानी
(3) रात्रि (4) अज्ञात

**14. 'प्राचीन' का पर्यायवाची शब्द है।**
(1) पुराना (2) प्रथम
(3) नवीन (4) प्रर्थाना

**15. 'अभिनव' शब्द में उपसर्ग है।**
(1) अ (2) अभि
(3) अवि (4) नव

© JCERT not to be republished

16. 'इक' प्रत्यय से बना शब्द है
(1) पढ़ाई (2) सपेरा
(3) डिबिया (4) भौगोलिक

17. 'राजकुमार' में कौन-सा समास है?
(1) अव्ययीभाव (2) तत्पुरूष
(3) ताजा (4) बहुव्रीहि

18. 'यह ताजा फल है।' इस वाक्य में विशेषण है
(1) यह (2) फल
(3) ताजा (4) है

19. इधर तुम्हारी माँ अमरूद...............पेड़ काटने को कहती है। (कारक चिह्न से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)
(1) ने (2) से
(3) में (4) का

20. 'जिगर के टुकड़े-टुकड़े होना' मुहावरे का सही अर्थ है
(1) बहुत खुश होना (2) बहुत दुःख होना
(3) सामान टूट जाना (4) परेशान होना

## खण्ड - ग (पाठ्यपुस्तक)

**निदेर्श :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 21 से 25 तक के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।

उसके मुँह पर तिरस्कार की हँसी फूट पड़ी। उसने कहा- "तमाशा देखने नहीं दिखाने निकला हूँ। कुछ पैसे ले जाऊँगा, तो माँ को पथ्य दूँगा। मुझे शरबत न पिलाकर आपने मेरा खेल देखकर मुझे कुछ दे दिया होता, तो मुझे अधिक प्रसन्नता होती ।"

मैं आश्चर्य से उस तेरह चौदह वर्ष के लड़के को देखने लगा। "हाँ बाबूजी मैं सच कहता हूँ। माँ जी बीमार है, इसलिए मैं नहीं गया।" कहाँ? "जेल में जब कुछ लोग खेल-तमाशा देखते ही हैं, तो मैं क्यो न तमाशा दिखाकर माँ के सेवा करूँ और अपना पेट भरूँ?"

21. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?
(1) गुरु-शिष्य (2) छोटा जादूगर
(3) मित्रता (4) अमरूद का पेड़

22. कौन पैसा कमाना चाहता है?
(1) लेखक (2) लेखक की पत्नी
(3) छोटा जादूगर (4) खिलौनेवाला

23. लेखक ने लड़के की मदद कैसे की ?
(1) शरबत पिलाकर (2) मेला घूमाकर
(3) खाना खिलाकर (4) इनमें से सभी

24. लड़का कितने वर्ष का था?
(1) दस-बारह (2) ग्यारह - बारह
(3) बारह-तेरह (4) तरह चौदह

25. लड़का पैसा कमाकर क्या करना चाहता है?
(1) घूमना चाहता है
(2) मिठाई खाना चाहता है
(3) माँ की सेवा करना चाहता है
(4) नये कपड़े खरीदना चाहता है।

26. विश्वासपात्र मित्र जीवन में किसके समान है?
(1) पिता (2) गुरु
(3) औषध (4) चक्की

27. बड़े भाई साहब लेखक से कितने साल बड़े थे?
(1) पाँच (2) दो
(3) एक (4) सात

28. सम्राट अशोक किस पर विजय पाना चाहते थे?
(1) मगध (2) अवध
(3) कलिंग (4) बक्सर

29. सम्राट अशोक ने किस धर्म को अपना लिया?
(1) जैन (2) बौद्ध
(3) सनातन (4) इनमें से कोई नहीं

30. लेखक की माँ किसे अपशकुन मानती थी?
(1) आम का पेड़ (2) अमरूद का पेड़
(3) नीम का पेड़ (4) कटहल का पेड़

31. 'मरांग गोमके' किन्हें कहा गया है?
(1) जयपाल सिंह मुंडा (2) बिरसा मुंडा
(3) बाबू रामनारायण सिंह (4) तिलका मांझी

32. 'बस की यात्रा' पाठ में लेखक ने किसकी तरफ श्रद्धाभाव से देखा?
(1) यात्री (2) ड्राइवर
(3) कंपनी के हिस्सेदार (4) इंजन

33. हुंडरू जल-प्रपात की ऊँचाई कितनी है ?
(1) 200 फुट (2) 300 फुट
(3) 243 फुट (4) 322 फुट

34. 'गुरू-शिष्य' पाठ में किस विश्वविद्यालय का वर्णन किया गया है?
(1) काशी विश्वविद्यालय
(2) द्रविड़ विश्वविद्यालय
(3) राजीव गांधी विश्वविद्यालय
(4) नालंदा विश्वविद्यालय

35. किस पाठ में दिव्यांग महिला के धैर्य, दृढ़ इच्छाशक्ति एवं सफलता के बारे में बताया गया है?
(1) बड़े भाई साहब (2) अपराजिता
(3) मित्रता (4) बस की यात्रा

**निर्देशः** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 36 से 40 तक के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:

गाँव के पूरब
बाँसों की झुरमुट के बीच
बनी है एक कुटिया

© JCERT not to be republished

उसमें रहती है एक बुढ़िया ।
वह विधवा है
निपूती है
जवानी में मर गए थे उसके पति
तब गोद का एक बालक मरा था।
रह गई वह अकेली
कोई नहीं उसकी सहेली
कोई नहीं उसकी सहेली
वह थी एक मजदूर की औरत
करने लगी मजदूरी
यह भी उसकी मजबुरी।

**36. उपर्युक्त काव्यांश किस कविता से ली गई है?**
(1) पुष्प की अभिलाषा
(2) पथ की पहचान
(3) डायनः एक अंधविश्वास
(4) पेखा घाघ के कबूतर

**37. बूढ़ी औरत की कुटिया गाँव के किस ओर थी?**
(1) पूरब (2) पश्चिम
(3) उत्तर बूढ़ी (4) दक्षिण

**38. बूढ़ी औरत मजदूरी में क्या काम करने लगी थी?**
(1) घरेलू काम (2) खेती
(3) मजदूरी (4) सिलाई

**39. उपर्युक्त कविता में समाज की किस बुराई को सामने लाया गया है?**
(1) रिश्वतखोरी (2) अंधविश्वास
(3) दहेज-प्रथा (4) बाल विवाह

**40. 'विधवा' का विलोम शब्द है**
(1) सधवा (2) विदुर
(3) विरोध (4) विधाता

**41. पुष्प की अभिलाषा शीर्षक कविता के कवि का नाम है**
(1) माखनलाल चतुर्वेदी (2) जयशंकर प्रसाद
(3) निर्मला पुतुल (4) तुलसीदास

**42. पुष्प की क्या अभिलाषा नहीं है?**
(1) हार में गूँथा जाना
(2) किसी के शवों पर चढ़ाया जाना
(3) देवताओं पर चढ़ाया जाना
(4) इनमें से सभी

**43. 'पथ की पहचान' कविता में चलने से पहले किसकी पहचान कर लेने की बात कही**
(1) पथ (2) पथिक
(3) रुपया (4) दिशा

**44. कविता के अनुसार अनगिनत राही इस पथ पर क्या छोड़ गए हैं?**
(1) पदचिहन (2) अनुभव
(3) पुस्तक (4) विश्वास

**45. राम का भारत को संदेश' शीर्षक कविता के कवि का नाम है।**
(1) जयशंकर प्रसाद (2) निर्मला पुतुल
(3) तुलसीदास (4) महादेवी वर्मा

**46. राम ने भरत को क्या भेंट किया?**
(1) मुकुट (2) सिंहासन
(3) धनुष-बाण (4) खड़ाऊँ

**47. निर्मला पुतुल द्वारा रचित कविता का नाम है**
(1) पुष्प की अभिलाषा (2) डायन
(3) बूढ़ी पृथ्वी का दुःख (4) पथ की पहचान

**48. पहाड़ का सीना क्यों दहलता है?**
(1) झरनों के निकलने से
(2) नदियों के निकलने से
(3) डायनामाइट के विस्फोट से
(4) हवाओं से

**49. बूढ़ी पृथ्वी का दुःख' शीर्षक कविता में बूढ़ी पृथ्वी को किस बात का दुःख है?**
(1) प्रकृति के दोहन का
(2) प्रकृति के प्रदूषण का
(3) मनुष्य के अमानवीय व्यवहार का
(4) इनमें से सभी

**50. तुलसीदास के अनुसार मुखिया को किसके समान होना चाहिए?**
(1) नेत्र (2) मुख
(3) उदर (4) मस्तक

## वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तरः-

| | | |
|---|---|---|
| 1. 4 | 2. 3 | 3. 3 |
| 4. 1 | 5. 2 | 6. 2 |
| 7. 4 | 8. 2 | 9. 3 |
| 10. 1 | 11. 2 | 12 3 |
| 13. 4 | 14. 1 | 15. 2 |
| 16. 4 | 17. 2 | 18. 3 |
| 19. 4 | 20. 2 | 21. 2 |
| 22. 3 | 23. 4 | 24. 4 |
| 25. 3 | 26. 3 | 27. 1 |
| 28. 3 | 29. 2 | 30. 2 |
| 31. 1 | 32. 3 | 33. 4 |
| 34. 1 | 35. 2 | 36. 3 |
| 37. 1 | 38. 3 | 39. 2 |
| 40. 1 | 41. 1 | 42. 4 |
| 43. 1 | 44. 1 | 45. 3 |
| 46. 4 | 47. 3 | 48. 3 |
| 49. 4 | 50. 2 | |

© JCERT not to be republished

© JCERT not to be republished

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची

Jharkhand Council of Educational Research and Training, Ranchi